

दैनिक
# विनय उजाला

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एकसाथ प्रकाशित

मूल्य ₹ 2.00

RNI. Reg. MPHIN/2019/78560

अलीराजपुर
मंगलवार, 01 अप्रैल 2025
चैत्र शुक्ल पक्ष – 03
वर्ष : 06 | अंक : 121
कुल पृष्ठ : 12


अश्विनी ने डेब्यू मैच में रचा इतिहास... 11

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की घोषणा पर हुआ अमल

# आज से 13 शहरी और 6 ग्रामीण क्षेत्रों में शराब दुकानें होंगी बंद

## उज्जैन के काल भैरव मंदिर की दुकान पर भी लगेगा ताला

विनय उजाला

**अलीराजपुर, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश के 19 धार्मिक नगरों एवं ग्राम पंचायतों में की गई शराब बंदी की घोषणा पर एक अप्रैल 2025 से अमल शुरू हो जायेगा। मुख्यमंत्री की इस घोषणा को 24 जनवरी 2025 को लोकमाता अहिल्याबाई की नगरी महेश्वर में हुई केबिनेट ने मंजूरी दी थी।**

मध्य प्रदेश में 1अप्रैल से नई आबकारी नीति-2025 लागू हो जाएगी। इस नीति के तहत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार ने 19 धार्मिक क्षेत्रों में शराब दुकाने बंद करने का निर्णय लिया है, जिसके अनुसार 31 मार्च की आधी रात से इन क्षेत्रों की 47 दुकाने बंद कर दी जाएंगी। यहां पर बार और शराब बैठा कर पीलाने की व्यवस्था भी बंद होगी। इन इलाकों में शराब और वाइन आउटलेट्स के लिए नए लाइसेंस जारी नहीं किए जाएंगे और न ही इनका संचालन की अनुमति होगी।

प्रदेश के 19 पवित्र क्षेत्रों में पूरी तरह से शराब की ब्रिकी नहीं करने का निर्णय लिया गया है, जिनमें राज्य के 13 शहरी और 6 ग्रामीण क्षेत्र शामिल हैं। इनमें उज्जैन नगर निगम भी शामिल है, जहां काल भैरव मंदिर में प्राचीन समय से बाबा के दर्शन में मदिरा का भोग लगाने की परंपरा है। मंदिर परिसर की दुकान भी बंद होगी। अब भक्तों को बाहर से शराब लोकर भोग लगाना होगा।



### यहां बंद होगी शराब दुकानें

उज्जैन नगर निगम, ओंकारेश्वर नगर पंचायत, महेश्वर नगर पंचायत, मंडलेश्वर नगर पंचायत, ओरछा नगर पंचायत, मैहर नगर पालिका, चित्रकूट नगर पंचायत, दतिया नगर पालिका, पन्ना नगर पालिका, मंडला नगर पालिका, मुलताई नगर पालिका, मंदसौर नगर पालिका, अमरकंटक नगर पंचायत, सलकनपुर ग्राम पंचायत, बरमान कला ग्राम पंचायत, लिंगा ग्राम पंचायत, बरमान खुर्द ग्राम पंचायत, कुंडलपुर ग्राम पंचायत और बांदकपुर ग्राम पंचायत शामिल हैं।

### उज्जैन भैरव मंदिर स्थित दुकान भी बंद होगी

मध्य प्रदेश आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश की 19 धार्मिक क्षेत्रों की 47दुकानें 1 अप्रैल से बंद हो जाएगी। इसके साथ ही इन क्षेत्रों में संचालित बार भी बंद होंगे। उज्जैन के भैरव मंदिर परिसर में भी शराब की दुकान है, वह भी बंद होगी।

### नशामुक्ति की दिशा में ऐतिहासिक कदम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा नशामुक्ति की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया गया। यह कदम जन-आस्था और धार्मिक दृष्टि से श्रृद्धा के 19 नगरीय क्षेत्र एवं ग्राम पंचायतों में प्रभावशाली होगा। जिन धार्मिक स्थान पर शराब बंदी का निर्णय लिया उसमें एक नगर निगम, 6 नगर पालिका, 6 नगर परिषद और 6 ग्राम पंचायतें हैं। जिन प्रमुख पवित्र नगरों में शराबबंदी लागू की जा रही है उनमें बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन, प्रदेश की जीवन रेखा मानी जाने वाली नर्मदा नदी का उद्गम अमरकंटक, महेश्वर, ओरछा रामराजा मंदिर क्षेत्र, ओंकारेश्वर, मंडला में सतधारा क्षेत्र, मुलताई में ताप्ती उद्गम क्षेत्र, पीतांबरा देवीपीठ दतिया, जबलपुर भेड़ाघाट क्षेत्र, चित्रकूट, मैहर, सलकनपुर, सांची, मंडलेश्वर, वान्द्रावान, खजुराहो, नलखेड़ा, पशुपतिनाथ मंदिर क्षेत्र मंदसौर, बरमान घाट और पन्ना शामिल हैं। एक अप्रैल 2025 से इन सभी क्षेत्र में पूर्ण शराब बंदी रहेगी।

# लोकमाता अहिल्यादेवी ने राष्ट्र को एकात्मता के सूत्र में पिरोया : सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर

रायपुर, (हि.स.)

**लोकमाता अहिल्यादेवी होल्कर त्रिशताब्दी जयंती समारोह आयोजन समिति छत्तीसगढ़ प्रांत द्वारा सोमवार को रायपुर स्थित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में व्याख्यान आयोजित किया गया।**

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर ने कहा कि हमारे देश ने समय-समय पर कई प्रतिकूलताओं का सामना करते हुए भी कई गौरवशाली कीर्तिमान स्थापित किए हैं। यह इस पवित्र भूमि में जन्म लेने वाली महान विभूतियों, संत व समाज सुधारकों के कृतित्व का परिणाम है। लोकमाता अहिल्यादेवी राष्ट्र की ऐसी ही एक प्रेरणापुंज हैं, जिनसे वर्तमान एवं भावी पीढ़ी को प्रेरणा प्राप्त करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के चरित्र को पढ़ने व स्मरण करने से राष्ट्र जीवन को दिशा मिलती है।

रामदत्त चक्रधर ने पुण्यश्लोका अहिल्यादेवी के जीवन चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि वह एक सामान्य परिवार से थीं। उनके जीवन में तीन गुण ऐसे थे, जो उन्हें महान वीरांगना बनाते हैं। इनमें पहला गुण अभयम अर्थात साहस है। उनका राज्य बहुत विस्तृत था, कई बार उन्हें विद्रोह का सामना करना पड़ा, लेकिन लोकमाता ने अपनी अद्भुत सैन्य क्षमता से उसका स्थायी समाधान किया। उन्होंने संपूर्ण भारत को एकात्मता के सूत्र में बांधने का कार्य किया।

सह सरकार्यवाह रामदत्त ने इस अवसर पर कहा कि लोकमाता के जीवन का दूसरा गुण कुशल प्रशासक का था। उनके परिवार में दुर्घटनाओं की लंबी श्रृंखला हुई, लेकिन इसके बाद भी उन्होंने प्रशासनिक कौशल में कहीं उदासीनता नहीं दिखाई। नासिक में एक निर्माण कार्य के दौरान आर्थिक अनियमितता की शिकायत उन तक पहुंची तो उन्होंने तत्काल संबंधित अधिकारी को उसके पद से हटा दिया। इसी प्रकार पंढ़रपुर में एक अन्य निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांचने के लिए उन्होंने हाथियों को निर्माण कार्य के ऊपर चलवाया। लोकमाता के राज्य में निर्धन व्यक्ति को कोई भी धनवान व्यक्ति प्रताड़ित नहीं कर सकता था। वह कहतीं थी कि जनता और शासन के बीच मां और संतान का संबंध होता है।

रामदत्त चक्रधर ने अपने वक्तव्य में कहा कि लोकमाता ने महेश्वर में स्वदेशी उद्योग लगवाए। उनके जीवन चरित्र का एक गुण उनकी आध्यात्मिकता है। हम सब उनके चित्र को देखें तो उनके हाथ में शिवलिंग है। उन्होंने देशभर में मंदिरों का निर्माण व जीर्णोद्धार करवाया। काशी, बद्रीनाथ, केदारनाथ, गया समेत अनेक स्थानों पर उन्होंने मंदिर बनवाए। पंढ़रपुर यात्रियों के लिए वह भोजन व्यवस्था करवाती थीं। न्याय के लिए तो वह प्रसिद्ध हैं ही, वह हमेशा सनातन मूल्यों को जीती थीं। अपने उद्बोधन में रामदत्त चक्रधर ने कहा कि भारत का यह स्वर्णिम कालखंड है।

इस पीढ़ी को अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, 370 धारा के समाप्त होने समेत ऐसे अनेक गौरवशाली क्षण देखने को मिल रहे हैं, जिसके लिए हमारी पिछली पीढ़ियों ने संघर्ष किया। यह वर्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष भी है। इस स्वर्णिम कालखंड में हम लोकमाता देवी अहिल्यादेवी के जीवन चरित्र को आत्मसात करें।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक टोपलाल वर्मा ने कहा कि त्रिशताब्दी वर्ष के निमित्त छत्तीसगढ़ प्रांत में 1157 शिक्षण संस्थानों में व्याख्यानमाला, निबंध प्रतियोगिता, रंगोली निर्माण समेत अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें बड़ी संख्या में युवाओं व प्रबुद्धजनों की भागीदारी रही। त्रिशताब्दी जयंती समारोह आयोजन समिति के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व कुलपति नरेंद्र प्रसाद दीक्षित ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

# यूसीसी कानून धर्म या पंथ के खिलाफ नहीं : पुष्कर सिंह धामी

बरेली, (हि.स.)

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यूनिफार्म सिविल कोड (यूसीसी) समाज में समानता और न्याय सुनिश्चित करने का संवैधानिक उपाय है, जिससे महिलाओं को संपत्ति और उत्तराधिकार में समान अधिकार मिलेंगे। यह कानून किसी धर्म या पंथ के खिलाफ नहीं है, बल्कि कुप्रथाओं को समाप्त कर समरसता स्थापित करने का प्रयास है। वह सोमवार को उत्तराखंड में यूसीसी लागू करने को लेकर बरेली के इन्वर्टिस विश्वविद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान धामी का सम्मान किया गया।

उन्होंने यूसीसी में लिव-इन रिलेशनशिप के पंजीकरण को लेकर फैलाई जा रही भ्रांतियों को खारिज करते हुए कहा कि यह प्रावधान महिलाओं और उनके बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए है। उत्तराखंड से शुरू हुई यह पहल अन्य राज्यों को भी प्रेरित करेगी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लिए गए ऐतिहासिक फैसलों-अनुच्छेद 370 की समाप्ति, तीन तलाक का उन्मूलन, नागरिकता संशोधन कानून और अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण का उल्लेख करते हुए कहा कि इन्हीं से प्रेरणा लेकर उत्तराखंड में यूसीसी लागू किया गया है।




## संक्षिप्त समाचार

### दर्जी समाज कि देश में समंवयक भूमिका किस प्रकार हो इस विषय पर चर्चा की



**भोपाल ( विनय उजाला )।** अखिल भारतीय नामदेव क्षत्रिय परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री भास्कर टॉम्पे अमरावती शिंपी समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता अखिल भारतीय सर्व दर्जी महासभा के प्रदेश संयोजक अनंत जांगजोड़ प्रवीण खोड़े अमरावती अखिल भारतीय सर्व दर्जी महासभा के राष्ट्रीय संयोजक अनिल माहेश्वरी एवं राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य सुरेश परमार भोपाल प्रवास पर दामोदरवंशीय जूना गुजराती दर्जी समाज भोपाल के अध्यक्ष हरिश गेहलोत के निवास पर सौजन्य मुलाकात कर आगामी समय में दर्जी समाज कि देश में समंवयक भूमिका किस प्रकार हो इस विषय पर चर्चा की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष हरिश गेहलोत, रमेशचंद्र सोलंकी, आर डी जायसवाल, महेश नायक, जे पी गोयल आदि शामिल थे।

### सम्पदा 1.0 सॉफ्टवेयर की क्रेडिट लिमिट लेप्स नहीं होगी

**इन्दौर, नप्र।** राज्य शासन के महानिरीक्षक पंजीयन के निर्देशानुसार स्पष्ट किया गया है कि सम्पदा 1.0 में ई-पंजीयन सेवा प्रदाताओं के खाते में दिनांक 31 मार्च 2025 को शेष बची हुई क्रेडिट लिमिट के उपयोग की बाद में व्यवस्था रहेगी। शेष बची हुई क्रेडिट लिमिट दिनांक 31 मार्च 2025 के बाद लेप्स नहीं होगी। क्रेडिट लिमिट के लेप्स होने की कोई रिस्क नहीं है। सभी सेवा प्रदाता एवं स्टांप वेंडर से आग्रह किया गया है कि आवश्यकतानुसार क्रेडिट लिमिट बनवाए।

# इंदौर में पहली बार रिकॉर्डतोड़ टैक्स कलेक्शन, 1,000 करोड़ का आंकड़ा पार

## महापौर की अपील और अधिकारियों की कर्मठता से ऐतिहासिक उपलब्धि



विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** इंदौर नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए 1,000 करोड़ रुपये से अधिक का टैक्स कलेक्शन किया है। यह पहली बार है जब नगर निगम ने चार अंकों का आंकड़ा पार किया, जिससे शहर के आर्थिक प्रबंधन की मजबूती का प्रमाण मिलता है।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव के नेतृत्व और नागरिकों की भागीदारी से यह संभव हो पाया। महापौर की अपील और निगम अधिकारियों की सक्रियता के चलते जलकर, संपत्ति कर सहित अन्य करों के रूप में यह ऐतिहासिक संग्रह हुआ।

**पिछले वर्षों के तुलनात्मक आंकड़े :** 2023-24: रु. 785 करोड़, 2024-25: रु.1,000+ करोड़ (रिकॉर्ड)।

**टैक्स कलेक्शन में आई तेजी :** वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन निगम कार्यालयों में देर रात तक कैश काउंटर खुले रहे। शाम 7 बजे तक 980 करोड़ रुपये जमा हो चुके थे और रात 12 बजे तक 1,000 करोड़ का लक्ष्य पार कर लिया गया। यह निगम प्रशासन की सख्ती और जनता की जागरूकता का संयुक्त परिणाम है।

**शहर विकास को मिलेगा बढ़ावा :** नगर निगम इस राशि का उपयोग बुनियादी सुविधाओं के विकास में करेगा। महापौर ने आश्वासन दिया कि यह प्रयास भविष्य में भी जारी रहेंगे.

### प्रमुख प्रयास एवं रणनीतियाँः

1. समीक्षा बैठकें एवं निगरानी : महापौर एवं आयुक्त, राजस्व प्रभारी द्वारा नियमित रूप से राजस्व वसूली की समीक्षा बैठकें आयोजित की गईं, जिससे अभियान को निरंतर गति मिली।
2. करदाताओं के लिए प्रोत्साहन योजनाएँ : अग्रिम कर भुगतान करने वालों को आकर्षक इनाम, छूट एवं अन्य लाभ प्रदान किए गए, जिससे नागरिकों ने समय पर कर भुगतान के लिए प्रोत्साहित महसूस किया।
3. सार्वजनिक जागरूकता अभियान : करदाताओं को समय पर भुगतान के लिए प्रेरित करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया।
4. डिजिटल एवं कैशलेस भुगतान को बढ़ावा : कर संग्रहण को सुगम बनाने के लिए डिजिटल भुगतान एवं ऑनलाइन सेवाओं को प्रोत्साहित किया गया।



### महापौर भार्गव ने जताया आभार

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा, यह उपलब्धि इंदौर की जागरूक जनता, निगम प्रशासन की सतर्कता और पारदर्शी व्यवस्था का परिणाम है। पहली बार हमारा टैक्स संग्रह 1,000 करोड़ रुपये से अधिक हुआ है। मैं सभी नागरिकों का आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने समय पर टैक्स जमा कर नगर निगम को आर्थिक रूप से और मजबूत किया। यह धनराशि शहर के विकास कार्यों को गति देगी।

### कलेक्टर के निर्देश पर आरटीओ के अमले ने की वाहनों पर कार्यवाही

**इन्दौर, नप्र।** कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश पर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर द्वारा लोक परिवहन वाहनों, बसों, स्कूल वाहनों सहित अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। आरटीओ के अमले द्वारा आज इंदौर- पीथमपुर इंडोरामा रूट की बसों की सघन चेकिंग की गई। दस्तावेज नहीं होने, क्षमता से अधिक सवारी पाए जाने, परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाली बसों के साथ ही, स्कूल वाहनों में विभिन्न कमियां पाए जाने पर 16 से अधिक वाहनों पर जुर्माना लगाया गया। साथ ही बिना फिटनेस के संचालित एक यात्री बस, एक ट्रक को जब्त किया। इस दौरान वाहनों से 7 लाख 50 हजार रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया। मोके पर ही 08 वाहनों से दो लाख से अधिक का मोटरयान कर भरवाया गया। अभियान के तहत वाहनों के फ़िटनेस, परमिट, बीमा, पीयूसी, कर प्रमाण पत्र भी चेक किये जा रहे है।

### छोटा बेटमा में खेत में अज्ञात लाश मिली बेटमा पुलिस जांच में जुटी

**बेटमा।** छोटा बेटमा के खेत में अज्ञात लाश मिलने पर गांव में फेली सनसनी बेटमा पुलिस जांच में जुटी। फरियादी मनोज पटेल ने बेटमा थाने आकर रिपोर्ट किया की में ग्राम बिजेपुर में रहता हूँ तथा खेती करता है, आज दिनांक 29.03.25 को शाम करीब 7-8 बजे मुझे गांव के मजदुरो ने बताया कि इन्दौर धार रोड चौहान साहब के खेत के पास रोड किनारे ग्राम छोटा बेटमा में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है। वही 4-5 दिन पुरानी लाश लग रही है तो मैं तथा मुकेश पटेल व भारत ठेकेदार चौहान साहब के खेत के पास पहुंचे जहाँ हमने देखा कि चौहान साहब के खेत के पास रोड किनारे एक व्यक्ति उम्र करीब 40-45 साल का शव पड़ा है। जो करीब 4-5 दिन पुरानी लाश लग रही है जिसके शरीर से काफी दुर्गन्ध आ रहीं थी मुहँ से किडे निकलते दिख रहे है जो शरीर पर क्रिम कलर का शर्ट व सफेद काली नीली टीशर्ट व ग्रे रंग की जर्किन पहने है व कमर में पेन्ट के उपर नाडे बंधे है।

## डॉ. किसलय पंचोली का कहानी संग्रह गेट से बाहर फ्रायड विमोचित

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र। वामा साहित्य मंच के तत्वावधान में वरिष्ठ लेखिका डॉ.किसलय पंचोली के कथा संग्रह गेट से बाहर फ्रायड का विमोचन गुड़ीपड़वा की शुभ तिथि पर हुआ। स्वागत उद्बोधन में अध्यक्ष ज्योति जैन ने वामा साहित्य मंच का संक्षिप्त परिचय देते हुए कहा कि सदस्याओं के मौलिक सृजन की गुणवत्ता नित नए आयाम छू रही है।**

इस अवसर पर बोलते हुए ख्यात साहित्यकार मधु कांकरिया ने कहा कि कहानीकार में विद्रोह का स्वर बदलाव लाता है। वह अपने सरोकारों और संवेदनाओं का विस्तार किए बिना ऊंचाई प्राप्त नहीं कर सकता। डॉ.किसलय की कहानियों में मध्यमवर्गीय दर्द, असुरक्षा, स्त्री विमर्श, जीवन की छोटी-छोटी सच्चाईयां मौजूद हैं।



इस अवसर पर बोलते हुए सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी एवं वक्ता अनुराधा शंकर ने कहा कि डॉ.किसलय पंचोली ने बहुत ही अनछुए विषय चुनें हैं। उन्होंने अपनी सूक्ष्मदर्शिता से शिल्प के बड़े विधान खड़े किये बिना भी लेखन को उत्कृष्टता प्रदान की है।

मनोवैज्ञानिक एवं लेखक डॉ.संदीप अत्रे ने कहा कि लेखिका में लेखन की बहुत सारी खूबियां मौजूद हैं। वे अपनी बात को बड़ी शालीनता से कहतीं भी हैं और छुपाती भी हैं। उनकी कहानियों में प्रकृति एक किरदार की तरह विद्यमान है।

अपनी रचना प्रक्रिया के बारे में बात करते हुए डॉ.किसलय ने कहा कि कहानी वह टूल है जिससे मानसिकता परिष्कृत हो सकती है। मेरा मानना है कि वैयक्तिक स्वायत्तता के साथ परिवार, विकास के साथ पर्यावरण और धर्म के साथ मानवता को बचाए रखने के में कोई विधा बेहद सम्प्रेषणीय हो सकती है तो वह है कहानी लेखन। कहानी लिखना मुझे अच्छा लगता है जो मन के तनाव को भी कम करता है।

कार्यक्रम का सुंदर संचालन स्मृति आदित्य ने किया। अतिथियों का स्वागत व स्मृति चिन्ह डॉ. गरिमा दुबे, डॉ. अपूर्व पौराणिक, सात्विका, कविता अर्गल, गीता व्यास, कोमल रामचंदानी, निधी जैन, विभा व्यास, कुमार कक्कड़ ने भेंट किए। आभार किंजल्क पंचोली ने व्यक्त किया।

## सुप्रसिद्ध साहित्यकार दिनेश तिवारी उपवन गौतम सम्मान से विभूषित

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** कवि/ लेखक, आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के मंच संचालक दिनेश तिवारी उपवन को नववर्ष गुड़ी पड़वा के अवसर पर उनके साहित्यिक अवदान के लिए इंदौर के चाणक्य पूरी चौराहे के महर्षि गौतम उद्यान में इंदौर के गुर्जर गौड़ ब्राह्मण सांस्कृतिक संगठन न्यास द्वारा गौतम सम्मान की उपाधि से विभूषित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंदौर प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री अरविंद तिवारी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष श्री वीरेंद्र व्यास ने की। विशेष अतिथि के रूप में डॉक्टर गौरी शंकर व्यास और डॉक्टर निधि व्यास और कार्यक्रम संयोजिका रंगीमा जोशी विशेष रूप से मंचासीन थे।



अतिथियों ने श्री तिवारी का शाल, श्री फल, मोतियों की माला और मालवी केसरिया पगड़ी पहनाकर भावभीना स्वागत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। स्मरण रहे श्री तिवारी का पूर्व में भी अनेक संस्थाओं ने प्रादेशिक स्तर पर सम्मान किया है। इस पुनीत अवसर पर समाज के वरिष्ठ समाजसेवी श्री पुरुषोत्तम शर्मा, श्री विवेक व्यास, श्री कमल तिवारी, सृष्टि तिवारी आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

इस पुनीत अवसर पर इंदौर के प्रकृति प्रेमी श्री राजेश मकवाने ने श्री तिवारी के सम्मान के अवसर पर समाज को दो फलदार पौधे भी भेंट किए।

### कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई के साथ होगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**इन्दौर, नप्र।** कलेक्टर कार्यालय में आज एक अप्रैल मंगलवार को जन सुनवाई के साथ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी होगा। जनसुनवाई में आने वाले आवेदकों और अन्य नागरिकों का अत्याधुनिक मशीन के माध्यम से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा।


## कार्यालय नगर परिषद छनेरा (नया हरसूद) जिला खंडवा (म.प्र.)

क्रमांक/राजस्व/बाजार ठेका/2025/501 — छनेरा ( नया हरसूद ) दिनांक : 28/03/2025

### :: अंतिम नीलामी सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद छनेरा (नया हरसूद) सीमा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए दैनिक एवं साप्ताहिक बाजार फीस वसूली, पशु पंजीयन एवं मृत मवेशियों के निपटान हेतु ठेका नीलामी दिनांक 03/04/2025 को दोपहर 2.00 बजे से कार्यालय के सभाकक्ष में रखी गई है। नीलामी की शर्ते कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद छनेरा ( नया हरसूद )


## विशाल मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया



विनय उजाला

**इंदौर।** राज्यसभा सांसद विवेक तंखा एवं रोटरी मिशन के तत्वाधान मुरैना में बहुत विशाल मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने फीता काटकर कैंप का उद्घाटन किया मेडिकल कैंप में बाहर से आमंत्रित डॉक्टरों का सम्मान मध्यप्रदेश शासन एवं रोटरी मिशन राहत द्वारा किया गया। जिला सीईओ एवं एसडीएम के द्वारा डॉ एलिस सराफ का सम्मान स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया, सेंट्रल गवर्नमेंट की स्वास्थ्य अधिकारी जीडीएमओ डॉक्टर एलिस सराफ ने सम्मान प्राप्त करते हुए कहा, डॉक्टर बनना काफी हद तक बहुत ही कठिन काम है जब भी मरीजों को हमारी जरूरत होती है और हम उचित इलाज में उनकी मदद करते हैं जब वह बेहतर महसूस करते हैं तो वह उस आखिरी व्यक्ति के बारे में सोचते हैं जो उनका भगवान है वह डॉक्टर होता है, में रोटरी मिशन को धन्यवाद देना चाहूंगी उन्होंने इतना विशाल कैंप का आयोजन किया।

## उच्च श्रेणी शिक्षिका श्रीमती चंपाकली उईके की सेवा निवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित

विनय उजाला

**इंदौर/देपालपुर, निप्र।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय विजयनगर की उच्च श्रेणी शिक्षिका श्रीमती चंपाकली उईके की सेवानिवृत्ति पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बाल संरक्षण आयोग मध्य प्रदेश शासन की सदस्य राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त श्रीमती सोनम निनामा, विशेष अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य रूपसिंह नागर, शिक्षा विभाग पेड़ी मध्य प्रदेश इंदौर के संचालक सोहनलाल परमार एवं अध्यक्षता संकुल प्राचार्य शबाना शेख ने की। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों का स्वागत विद्यालय परिवार के शिक्षक- शिक्षिकाओं द्वारा किया गया। स्वागत भाषण



एवं अतिथि परिचय प्रधान पाठक विजय यादव ने दिया। अतिथियों गणमान्य नागरिकों एवं विद्यालय परिवार द्वारा श्रीमती चंपाकली उईके का शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं केसरिया दुपट्टा डालकर अभिनंदन किया। सभी अतिथियों द्वारा श्रीमती उईके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों को याद कर उज्जवल भविष्य की कामना की। श्रीमती उईके द्वारा सेवा भारती द्वारा संचालित जीवन उमंग बालिका छात्रावास बिचोली मरदाना की बालिकाओं के भोजन के लिए रु. 2100 की राशि भेंट की। कार्यक्रम में भगवती प्रसाद पंडित, राधेश्याम जामले, विक्रमसिंह मसकोले, श्रीमती अनीता ठाकुर, थानसिंह सुनेर, पूंजालाल निनामा, सूरज सिंह बोडाना, जीवनलाल पटेल, अशोक कुमार वर्मा, राजकुमार पटेल, दीपक धनोडकर, विद्यालय का समस्त स्टाफ उईके मैडम का परिवार के किशनसिंह उईके, बहन रानू सहित संकुल के अनेक शिक्षक, शिक्षिकाए उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन मदन मंडलोई एवं आभार श्रीमती गरिमा व्यास ने माना।


## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला धार (म.प्र.)

फोन - 07292-234702, E-mail : modgmdha@mp.gov.in

पत्र क्रमांक/882/खनिज/2024-25 — धार, दिनांक : 25/03/2025

### म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 18(1-क) के तहत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए प्रथम सूचना

यह सूचित किया जाता है कि **आवेदिका माया पिता श्री प्रभुलाल जामले निवासी 66 ग्राम आगराखुर्द तहसील एवं जिला देवास ( म.प्र. )** के द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 25/02/2025 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 30/04/2025 तक इस पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धार | धार | मालीवाड़ा | 842 | 2.000 | शासकीय भूमि | मुरम | |
| | | | कुल रकबा | 2.000 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवदेन पत्र में आवेदित पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर (कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है, तो प्रथम आवेदक के पक्षे में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

जिला खनिज अधिकारी
खनिज शाखा
कार्यालय कलेक्टर जिला धार ( म.प्र. )

जी-24975/24 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"


### आईपीएल प्रशंसकों के लिए पश्चिम रेलवे का तोहफा !

# पश्चिम रेलवे द्वारा आईपीएल 2025 से पहले वानखेड़े नॉर्थ फुट ओवर ब्रिज का पुनर्निर्माण

विनय उजाला

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे ने वानखेड़े नॉर्थ फुट ओवर ब्रिज (FOB) का सफलतापूर्वक पुनर्निर्माण कर उसे सार्वजनिक उपयोग के लिए खोल दिया है, जिससे प्रसिद्ध वानखेड़े स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2025 के मैचों से पहले क्रिकेट प्रशंसकों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी और सुविधा सुनिश्चित हो गई है।

मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (MCA) से आवश्यक धनराशि प्राप्त करने के बाद एफओबी का पुनर्निर्माण केवल आठ महीनों में पूरा किया गया।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, नवनिर्मित एफओबी अब दो सीढ़ियों के साथ चालू है - एक पूर्व दिशा में उत्तरमुखी और दूसरी पश्चिम दिशा में उत्तरमुखी । इससे पैदल यात्रियों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित होगी, खासकर आगामी आईपीएल मैचों के दौरान। 6.30 मीटर चौड़ाई के 48 मीटर लंबे एफओबी का पुनर्निर्माण रु. 6.50 करोड़ की लागत से किया गया है। इसके अतिरिक्त, पूर्व और पश्चिम दिशा की दो अन्य सीढ़ियाँ (दक्षिण की ओर) 7 अप्रैल, 2025 तक एमसीए को सौंप दी जाएँगी। सुरक्षा और दृश्यता बढ़ाने के लिए एमसीए द्वारा प्रकाश व्यवस्था और निगरानी कैमरे लगाए गए हैं।



श्री विनीत ने आगे बताया कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), मुंबई द्वारा किए गए संरक्षा ऑडिट के बाद जून 2020 में मूल एफओबी को बंद कर दिया गया था। इस महत्वपूर्ण पैदल यात्री संपर्क को बहाल करने की आवश्यकता को समझते हुए, पश्चिम रेलवे ने इसे पूरा करने के लिए समर्पित प्रयासों के साथ पुनर्निर्माण प्रक्रिया शुरू की। पश्चिम रेलवे समय पर बुनियादी ढांचे में सुधार के माध्यम से यात्री संरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस एफओबी के फिर से खुलने से क्रिकेट प्रेमियों और यात्रियों को समान रूप से लाभ मिलने की उम्मीद है।


## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला धार (म.प्र.)

फोन - 07292-234702, E-mail : modgmdha@mp.gov.in

पत्र क्रमांक/896/खनिज/2024-25 — धार, दिनांक : 25/03/2025

### म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 18(1-क) के तहत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए प्रथम सूचना

यह सूचित किया जाता है कि **आवेदिका माया पिता श्री प्रभुलाल जामले निवासी 66 ग्राम आगराखुर्द तहसील एवं जिला देवास ( म.प्र. )** के द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 25/02/2025 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 30/04/2025 तक इस पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धार | धार | मालीवाड़ा | 842 | 2.000 | शासकीय भूमि | मुरम | |
| | | | कुल रकबा | 2.000 | | | |


1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवदेन पत्र में आवेदित पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर (कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है, तो प्रथम आवेदक के पक्षे में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

जिला खनिज अधिकारी
खनिज शाखा
कार्यालय कलेक्टर जिला धार ( म.प्र. )

जी-24978/24 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

मध्य भारत का तेजी से बढ़ता अखबार...
दैनिक विनय उजाला
न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!
अब नए अंदाज़ और नए तेवर के साथ...

# स्वच्छता में आठवां अजूबा बनेगा इंदौर




इंदौर लगातार सात बार देश में क्लीनेस्ट सिटी बना है। वहीं नगर निगम इंदौर के महापौर और सफाई मित्र आठवीं बार इंदौर को स्वच्छता में नंबर वन बनाने में जुटे हैं। 2016-17 से इंदौर स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल आ रहा है। देशभर को कचरा गाड़ियों का डिजाइन भी इंदौर ने ही दिया।

**इंदौर शहर को इतना साफ बनाना बड़ी चुनौती थी। सबसे पहली चुनौती थी, इधर-उधर कचरा फेंकने की आदत। ये एक तरह से लोगों की आदत या स्वभाव में था। कई सफाई कर्मचारी घर बैठे पगार लेते थे। इन तमाम मुश्किलों को पॉइंटआउट कर डोर टू डोर कचरा कलेक्शन और झाड़ू लगवाने का खाका तैयार किया गया। जिसे अमल में लाया गया।**

## स्वच्छता के नवाचारों को प्राथमिकता...







इसके अलावा स्वच्छता से जुड़े नवाचारों को प्राथमिकता दी। प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, डिजिटल जागरूकता अभियान और सफाई कर्मचारियों का प्रभावी प्रबंधन जैसे पहलुओं को भी शामिल किया गया है।

**इंदौरियों को सफाई अभियान से जोड़ा**
2016 से शुरू हुए स्वच्छता सर्वेक्षण को जीतने के लिए इंदौर ने सबसे पहले वो पांच काम किए, जिसने उसकी तस्वीर बदल दी। फिर उसने पलटकर नहीं देखा।

**इन 6 प्रमुख बिंदुओं पर दिया ध्यान**
इसमें छह प्रमुख बिंदुओं पर ध्यान दिया जाएगा जैसे- वार्ड की स्वच्छता व्यवस्था, नागरिकों की भागीदारी, कचरा प्रबंधन, सेग्रीगेशन तकनीक, जैविक खाद और अपशिष्ट से ऊर्जा उत्पादन।

## एशिया का सबसे बड़ा बायो सीएनजी प्लांट

एशिया का सबसे बड़ा बायो सीएनजी प्लांट देश में सिर्फ इंदौर के पास है। इसे देखने के लिए न सिर्फ देश बल्कि दुनिया के अन्य देशों से भी प्रतिनिधिमंडल आ चुके हैं। नगरीय आवास व विकास मंत्रालय इसे देशभर में लागू करने के निर्देश भी दे चुका है। वेस्ट टू वेल्थ का ये एक अच्छा उदाहरण है।

## प्रदेश का पहला शहर जिसने ट्रीटेड वॉटर बेचा

इंदौर मध्यप्रदेश का पहला शहर है, जिसने ट्रीटेड वॉटर बेचने की शुरुआत की। शहरवासी 311 एप पर कॉल कर ट्रीटेट वॉटर मंगवा कर भवन निर्माण में इसका उपयोग कर सकते हैं। इस तरह निगम के लिए घरों में बाथरूम और किचन से निकलने वाला गंदा पानी भी कमाई का जरिया बन गया है। अभी तक इंदौर के लिए यह दूषित पानी समस्या बनता था, लेकिन निगम ने रिसाइकिल कर पानी को बेचने की शुरुआत की। शहर में मेट्रो प्रोजेक्ट का निर्माण कर रही दो कंपनियों ने रोजाना एक लाख लीटर पानी नगर निगम से खरीदा।

### सरप्राइज विजिट और नवाचारों पर जोर

महापौर भार्गव ने कहा कि इंदौर लगातार 8वीं बार स्वच्छता में नंबर-1 का खिताब जीतने के लिए तैयार है। इस बार सर्वेक्षण को और प्रभावी बनाने के लिए सरप्राइज विजिट के जरिए वार्डों के बीच प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया गया। गोल्डन सिटी अवॉर्ड के तहत आयोजित इस सर्वे में स्वच्छता से जुड़े नवाचारों को लागू करने पर खास जोर रहेगा।

**सिंगल प्लास्टिक मुक्त शहर अभियान चलाया...** इंदौर को सिंगल प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में विशेष अभियान चलाए गए। सिंगल यूज प्लास्टिक को रिसाइकिल करने की जिम्मेदारी उत्पादकों को देने पर इंदौर नगर निगम एक्सटेंडेड प्रोड्यूसर रिस्पांसिबिलिटी (ईपीआर) क्रेडिट पाने वाले देश का पहला नगरीय निकाय बना।

## ई- कचरा संग्राहक वाहनों और ई-बसों की संख्या बढ़ाई

डीजल से चलने वाले डोर-टू-डोर कचरा संग्राहक वाहनों के स्थान पर इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया गया। ई-बसों की संख्या में भी बढ़ोतरी की गई। इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शहर में दो दर्जन से ज्यादा स्थानों पर ई-चार्जिंग स्टेशन बनाए गए।

## सफाई मित्रों के लिए तैयार किया एप

निगम के साढ़े सात हजार से ज्यादा सफाई मित्रों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके इसके लिए मोबाइल एप तैयार किया गया। जोन कार्यालयों में उनकी छोटी-मोटी समस्याओं के समाधान के लिए सिंगल विंडो स्कीम लागू की गई। स्वच्छ सर्वेक्षण में भी इसका लाभ मिला।



## इंदौर में पहली बार टैक्स का आंकड़ा 1,000 करोड़ के पार

### महापौर और अधिकारियों की कर्मठता से ऐतिहासिक उपलब्धि

इंदौर नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए 1,000 करोड़ रुपए से अधिक का टैक्स कलेक्शन किया है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव के नेतृत्व और नागरिकों की भागीदारी से यह संभव हो पाया। महापौर की अपील और निगम अधिकारियों की सक्रियता के चलते जलकर, संपत्ति कर सहित अन्य करों के रुप में यह ऐतिहासिक संग्रह हुआ।

**पिछले वर्षों के तुलनात्मक आंकड़े**

2023-24 = 785 करोड़
2024-25=1,000+ करोड़ (रिकॉर्ड)

### टैक्स कलेक्शन में आई तेजी

वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन निगम कार्यालयों में देर रात तक कैश काउंटर खुले रहे। शाम 7 बजे तक 980 करोड़ रुपये जमा हो चुके थे और रात 12 बजे तक 1,000 करोड़ का लक्ष्य पार कर लिया गया। यह निगम प्रशासन की सख्ती और जनता की जागरुकता का संयुक्त परिणाम है।

### प्रमुख प्रयास और रणनीतियां

**1. समीक्षा बैठकें एवं निगरानी :** महापौर एवं आयुक्त, राजस्व प्रभारी द्वारा नियमित रुप से राजस्व वसूली की समीक्षा बैठकें आयोजित की गईं, जिससे अभियान को निरंतर गति मिली।

**2. करदाताओं के लिए प्रोत्साहन योजनाएं:** अग्रिम कर भुगतान करने वालों को आकर्षक इनाम, छूट एवं अन्य लाभ प्रदान किए गए, जिससे नागरिकों ने समय पर कर भुगतान के लिए प्रोत्साहित महसूस किया।

**3. सार्वजनिक जागरुकता अभियान:** करदाताओं को समय पर भुगतान के लिए प्रेरित करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया।

**4. डिजिटल एवं कैशलेस भुगतान को बढ़ावा:** कर संग्रहण को सुगम बनाने के लिए डिजिटल भुगतान एवं ऑनलाइन सेवाओं को प्रोत्साहित किया गया।



इन्दौर नगर पालिक निगम

आपका मित्र
पुष्यमित्र भार्गव
महापौर
इंदौर नगर पालिक निगम, इंदौर

# सम्पादकीय

## किसानों की बात सुने

शंभ और खनौरी बॉर्डर से किसानों को हटा कर पुलिस ने तेरह महीनों से अवरोधित अमृतसर-अंबाला-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग खुलवा दिया। सीमा पर लगे सीमेंट के ब्लॉक, लोहे की कीलें, कंटीले तारों से लगाए गए ये अवरोधक हटाने में कड़ी मशक्कत की गई। किसानों के टेंट भी हटा दिए गए। पंजाब में अभी भी एक हजार से ज्यादा किसान हिरासत में हैं। सौ से ज्यादा प्रदर्शनकारी किसानों पर केस दर्ज कर उन्हें पटियाला जेल भेजा गया। सरकार की कार्रवाई से नाराज किसानों का पुलिस से टकराव भी हुआ। हालांकि पंजाब सरकार ने किसान नेताओं को बैठक के लिए बुलाया है। ता रहे हैं, बॉर्डर बंद होने का सीधा असर कारोबार पर पड़ रहा था। तेरह महीनों में कारोबारियों को दस हजार करोड़ रुपये का नुकसान होने का अंदाजा है। पिछले काफी समय से व्यापारी और उद्योगपति सरकार पर बॉर्डर खोलने का दबाव बना रहे थे। लुधियाना पश्चिम सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर भी राज्य सरकार पर दबाव था। यहां तमाम औद्योगिक इकाइयों में ताला पड़ने और धंधा पूरी तरह ठप होने से स्थानीय लोगों की आवाजाही पर तो असर है ही, बॉर्डर अवरोधकों के कारण लोगों को लंबी दूरी घूम कर संकरे रास्तों का इस्तेमाल करना पड़ रहा था जिससे आसपास के इलाकों का यातायात प्रभावित हो रहा था। ट्रांसपोर्टरों ने सीमा खुलने पर राहत की सांस ली है क्योंकि किराया बढ़ाने के बावजूद लागत निकालने में उन्हें खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। नाराज किसान इस कार्रवाई को केंद्र की मिलीभगत से हुई कार्रवाई बताते हुए इसे विश्वासघात कह रहे हैं। राज्य में बंदी के चलते सरकार को हर बार नब्बे करोड़ से अधिक के राजस्व से भी हाथ धोना पड़ा। बावजूद इसके तकरीबन चार सौ दिनों तक सीमा पर बसे प्रदर्शनकारी किसानों ने अपनी रोजमर्रा की जरूरतों को लेकर ढाई किमी. तक अस्थाई व्यवस्था कर ली थी जिसमें रिहाइश से लेकर दफ्तर, शौचालय, स्टोर, रसोई और लंगर स्थल सब चल रहे थे। बहरहाल, अभी उनकी कोई रणनीति सामने नहीं आई है परंतु उनका रोष और हताशा समझी जा सकती है। वे कह रहे हैं कि उनका आंदोलन समाप्त नहीं हुआ है। सरकार को ऐसा कड़ा कदम उठाने से पहले उन्हें चेतावनी जरूर देनी चाहिए थी। विरोध या प्रदर्शन करना जनता का अधिकार है। सरकार का दायित्व है, बगैर जोर-जबरदस्ती के किसानों की बात सुने और कोई दरम्याना रास्ता निकाले।

## गणगौर का व्रत है खास...!



मन की आस्था और अटूट विश्वास,
गणगौर का व्रत भी है बहुत खास।
भारतीय समाज में स्त्री हैं पतिव्रता,
सौभाग्यवती सम्मानसूचक हैं पाता।
चैत्र माह शुक्ल पक्ष, तृतीया में आता,
शिवजी ने पार्वती को दिया 'पतिव्रता';
स्त्रियों को सौभाग्य आशीर्वाद दिया।
मन की आस्था और अटूट विश्वास,
गणगौर का व्रत भी है बहुत खास।
पार्वती ने पहले पूजा करनेवाली को,
वस्त्र आभूषणों सहित वरदान दिया।
करो शिव का पूजन व पार्वती का व्रत,
पति रहें चिरंजीव अन्त में मिले मोक्ष।
सभी रहें आनंदित काम में होवे दक्ष!
मन की आस्था और अटूट विश्वास,
गणगौर का व्रत भी है बहुत खास।
गणगौर शिव-पार्वती ये पूजा है पर्व,
गण यानी शिव व गौर-पार्वती गर्व।
तपस्या में सदैव पति रूप में शंकर,
अमर सुहाग वरदान दे जाते अक्सर।
सदा सौभाग्यवान पार्वती रुप निरंतर!



विनय उजाला

**संजय एम तराणेकर**
**( कवि, लेखक व समीक्षक )**
**इन्दौर**

## कविता...

किसी बंधन से कहीं दूर
केवल आभास से पनपकर
धैर्य और विश्वास में पलकर
जीवन में उतर जाना प्रेम है

जहाँ देह की कल्पना नहीं
जहाँ स्वार्थ का स्थान नहीं
फिर भी दो आत्माओं का
एक होकर जीना प्रेम है

निरर्थक है दूरियाँ और
निरर्थक है मिलना
हजार मील दूर से
रिश्ता सार्थक बना देना प्रेम है

कुंठित हृदय से उठते तपिश को
बिना देखे माप लेना
और सजल नयन को

मुस्कुराहट में बदल देना प्रेम है
जब लगे सब खत्म हो चुका और
जीवन सूर्यास्त सा लगने लगे
तब सूने आकाश पर
चाँद सा निकल आना प्रेम है

पूर्ण मुक्ति या पूर्ण बंधन नहीं
स्वच्छन्दता या घुटन नहीं
उन्मुक्त होकर पतंग की तरह
प्रीत डोर से बंधे रहना प्रेम है



विनय उजाला

**माया देवांगन**

## डॉ जी डी अग्रवाल गत 75 दिवस का एक अहसास, माननीय श्री कृष्ण कुमार अष्ठाना जी को समर्पित!





मिला था जो साथ, जब हमको तुम्हारा,
उसी दिन से है, दिल पे कब्जा तुम्हारा।

गलत लोगों का झूठ, हमको बताकर,
लगा ठीक सच, बात कहना तुम्हारा।

सुनाते कभी वो, नहीं क्यों किसी को,
दुखों से भरा था, जो किस्सा तुम्हारा;

लगाकर जो, रखते मुखौटा हमेशा,
उसे हम समझते थे, चेहरा तुम्हारा।

सहन दर्द कर के, खिले फूल से तो,
किसी ने नहीं देखा, जख्म तुम्हारा।

मुसीबत में जब, दूर अपने हुए सब।
मिला था हमें तब, सहारा तुम्हारा।

दिया था जो आपने, भरोसे में रख कर,
उसे हम पूरा करेंगे, मान विश्वास तुम्हारा।



विनय उजाला

**डॉ.जी.डी.अग्रवाल**

---

प्रचंड हेलीकॉप्टर और हाई टेक तोपें खरीदने के सरकारी फैसले में जो सर्वाधिक महत्व की बात है वह यह कि दोनों ही स्वदेशी हैं, देश में निर्मित होने हैं। प्रचंड हेलीकॉप्टर हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड यानी एचएएल बनायेगा जबकि हाईटेक तोपें फोर्ज और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड। इन दोनों से सेना की मारक क्षमता में वृद्धि के साथ साथ ही 'मेक इन इंडिया' को भी बढ़ावा मिलेगा।

# ये रक्षा सौदे बनाएंगे भारतीय सेना को और सशक्त

**संजय श्रीवास्तव**



विनय उजाला



रक्षा सौदे जब सुर्खियों में आते हैं तो शानदार लगते हैं। लेकिन इन सौदे के आपूर्ति अंजाम तक पहुंचने में इतना समय लग जाता है कि हथियारों की तकनीक पुरानी पड़ जाती है और सौदे ज्यादा महंगे हो जाते हैं। सरकार ने इसका बढ़िया काट निकाला है, उसने सौदों को स्वदेशी रखा है और प्रक्रिया की देरी को दूर करने के लिये कठोर उपाय किए हैं ताकि वर्तमान रक्षा सौदे महज सुर्खी बनकर न रह जाएं।

रक्षा क्षेत्र में सरकार द्वारा उठाए गए हालिया कदम बेहद महत्वपूर्ण और दूरगामी प्रभाव वाले हैं, जो देश की सेना को न सिर्फ और बलशाली बनाने वाले हैं बल्कि निकट भविष्य में उसकी तस्वीर बदल देंगे। अब तक के सबसे बड़े रक्षा सौदे के तहत हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड से 156 प्रचंड हेलीकॉप्टरों की खरीद हो अथवा अत्याधुनिक एटीएजीएस यानी एडवांस्ड टोव्ड आर्टिलरी गन सिस्टम वाली तोपों एवं तोपगाड़ियों की खरीद के लिये 6,900 करोड़ का करार हो। माउंटेड गन सिस्टम की तलाश के लिए टेंडर जारी होना हो अथवा रक्षा मंत्रालय द्वारा तकरीबन तीन लाख करोड़ रुपये के अनुबंधों पर हस्ताक्षर करना या फिर वित्तीय वर्ष 2024-25 में डेढ़ लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत रक्षा खरीद के सौदे कर गुजरना। इस तरह के कई बड़े और ठोस कदम सेना को मजबूती के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का दर्शाते हैं। सेना के सौदों, उनकी मंजूरी तथा आपूर्ति में बरसों बरस की देरी जो सामान्य बात थी, उसको दूर करने के लिये सरकार ने नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, इससे न सिर्फ प्रक्रिया की जटिलता कम होगी बल्कि सौदों, अनुबंधों को खरीद तक पहुंचाने में लगने वाला समय बहुत कम हो जाएगा।

अगर ये नए कायदे कानून लागू हो गये तो लड़ाकू विमानों, हथियारों तथा दूसरे सैन्य साधनों-संसाधनों की आपूर्ति में देरी संबंधी सेना की तमाम शिकायतें एक झटके में दूर हो जायेंगी। सरकार ने एक बार फिर दोहराया है कि वह जल्द ही 114 लड़ाकू विमान खरीदने की प्रक्रिया आरंभ करने जा रही है और उसी के साथ यह खुशखबरी भी मिली कि तेजस के लिये अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस ने पहला इंजिन भेज दिया है। सरकार ने देखा कि रूस यूक्रेन युद्ध के चलते गोला बारूद की आपूर्ति में दिक्कतें आयी अब भविष्य में ऐसी सांसत न आये इसके लिये उसके द्वारा आपूर्तिकर्ताओं में विविधता बढ़ाने का फैसला लेना, प्राइवेट और पब्लिक सेक्टर की कंपनियों के एम्युनिशन का ट्रायल, नबलेस और सेंसर फ्यूज्ड एम्युनिशन को देश में विकसित करवाने का काम भी एक बेहतर पहल है। तब यह कहा जा रहा हो कि सेना लगातार सिकुड़ रही है, उसके साजो सामान पुराने होते जा रहे हैं, लड़ाकू विमानों की बेतरह कमी है, विमान वाहक समुद्री बेड़ा उन्नत तकनीक वाला नहीं रह गया है और रक्षा सौदों की शर्तों के अनुरूप आपूर्ति में देरी के चलते सैन्य शक्ति संतुलन बिगड़ रहा है, जबकि इसके बरअक्स पड़ोसी लगातार ताकतवर होते जा रहे हैं, ऐसे परिदृश्य में रक्षा क्षेत्र से आते सकारात्मक समाचार वाकई उत्साह बढ़ाने वाले हैं। प्रचंड हेलीकॉप्टर और हाई टेक तोपें खरीदने के सरकारी फैसले में जो सर्वाधिक महत्व की बात है वह यह कि दोनों ही स्वदेशी हैं, देश में निर्मित होने हैं। प्रचंड हेलीकॉप्टर हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड यानी एचएएल बनायेगा जबकि हाईटेक तोपें फोर्ज और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड। इन दोनों से सेना की मारक क्षमता में वृद्धि के साथ साथ ही 'मेक इन इंडिया' को भी बढ़ावा मिलेगा। जब अपने सबसे बड़े आर्डर के तहत हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड बंगलुरू और तुमकुर में ये हेलीकॉप्टर बनाना शुरू करेगा तो बेशक रोजगार में किंचित बढ़ोतरी होगी। स्वदेशी होने के नाते यह अपनी सेना की जरूरतों के अनुसार बनेगा तथा समय से आपूर्ति की उम्मीद बढ़ेगी। विभिन्न हथियार प्रणालियों से लैस एलसीएच 'प्रचंड' रात में भी हमले की क्षमता रखता है, जहां यह जमीन और हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों को दागने में भी सक्षम है, वहीं यह दुश्मन के हवाई हमले को विफल करने के भी काबिल होगा। दुनिया के सबसे ऊंचे और दुर्गम युद्धक्षेत्र सियाचिन में भी कार्यक्षम यह हेलीकॉप्टर ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तैनात दुश्मन के टैंक, बंकर, ड्रोन को नष्ट करने का काम बखूबी करने वाला बताया जाता है।

माउंटेड गन सिस्टम की तलाश के लिए टेंडर जारी करने के साथ सेना ने अपने तोपखानों की ताकत बढ़ाने के लिए यह बड़ा कदम उठाया है। सेना देश में ही डिजाइन और डेवलप की गई स्वदेश निर्मित हवित्जर तोपें खरीदेगी है साथ ही टाटा और भारत फोर्ज की नई आर्टिलरी गन और हाई मोबिलिटी व्हीकल का टेंडर भी पास हो चुका है। ये दोनों अत्यंत उपयोगी होने वाली हैं। सेना का निजी क्षेत्र से इतनी बड़ी संख्या में तोपें खरीदने का पहला अनुभव होगा। खरीदी जा रही इन नई तोपों की मारक क्षमता पुरानी तोपों से बहुत बेहतर है और सटीकता में ये उनसे बहुत आगे हैं। इन हल्की तोपों को किसी भी प्रकार के भू-क्षेत्रों, इलाकों में आसानी से तैनात किया जा सकता है। सेना का तोपखाना अत्याधुनिक हथियारों से लैस होगा तो सेना को ऑपरेशनल स्तर पर बड़ी बढ़त मिलेगी, तय है। इन कदमों से जहां हजारों लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे वहीं रक्षा उत्पाद में लगी भारतीय कंपनियां वैश्विक रक्षा बाजार में अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराने में सफल होंगी। पूर्व एयर वायस मार्शल संजय भटनागर ने कुछ दिन पहले कहा था कि देश की रक्षा के लिए वायुसेना के पास हर हाल में 42 स्क्वाड्रन जरूरी है लेकिन हैं सिर्फ 32। सौदों और आपूर्ति की सुस्त रफ्तारी ऐसे ही बनी रही तो साल 2035 तक भारत के पास सिर्फ 25-27 स्क्वाड्रन होंगे और हम इस मामले में पाकिस्तान की ताकत के बराबर पहुंच जाएंगे। सच तो यह है कि रक्षा सौदे महज सुर्खियों में सेना को सुख देते हैं। सौदे की खबरों के बाद सैन्य सामग्री हथियारों की आपूर्ति बरसों बरस अटकी रहती है। विदेशी आपूर्तिकर्ताओं के साथ कीमत और शर्तों को लेकर वार्ताओं का दौर लंबा खिंचता है। फिर हथियारों का विभिन्न स्थितियों, परिस्थितियों में परीक्षण समय लेता है। लेकिन एक बड़ी वजह लाल फीताशाही भी है। रक्षा मंत्रालय की खरीद प्रणाली की जटिल प्रक्रिया 657 पन्नों के रक्षा अधिग्रहण प्रॉसेस मैनुअल से संचालित होती है। मैनुअल 2020 के बाद आजतक अपरिवर्तित है। जहां तक ध्रुवीय प्रदेशों और रेगिस्तान वगैरह में परीक्षण की बात है तो उन्हें अत्याधुनिक तकनीकि युक्त सिमुलेशन से किया जा सकता है। सौदों के आपूर्ति तक की प्रक्रिया में देरी के कारण देश की रक्षा क्षमताओं की वृद्धि के प्रयासों पर बुरा असर पड़ता है। हर दिन परिवर्तित होती रक्षा तकनीक के दौर में टैंक तो कुछ इंतज़ार कर सकते हैं पर आधुनिक संचार प्रणाली या फिर लड़ाकू विमान नहीं। कई बार तो सौदे के अमल में आते आते तकनीक पुरानी और सौदा महंगा हो जाता है। अब सरकार ने यह तय किया है कि रक्षा खरीद की प्रक्रिया का पूरा होने का जो 96 हफ्ते का निर्धारित समय रखा गया था, उसे घटाकर 24 हफ्ते का कर दिया जाए। सशस्त्र बल और अधिकारी इस नई प्रक्रिया का सख्ती से पालन करें। देरी होती है तो उसकी जिम्मेदारी तय हो। यह अच्छा है कि ये सौदे स्वदेशी कंपनियों से हैं। सौदेबाजी में ज्यादा वक्त नहीं जाएगा। इस बात की किंचित गारंटी है कि सेना को समय पर हथियार मिल जायेंगे। तकनीक अद्यतन रहेगी। टाटा, भारत फोर्ज तथा एचएएल के पास क्षमता पर्याप्त है और बजट भी लेकिन एएचएल को तकनीक उपकरणों को लेकर थोड़ा संघर्ष करना पड़ता है क्योंकि दूसरे देशों से इनकी आपूर्ति श्रृंखला कई बार बाधित हो जाती है वर्तमान सरकार को इस ओर भी ध्यान देना होगा, ताकि सौदे महज सुर्खी बन कर न रह जाएं।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार और विज्ञान व तकनीकी विषयों के जानकार हैं )**

# फ्लेवर्ड वाटर पीना अच्छा है लेकिन घर का बना...!

**रेखा देशराज**

फ्लेवर्ड वाटर वह पानी होता है, जिसमें कई तरह के प्राकृतिक या कृत्रिम फ्लेवर मिलाये जाते हैं। आम तौरपर इसमें फल, जड़ी बूटियां, मसाले या मिठास बढ़ाने वाले तत्व जैसे शहद या कृत्रिम स्वीटनर मिलाते हैं। इसकी दो वजहें होती हैं एक तो पानी में प्राकृतिक तत्वों की मात्रा बढ़ाने के लिए और दूसरी बात स्वाद बढ़ाने के लिए ताकि कम प्यास लगने पर भी हम इसे पी सकें और अपने शरीर को हाइड्रेट रख सकें। क्योंकि स्वस्थ रहने के लिए हमें दिन में कम से कम 8 से 10 गिलास पानी रोज पीना चाहिए। लेकिन कई लोगों को सादा पानी पीने में रूचि नहीं होती। इसलिए ये जरूरत से कम पानी पीते हैं, उनके लिए फ्लेवर्ड वाटर अच्छा विकल्प है, लेकिन इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि यह फ्लेवर्ड वाटर घर का बना हुआ हो। यूं तो बाहर का भी अच्छा होता है, लेकिन बाहर के फ्लेवर्ड वाटर में कई बार कृत्रिम तत्व मिला देने से वह फायदे की जगह नुकसान पहुंचाता है।

### कई तरह के फ्लेवर्ड वाटर

फ्लेवर्ड वाटर कई तरह के होते हैं। पहला नेचुरल फ्लेवर्ड वाटर जिसमें ताजे फल, खीरा, नींबू, पुदीना और तुलसी जैसी हर्बल मिलायी जाती हैं। दूसरा इन्फ्यूज्ड वाटर होता है, यह भी प्राकृतिक तरीके से तैयार किया जाता है, लेकिन इसमें फल और जड़ी बूटियों को पानी में कुछ घंटे तक ही भिगोया जाता है। तीसरी तरह का फ्लेवर्ड वाटर बाजार में मिलने वाला बोतल बंद फ्लेवर्ड वाटर है, यह रेडी टू ड्रिंक होता है। इसमें स्वाद बढ़ाने के लिए कृत्रिम या प्राकृतिक फ्लेवर्ड और स्वीटनर मिलाये जाते हैं। एक चौथा फ्लेवर्ड वाटर भी होता है, जिसे स्पार्कलिंग फ्लेवर्ड वाटर कहते हैं। इसमें कार्बोनेटेड पानी और स्वाद मिलाया जाता है, जिसे सॉफ्ट ड्रिंक का हेल्दी विकल्प माना जाता है।



विनय उजाला

पानी को फ्लेवर्ड बनाने से उसमें विटामिन्स और मिनिरल्स की मात्रा भी बढ़ जाती है। गर्मी के दिनों में इस फ्लेवर्ड पानी को ज्यादा से ज्यादा मात्रा में पीने से हम पूरा दिन हाइड्रेट रहते है और होम मेड फ्लेवर्ड पानी के कारण दूसरे मीठे और कैमिकल, कृत्रिम रसायनों से भरपूर ठंडे पेय पदार्थ पीने से भी बचे रहते हैं। पानी को फ्लेवर्ड बनाने से यानी उसमें ताजे फल, हर्ब्स और ताजे मसालों को मिलाने से शरीर को पोषक तत्व मिलते हैं। लेमन, लाइम, ऑरेंज, अंगूर और तमाम किस्म की बेरीज, विटामिन सी का उत्तम स्रोत हैं। इनके साथ ताजा अदरक और औषधीय गुणों से भरपूर पोदीना पानी को फ्लेवर्ड बनाने के साथ-साथ हमारे स्वास्थ्य को भी लाभ पहुंचाते हैं।

### यह वजन घटाता है

फ्लेवर्ड वाटर वजन घटाने में सहायक होता है। क्योंकि फ्लेवर्ड वाटर ज्यादा पीया जाता है। ज्यादा पानी पीने से पेट हर समय भरा रहता है। वजन बढ़ाने वाली स्नैक्स खाने की इच्छा कम हो जाती है। अगर घर का बनाया फ्लेवर्ड वाटर है तो यह प्राकृतिक होने के साथ-साथ खनिज लवणों और विटामिन सी से भरपूर होता है और शरीर को डिटॉक्स करता है।

### क्या स्वास्थ्य के लिए यह अच्छा है?

निश्चित रूप से यह स्वास्थ्य के लिए अच्छा है, क्योंकि इससे शरीर हाइड्रेट रहता है। फ्लेवर्ड वाटर सॉफ्ट ड्रिंक पीने की तुलना में हेल्दी विकल्प है। साथ ही फ्लेवर्ड वाटर में कई तरह के फल और जड़ी बूटियों के तत्व मिले होने से यह हेल्दी होता है और अच्छे से डिटॉक्स करता है, लेकिन फ्लेवर्ड वाटर तब हानिकारक भी हो जाता है, अगर वह बाजार का बोतल बंद फ्लेवर्ड वाटर है और उसमें अनुमान से ज्यादा कृत्रिम मिठास और प्रिजर्वेटिव्स होते हैं। बाजार का फ्लेवर्ड वाटर एसिडिटी पैदा करता है यह दांतों की समस्या भी बढ़ा देता है। कुछ फ्लेवर्ड वाटर ज्यादा खट्टे होते हैं, उनसे एसिडिटी तो हो ही जाती है, दांतों के इनेमल को भी नुकसान पहुंचता है, इसलिए फ्लेवर्ड वाटर अच्छा है मगर तभी वह जब घर का बना हो।

### ऐसे बनाएं फ्लेवर्ड वाटर

पानी को फ्लेवर्ड बनाने के लिए हमेशा ताजे फलों का इस्तेमाल करें। मुरझाए हर्ब्स या ज्यादा पके फलों का इस्तेमाल करने से बचें। इसमें चीजों को डालकर इसे रात के समय फ्रिज में रखें और सुबह के समय पिएं। लेमन और लाइम जैसे फ्रूट्स लंबे समय तक पानी को ताजा और फ्लेवर्ड रखते हैं। बेरीज और धनिया या दूसरी कई ऐसी हर्ब्स जो जल्दी खराब होती हैं, उन्हें उनकी प्रकृति के अनुसार इस्तेमाल करें। नींबू, संतरा, हर्ब्स या दूसरे मसालों को डालकर पानी को फ्रिज में स्टोर करें। फ्लेवर को लंबे समय तक बनाये रखने के लिए कंटेनर में पानी को दो तीन बार तक डाल सकते हैं। बशर्ते उनके स्वाद में बदलाव न हो।

## प्रसंगवश : मन की बात अपनों से, मेरा 70वां जन्मदिवस माननीय श्री कृष्ण कुमार जी अष्ठाना जी को समर्पित

माननीय श्री कृष्ण कुमार जी अष्ठाना जी ने मुझे करीब से कसौटी पर जांच कर रखा था। उन्हें मेरी जन्मस्थली ग्वालियर के बरई गांव से लगाव था। उसी गांव में अष्ठाना जी एक स्कूल में प्रिंसिपल थे। लंबे अंतराल के बाद अष्ठाना जी से जुड़ने के अवसर तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी, इंदौर श्री बी के शर्मा सर एवं तत्कालीन संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, इंदौर संभाग इंदौर डॉ के.के.पांडेय सर ने प्रदान किए। उनके इस प्रयास से हम अष्ठाना जी के ही होकर रह गए। शासन स्तर पर श्री अष्ठाना जी शासकीय श्री अहिल्या केंद्रीय पुस्तकालय, इंदौर की परामर्शदात्री समिति के उपाध्यक्ष मनोनीत हुए। तत्पश्चात शासकीय और गैर शासकीय कार्यों से आने जाने का सिलसिला बना रहा जिस कारण हम उनके परिवार के भरोसेमंद सदस्य के रूप में जानने लगे। वर्ष के 365 दिन में हम 250 दिन उनके साथ में रहने लगे। उनकी दिनचर्या का एक हिस्सा बन गए। उनकी संगत से हमें एक संभ्रांत समाज में लोग पहचानने लगे। 14 जनवरी 2025 को उनके देहावसान के पश्चात् मेरा जीवन उजड़सा गया। वो एक पारस थे जिसको स्पर्श कर लेते वह सोना क्या हीरा बन जाता था। वर्तमान में मुझे उन जैसा संसार में दूसरा नहीं मिलेगा। वह मेरे आदर्श पिता कहें या भाई कहें या दोस्त कहें मान सकते हैं। आज कई वर्षों बाद यह पहला अवसर होगा जब मैं उनके आशीष से वंचित रहूंगा अत: आज का जन्मदिन मैं माननीय अष्ठाना जी को समर्पित करता हूं। अर्चना ना हो भविष्य में मेरे जन्मदिन जैसा कोई आयोजन सेलिब्रेट नहीं होगा। यही मेरा संकल्प है।

## नव वर्ष की शुभकामनाएं

होली को त्यौहार गयो रे
गयो रे फागुन को महीनो।
नव खुशियाँ लेकर आयो रे
आयो रे अब चैत्र को महीनो।

सबसे समृद्ध है यह महीनो
ऐसा मनमोहक मौसम है कहाँ?
आमो पर अमिया बोराये ओर
खेतों में गेहूँ पर बाली जहाँ।

गेहूँ, चना, सरसों मसूर
नवनीत फसल लहराए जहाँ।
वृक्ष पलाश के लाल दहकते
सूरज सम दिखते जहाँ।

अमिया की खुशबू फैलेगी
अलमस्त बयार चलेगी जहाँ।
वर्ष भर का चक्र पूर्ण कर
नव संवत्सर का आरंभ यहाँ।

रस माधुर्य घर-घर बिखरेगा
अनुराग प्रेम रस बरसेगा।
आज चैत्र-प्रतिपदा के दिन
नव संवत्सर वर्ष शुरू होगा।



विनय उजाला

**डॉ. बृजबाला गुप्ता**
**( अर्चना )**
**इंदौर मध्यप्रदेश**

# प्रेम की मिसाल या दर्दनाक अंजाम? दर्द भरी-प्रेम कथा

**एक दौर था जब प्रेम कहानियाँ ताजमहल में दर्ज होती थीं। शाहजहाँ ने मुमताज की याद में ताजमहल बनवाया, लैला-मजनू की मोहब्बत अमर हो गई, और हीर-रांझा की कहानी सुनकर लोग प्यार की कसमें खाते थे। लेकिन अब प्रेम का रूप बदल गया है।**

अब न ताजमहल, न अमर प्रेम—अब ड्रम मोहब्बत की नई पहचान बन चुका है। प्यार अब एक ट्रेंड बन चुका है—जब तक अच्छा लगे, तब तक प्यार्ड वरना ड्रम तैयार!

कभी प्रेम में लोग कहते थे—तुम दिन को अगर रात कहो तो रात कहेंगे,

सौ साल पहले मुझे तुमसे प्यार था आज भी है और कल भी रहेगा

तेरा साथ है तो मुझे क्या कमी है अंधेरे में भी मिल रही रोशनी है

लेकिन अब मोहब्बत के मायने बदल चुके हैं—

तुम कहो तो जहर दे देंगे, तुम कहो तो ड्रम में भर देंगे!

हाल ही में एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहाँ प्रेम का अंत न तो किसी इमारत में हुआ और न ही अमर प्रेम कहानी के रूप में, बल्कि ड्रम और सीमेंट में सिमटकर रह गया। जिसे अपना समझा था, उसी ने छल किया। प्यार के नाम पर एक निर्दोष का कत्ल किया। मुस्कान ने अपने प्रेमी सौरभ की हत्या कर उसे ड्रम में बंद कर सीमेंट से पक्की तरह सील कर दिया।

सौरभ तो बस अपना घर बचाना चाहता था, मुस्कान से अंधा प्यार करता था बस यही गुनाह था शायद... वह तलाक नहीं चाहता था। लेकिन उसकी इसी चाहत ने उसकी जान ले ली। आखिर क्यों कर दिए मुस्कान ने टुकड़े?

कल तक गूंजती थी एक पुकार—बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ बार-बार,

अब हालात कुछ ऐसे हो गए, बेटों के लिए भी आंसू बहने लगे...!

पहले लड़कियाँ ब्रेकअप के बाद ब्लॉक करती थीं,

अब सीमेंट से लॉक करने लगी हैं!

कभी प्रेम त्याग और समर्पण का प्रतीक था, लेकिन आज यह शक, धोखा और अपराध का नया चेहरा बनता जा रहा है। क्या यही नए दौर की प्रेम कहानी है?



विनय उजाला

**मनीषा जैन**
**पत्रकार इंदौर**

# लोकमाता अहिल्या बाई के जनकल्याण और सुशासन के कार्य प्रेरणादायक : मुख्यमंत्री

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई ने 300 वर्ष पहले जनकल्याण के जो काम किये और सभी संकटों को पार कर सुशासन के प्रतिमान स्थापित किए हैं, वे आज हम सब के लिए प्रेरणादायक हैं।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को लोकमाता देवी अहिल्या की नगरी खरगोन जिले के महेश्वर में विश्व मांगल्य सभा द्वारा 'राष्ट्रसमर्था देवी अहिल्याबाई की पुण्य गाथा' नाटक के मंचन अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित कर रहे थे। इस



अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आयुषी जैन द्वारा देवी अहिल्या बाई की जीवनगाथा पर लिखी गई पुस्तक का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देवी अहिल्या बाई ने होल्कर साम्राज्य के साथ ही सम्पूर्ण देश में जन-कल्याण के कार्य किए हैं। मुगल काल में सनातन संस्कृति को नष्ट करने का काम किया गया, लेकिन नर्मदा पुत्री देवी अहिल्याबाई ने सनातन संस्कृति की रक्षा का काम किया। उन्होंने सोमनाथ, काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिरों की पुनर्स्थापना को बनाने का कार्य किया है। देवी अहिल्या ने देश भर में नदी घाटों का निर्माण कराया, गरीबों की दिल खोलकर मदद की, रोजगार के लिए महेश्वरी साड़ियों का निर्माण कराया, व्यापार को प्रोत्साहन दिया, किसानों की मदद की और न्याय एवं सुशासन के अनेकों कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इतिहास माता अहिल्या के विविध प्रसंगों से भरा हुआ है।



## संक्षिप्त समाचार

### मध्य प्रदेश में अप्रैल की शुरूआत में ओले-बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम, कई जिलों में आंधी भी चलेगी



**भोपाल ( हि.स. )।** अप्रैल के शुरुआती तीन दिनों में मध्य प्रदेश के मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। प्रदेश में ओले-बारिश और आंधी का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हो रहा है। जिसका असर प्रदेश के 40 से ज्यादा जिलों पर पड़ेगा। आज सोमवार को रतलाम, मंदसौर, अलीराजपुर और बड़वानी में हल्की बारिश और बादल छाए रहने का अनुमान है। वहीं कल से दो दिन बूंदाबादी हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, 24 घंटे के बाद मध्य महाराष्ट्र और कोंकण क्षेत्र में साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम एक्टिव होने की संभावना है। जिसके पठारी क्षेत्र में ट्रफ के कारण अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से नमी आनी शुरू हो जाएगी, जिससे प्रदेश में भी मौसम बदला रहेगा। अबकी बार अप्रैल की शुरुआत तेज गर्मी की बजाय ओले, बारिश, गरज-चमक और आंधी के साथ हो रही है। कहीं-कहीं आंधी की रफ्तार 40 से 50 किमी प्रतिघंटा तक रह सकती है। आज सोमवार को मंदसौर, रतलाम, अलीराजपुर, बड़वानी में बादल छाए रहेंगे। यहां हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन, जबलपुर में तेज धूप खिलेगी। प्रदेश में एक अप्रैल को नर्मदापुरम, बैतूल, बुरहानपुर और खंडवा में बारिश के साथ ओले गिर सकते हैं। हरदा, खरगोन, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा में तेज आंधी और गरज-चमक की स्थिति रहेगी। यहां हवा की रफ्तार 40 से 50 किमी प्रतिघंटा तक रह सकती है। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, देवास, मंदसौर, नरसिंहपुर और सागर में 30 से 40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चलेगी। दो अप्रैल को नर्मदापुरम, बैतूल, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, धार, अनूपपुर, डिंडोरी और बालाघाट में ओले गिरने का अलर्ट है। जबकि हरदा-शिवपुरी समेत 28 जिलों में तेज आंधी चलेगी। वहीं, तीन अप्रैल को बैतूल में ओले गिर सकते हैं। खंडवा, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, बालाघाट, पांढुर्णा में 40 से 50 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चलेगी। भोपाल, विदिशा, रायसेन सहित 26 जिलों में 30 से 40 किमी की रफ्तार से आंधी चलेगी। इधर, दो दिन की राहत के बाद रविवार को दिन के तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिली। मंडला में सबसे ज्यादा 39 डिग्री दर्ज किया गया। बैतूल में 38.5 डिग्री, धार में 38.4 डिग्री, नरसिंहपुर में 38.2 डिग्री, मलाजखंड (बालाघाट) में 38 डिग्री, खरगोन में 37.8 डिग्री, छिंदवाड़ा में 37.5 डिग्री, नर्मदापुरम, खजुराहो-सिवनी में 37 डिग्री दर्ज किया गया। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 35.8 डिग्री, इंदौर में 36.8 डिग्री, ग्वालियर में 35.3 डिग्री, उज्जैन में 36.8 डिग्री और जबलपुर में 35.8 डिग्री दर्ज किया गया।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दी डॉ. आनंदी गोपाल जोशी की जयंती पर श्रद्धांजलि

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को देश की पहली महिला डॉक्टर आनंदी गोपाल जोशी की जयंती पर उनका पुण्य-स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि नारी सशक्तिकरण, शिक्षा एवं समाजसेवा के प्रति डॉ. आनंदी गोपाल जोशी का समर्पण राष्ट्र के विकास में महिलाओं की भागीदारी को सदैव प्रेरित करता रहेगा।

### प्रसिद्ध पार्श्व गायिका श्रेया घोषाल पहुंची महाकाल मंदिर, भस्म आरती में शामिल होकर लिया आशीर्वाद



**उज्जैन ( हि.स. )।** विक्रमोत्सव के दिव्य और भव्य आयोजन में नववर्ष पर अपनी प्रस्तुति देने उज्जैन आईं सुप्रसिद्ध पार्श्व गायिका श्रेया घोषाल सोमवार सुबह विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर बाबा महाकाल की भस्म आरती में शामिल हुई। उन्होंने नंदी हॉल में बैठकर भगवान महाकाल के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। वे यहां दो घंटे तक मंदिर में रहीं। इस दौरान वे साड़ी में नजर आईं। करीब दो घंटे तक भस्म आरती में शामिल रहने के बाद उन्होंने अपने परिवार के साथ चांदी द्वार से बाबा की पूजा और खास अभिषेक किया। श्रेया से पूजन अर्चन पंडित आकाश पुजारी ने करवाया। सिंगर श्रेया ने महाकाल के दर्शन के बाद कहा कि पहली बार उज्जैन आई और बाबा महाकाल की भस्म आरती के दर्शन किए। बाबा का आशीर्वाद लेने और दर्शन के बाद लगा कि मुझे दर्शन का मौका मिलना ही था, इसलिए उज्जैन आने का बुलावा आया। महाकाल के साथ यह अनुभव अविस्मरणीय है, जिसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है।

# प्रदेश में परिवहन सेवाओं को और बेहतर बनाया जाएगा

## मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा पर सैद्धांतिक सहमति, मंत्रि-परिषद से अनुमोदन उपरांत अमल में लाया जायेगा

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के ग्रामीण, शहरी और इंटरसिटी परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा प्रारंभ की जाएगी। योजना का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है।**

सबके साथ विस्तृत विचार-विमर्श, सुझाव एवं सहमति के बाद शीघ्र ही इस योजना प्रस्ताव को अनुमोदन के लिये मंत्रि-परिषद की बैठक में लाया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में नवीन परिवहन सेवा (मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा) के संबंध में प्रारंभिक चर्चा के लिए आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में परिवहन सेवाओं को और बेहतर बनाया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषकर प्रदेश के सभी जनजातीय क्षेत्रों में सुगम यात्री परिवहन के लिए सरकार हर जरूरी प्रयास करेगी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, नगरीय विकास एवं प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मुख्य सचिव अनुराग जैन ने बैठक में वर्चुअली सहभागिता की। समत्व में हुई बैठक में स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं प्रशासन संजय कुमार शुक्ल, सचिव परिवहन मनीष सिंह, सचिव मुख्यमंत्री सीबी चक्रवर्ती एवं संचालक जनसम्पर्क अंशुल गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की यात्री परिवहन संबंधी भावी आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर इस नवीन योजना के सभी पक्षों पर गहनता से अध्ययन करें, जिससे यात्रियों को इसका अधिकतम लाभ मिल सके।

सचिव परिवहन मनीष सिंह ने नवीन परिवहन सेवा योजना की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नई परिवहन योजना में प्रदेश में यात्री बसों के संचालन की त्रि-स्तरीय मॉनिटरिंग की जाएगी। इसके लिए प्रदेश मुख्यालय स्तर पर एक राज्यस्तरीय होल्डिंग कंपनी गठित की जाएगी। प्रदेश के सात बड़े संभागों (भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर एवं रीवा) में 7 क्षेत्रीय सहायक कंपनियां भी गठित की जाएगी। इसी उद्देश्य से प्रदेश के सभी जिलों में जिला स्तरीय यात्री परिवहन समिति गठित भी की जाएगी। यह सभी बॉडीज यात्री परिवहन को बेहतर बनाने, यात्री किराया तय करने, रूट चार्ट तैयार करने में समन्वय और यात्रियों को योजना का अधिकतम लाभ दिलाने के लिए अनुश्रवण एवं मार्गदर्शन करेगी।

बताया गया कि सात क्षेत्रीय सहायक कंपनियों की आय अर्जन के स्त्रोत निर्माण के लिए भी इस योजना में विशेष इंतजाम किए जाएंगे। नवीन योजना में सरकार अनुबंधित बसों को प्राथमिकता से परमिट देगी। इन बसों पर प्रभावी नियंत्रण सरकार का ही होगा। नवीन योजना में यात्रियों एवं बस ऑपरेटर्स के लिए ऐप और कंपनी की मॉनिटरिंग के लिए एक डैशबोर्ड भी होगा नवीन परिवहन सेवा के संचालन के लिए प्रदेश के सात बड़े संभागों में यात्री बसों की आवश्यकता और जरूरी संख्या के लिए सर्वे कराये जा रहे हैं। सर्वे के परिणाम जल्द ही प्राप्त हो जायेंगे। सर्वे के फीडबैक के आधार पर सरकार इस योजना के क्रियान्वयन की दिशा में आगे बढ़ेगी। बताया गया की नवीन परिवहन योजना का सबसे अधिक लाभ यात्रियों को होगा। बस ऑपरेटर्स को भी बेहतर माहौल और उन्हें कन्टीन्यू बिजनेस देने का प्रावधान भी इस नवीन परिवहन सेवा योजना में की गई है, जिससे आपरेटर्स की बस सेवाएं बाधित न हो और यात्रियों को भी कोई परेशानी न हो।

# मुख्यमंत्री करेंगे स्कूल चलें हम अभियान का शुभारंभ

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एक अप्रैल मंगलवार को शासकीय नवीन उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय अरेरा कॉलोनी (ओल्ड कैंपियन) में प्रातः 9 बजे स्कूल चलें हम अभियान - 2025 का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम भी होगा।**

कार्यक्रम में जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप भी मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के स्कूल चलें हम अभियान कार्यक्रम के डिजिटल प्लेटफार्म पर लाइव प्रसारण की व्यवस्था भी की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में नव प्रवेशी




विद्यार्थियों का स्वागत करेंगे। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न खेलों के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षा पोर्टल 3.0 का शुभारंभ करेंगे। प्रदेश में करीब 92 हजार सरकारी स्कूल हैं। इनमें प्रायमरी, मीडिल, हाई और हायर सेकण्डरी स्कूल हैं। इन स्कूलों में लगभग 85 लाख बच्चे अध्ययनरत हैं। इस वर्ष एक अप्रैल से नवीन शैक्षणिक सत्र शुरू होने जा रहा है। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम-2025 के माध्यम से समस्त शासकीय-अशासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के प्रवेश की कार्रवाही एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर स्टूडेंड डायरेक्ट्री मैनेजमेंट सिस्टम प्रणाली पर की जा रही है। एजुकेशन पोर्टल में स्कूल शिक्षा विभाग से संबंधित सभी कार्यों को शामिल किया गया है। विभाग से संबंधित जानकारी पोर्टल के माध्यम से सुलभ तरीके से प्राप्त की जा सकेगी। स्कूल शिक्षा विभाग का प्रयास है कि सरकारी स्कूलों के बच्चों को शिक्षण सत्र शुरू होते ही अप्रैल माह में निशुल्क पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध हो जायें।

### समस्त जिलों में भी होगा प्रवेशोत्सव कार्यक्रम

प्रदेश में जिले के प्रभारी मंत्री जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में एक अप्रैल को शामिल होंगे। यह कार्यक्रम चयनित शाला में होगा। कार्यक्रम में सांसद, विधायक एवं अन्य जन-प्रतिनिधि शामिल होंगे। उपस्थित छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें वितरित की जाएंगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने ऐसी व्यवस्था की है कि नये शैक्षणिक-सत्र की शुरुआत में विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तकें मिल जायें। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी और मैदानी अमले को विभाग द्वारा निर्देश जारी कर दिये गये हैं। ग्राम और बसाहट के शाला से बाहर रहे चिन्हित बच्चों का शाला में नामांकन कराया जाएगा। बच्चों के अभिभावकों का शाला स्तर पर स्वागत किया जाएगा। कक्षा- 1 से 8 तक सभी शालाओं में एक अप्रैल को बालसभा का आयोजन किया जाएगा। इस दिन शालाओं में विशेष भोजन की व्यवस्था भी की गई है।

# राज्यपाल ने आचार्य बालकृष्णन से सिकल सेल के संबंध में की चर्चा



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने आयुर्वेद में सिकल सेल उपचार अनुसंधान प्रयासों में पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट से सहयोग की अपेक्षा की है।**

राज्यपाल पटेल द्वारा पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट के संस्थापक सचिव आचार्य बालकृष्ण से महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन के दीक्षांत समारोह में चर्चा के दौरान इस विषय पर विचार विमर्श किया गया। राज्यपाल पटेल ने आचार्य बालकृष्ण को राष्ट्रीय सिकल सेल मिशन के तहत किए जा रहे उपचार और पुनर्वास प्रयासों के बारे में भी बताया।

उल्लेखनीय है कि पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट के संस्थापक सचिव बालकृष्ण को महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय उज्जैन द्वारा मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है।

## जैन सोशल ग्रुप राजधानी भोपाल का होली मिलन संपन्न

# 13वां वार्षिक फागोत्सव मनाया, विजय तारण नए अध्यक्ष चुने गए

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। जैन सोशल ग्रुप राजधानी भोपाल का होली मिलन समारोह इंदौर-भोपाल हाईवे स्थित बागवान रिज़ॉर्ट में गरिमामय रुप से संपन्न हुआ। बच्चों की परीक्षाओं के चलते देर आए-दुरुस्त आए के विचार और पूर्ण उत्साह के साथ कार्यक्रम के प्रारम्भ में सभी सदस्यों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।**

डी.जे. की मधुर स्वर लहरियों के मध्य सुबह 11 बजे सुस्वादु नाश्ते के पश्चात् अध्यक्ष दिनेश जैन गार्डन एवं कमेटी ने सर्व सम्मति से विजय तारण को वर्ष 2025-2027 के सत्र हेतु जेएसजी राजधानी भोपाल के नए अध्यक्ष का पदभार सौंपा। हेमलता जैन रचना ने बताया कि इस अवसर पर नव निर्वाचित अध्यक्ष दम्पति विजय शालिनी तारण तथा नव आगन्तुक दम्पत्ति सदस्यों का मालाओं, पुष्प गुच्छ, शॉल, श्रीफल के साथ मंगल तिलक लगाकर स्वागत कर सदन से परिचय कराया गया। इसके पश्चात् नितिन नांदगांवकर ने अपने वक्तव्य में 9 अप्रैल को विश्व पटल पर कीर्तिमान रचने जा रहे विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर एक ही समय, एक ही दिन, एक मंत्र-एक जाप के विश्वव्यापी अनुष्ठान की जानकारी प्रदान कर सदस्यों को बड़ी संख्या में भाग लेने हेतु प्रेरित किया वहीं विजय तारण द्वारा जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन द्वारा उच्च स्तरीय शिक्षा सुविधाओं तथा छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान कर अधिक से अधिक लाभ उठाने हेतु हुए बच्चों और अभिभावकों का उच्च शिक्षा हेतु मार्ग प्रशस्त किया।

जैन सोशल ग्रुप राजधानी ग्रुप परिवार की शानदार परंपरा को और भी खास बनाते हुए डीजे की




धुनों पर झूमते हुए फूलों से होली खेली गयी, तत्पश्चात स्विमिंग पूल के ठंडे पानी में गर्मजोशी भरी मस्ती से लबरेज़ पूल पार्टी का आनंद लिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनोरंजन का तड़का लगाते हुए जैन सोशल ग्रुप राजधानी की महिला सदस्यों द्वारा होली स्पेशल तम्बोला तथा रोचक तथा मनोरंजन से भरपूर कपल गेम्स् का आयोजन कर विजेता प्रतिभागियों को पुरुस्कारों का वितरण किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष चंद्र कुमार जैन, नीरज माणिक जैन, के.एल. जैन, अध्यक्ष दिनेश जैन गार्डन, नव-निर्वाचित अध्यक्ष विजय तारण, पंकज टेलर, मनीष जैन प्रगति, रजनीश सिंघई, राजेश जैन, शशांक जैन, सुनील अरिहंत, राकेश जैन, भव्य जैन, अमित जैन, सोमंत जैन, रवि जैन, सांस्कृतिक मंडल सदस्य श्रीमती अर्चना जैन गार्डन, श्रीमती रश्मि सिंघई, श्रीमती कल्पना के एल जैन, सुनीता माणिक जैन, मीडिया प्रभारी श्रीमती हेमलता जैन रचना, जैन समाज के अनेक गणमान्य जनों सहित ग्रुप के अन्य सदस्यों एवं पूर्व पदाधिकारीगणों ने सपरिवार अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज़ कर आयोजन में चार चाँद लगा दिए। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक साथ सुस्वादु भोजन का आंनद लेते हुए साथ ही फोटोग्राफ़ी कर सुखद यादों को कैमरे के साथ-साथ ह्रदय में भी कैद कर एक दूसरे को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए भविष्य के समस्त आयोजनों में अपनी सक्रिय सहभागिता तथा ग्रुप की सफलता हेतु अपनी प्रतिबद्धतता प्रकट करते हुए सहर्ष विदा ली।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा



**हरसूद, निप्र।** गत दिनों राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा कक्षा 5वीं एवं 8वीं के घोषित किए गए परीक्षा परिणामों में ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल हरसूद का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा आठवीं में कुल दर्ज संख्या में 19 में से 14 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी एवं 5 ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 5वीं में कुल दर्ज संख्या 19 में से 12 विद्यार्थियों ने प्रथम तथा 7 ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा आठवीं में केशवराज ने 90 प्रतिशत, चम्पालाल ने 88.33 प्रतिशत एव सपनील ने 87.16 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा 5वीं में शालू प्रजापति ने 91 प्रतिशत, नंदनी पंवार ने 90 प्रतिशत एवं वर्षा मालवीय ने 88.75 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। स्कूल संचालक कैलाश शामनाणी एवं स्टाफ ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### वित्तीय वर्ष 2024-25 में दीपक एडवरटाइजिंग द्वारा शानदार ग्रोथ दर्ज प्रिंट मीडिया बिजनेस में भारी उछाल : दीपक जेठा



**इन्दौर ( विनय उजाला )।** मध्यभारत की नं. 1 मीडिया व क्रिएटिव एजेंसी दीपक एडवरटाइजिंग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में शानदार व्यवसायिक वृद्धि दर्ज की है। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर दीपक जेठा ने बताया कि लगभग सभी कैटेगरी में वृद्धि हुई पर सबसे ज्यादा वृद्धि ज्वेलरी, एजुकेशन, लाइफ स्टाइल, ऑटोमोबाइल और गवर्नमेंन्ट सेगमेंट ने की है। रियल स्टेट भी अपने दो वर्ष पूर्व की तेजी को पाने के लिये प्रयास कर रहा है। आने वाले वित्तीय वर्ष में भी प्रिंट मीडिया का बोलबाला रहने की उम्मीद उन्होने व्यक्त की है। कॉल फॉर एक्शन कम्युनिकेशन के लिए प्रिंट मीडिया को उन्होने सर्वाधिक प्रभावशाली बताया। उल्लेखनीय है कि एडवरटाइजिंग वर्ल्ड में स्थापित ब्रांड बन चुकी दीपक एडवरटाइजिंग एजेंसी अब तक 190 नेशनल व इंटरनेशनल अवॉर्ड्स अपने नाम कर चुकी हैं, जिसमें 17 बार एजेंसी ऑफ द ईयर का अवॉर्ड शामिल हैं। दीपक एडवरटाइजिंग INS, CBC और प्रसार भारती में अधिकृत मध्यभारत की एकमात्र विज्ञापन एजेंसी है।

### ईद की नमाज काली पट्टी बांधकर अदा की



**नागदा जं, निप्र।** ईद पर मुस्लिम समाजजनों ने परंपरागत रुप से मनाई। मुख्य नमाज ईदगाह मस्जिद में शहर काजी ने अदा कराई। उन्होंने कहा कि सकारात्मक ऊर्जा के साथ देश के तरक्की में सहयोग करने, बच्चो की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने। वक्फ बिल के विरोध में देशव्यापी आह्वान के तहत मुस्लिम समाजजनों ने काली पट्टी बांध कर नमाज अदा की। चंबल मार्ग पर दिनभर मेले जैसे माहौल दिखाई दिया। सुरक्षा के लिए शहर के प्रमुख चौराहों एवं मुख्य मार्गो पर पुलिस बल तैनात रहा। ईद के अवसर पर शहर की मस्जिदों में सामुहिक रुप से नमाज अदा कर अमन, चैन एवं भाईचारे की दूआ की गई। पूर्व विधायक दिलीप गुर्जर, बाबुलाल गुर्जर, राधे जायसवाल, पार्षद विशाल गुर्जर, अब्दुल शरीफ, प्रमोदसिंह चौहान, जगदीश मिमरोट मुस्लिम समाजजनों को पर्व की शुभकामनाएं देने के लिए पहुंचे। सुरक्षा के लिए एएसपी मयूर खंडेलवाल दिनभर शहर में रहे।

### पिता की स्मृति में मुक्तिधाम पर 3 सीमेंट कुर्सी भेंट



**नागदा जं, निप्र।** समाजसेवी चम्पालाल बैरवा शेर द्वारा पिता श्री मनीराम पटेल (शेर) की स्मृति मे नागदा मुक्तिधाम पर 3 सीमेंट की कुर्सी भेंट की गई। इस मोके पर शेर परिवार के बुजुर्ग और परिवार के सदस्य मोतीलाल शेर, बाबूलाल शेर, छितरनाथ शेर, डॉ. कमलेश शेर, भरत शेर, हरीश शेर एवं बिरलाग्राम बैरवा पंचायत समिति अध्यक्ष अशोक मरमट, चेतन मिमरोट, महेश पिंडोलिया, रमेश भागवंशी, भेरूलाल बड़ोदिया, रवि जाटवा आदि सदस्य मौजूद थे।

### जवाहर मार्ग जागृति मंच प्याऊ का शुभारंभ

**नागदा जं, निप्र।** जवाहर मार्ग जागृति मंच द्वारा सोमवार को जवाहर मार्ग पर प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रुप में विधायक डॉ.तेजबहादुरसिंह चौहान, पूर्व विधायक दिलीपसिंह शेखावत, पूर्व नपाध्यक्ष अशोक मालवीय, लोनिवि के पूर्व चेयरमेन हरीश अग्रवाल, डॉ. एसआर चावला, डॉ. सुनील चौधरी, रवि कांठेड़, जितेंद्र ओझा, जगदीश मेहता आदि मौजूद रहे।

# समय और शिक्षा का सही उपयोग जीवन को सफल बनाता है : राज्यपाल

## महर्षि पाणिनि संस्कृत वैदिक विश्वविद्यालय का पांचवा दीक्षांत समारोह संपन्न

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** सोमवार को राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री मंगुभाई पटेल की अध्यक्षता में महर्षि पाणिनि संस्कृत वैदिक विश्वविद्यालय का पांचवा दीक्षांत समारोह कालिदास संस्कृत अकादमी के पंडित सूर्य नारायण व्यास संकुल सभागृह में आयोजित किया गया।

राज्यपाल श्री पटेल ने समारोह में संबोधित करते हुए कहा कि इस विश्वविद्यालय को ए प्लस ग्रेड मिला है उसकी बहुत सारी शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि आज उन्हें इस समारोह में शामिल होकर अत्यंत खुशी प्राप्त हो रही है। उन्होंने उपाधि प्राप्त विद्यार्थीयों से कहा कि समय और शिक्षा का सही उपयोग ही व्यक्ति को जीवन में सफल बनाता है। आप जीवन में कितने ही सफल हो जाएं लेकिन कभी अपने माता-पिता को ना भूलें । क्योंकि वे अत्यंत कठोर परिश्रम करके आपका पालन पोषण करते हैं तथा आपको उत्तम शिक्षा दिक्षा दिलवाते हैं । संस्कृत भाषा विश्व की सबसे प्राचीन भाषाओं में से एक है। हमें यह संदेश पूरी दुनिया तक पहुंचना है। हमारी भारतीय संस्कृति के खजाने में छुपे ज्ञान और विज्ञान को अपनी प्रतिभा से जन जन तक पहुंचाने का संकल्प आज समस्त उपाधी प्राप्तकर्ता लें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के द्वारा शिक्षा व्यवस्था का दायरा मनुष्य से मानवता तक और अतीत से आधुनिकता तक विस्तारित किया है। आज दीक्षित होने वाले विद्यार्थी ये प्रयास करें कि कैसे वे अपने ज्ञान का उपयोग वंचित लोगों के उद्धार में कर सकें। शिक्षा जगत पर समाज और राष्ट्र की बहुत सारी आशाएं टिकी हैं। विद्यार्थियों के ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है कि वे आने वाले



समय में भारत को पूर्णत: विकसित बनाने में अपना योगदान दें। वैदिक ज्ञान के उपयोग, महत्व और भावी संभावनाओं को किस प्रकार विस्तारित किया जाए इस हेतु कार्य संपादन करें। कभी भी यह न सोचें कि आप अकेले हैं बल्कि यह सोचे हैं कि आप अकेले ही काफी हैं जो संसार में ज्ञान के बल पर परिवर्तन ला सकते हैं। आज की पीढ़ी को संस्कृत और परंपराओं के ज्ञान की आवश्यकता है, क्योंकि अच्छे संस्कारों के अंकुरण से ही संस्कृति का रक्षण संभव है। विश्व के प्राचीन ज्ञान का बोध संस्कृत के माध्यम से ही संभव हो सकता है। संस्कृत शास्त्रों में करुणा संवेदना और संस्कृति का समावेश है। राज्यपाल ने अपनी ओर से सभी को शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, सांसद अनिल फिरोजिया, राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ जी महाराज, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा और सारस्वत अतिथि कुलपति महर्षि पतंजलि योग विश्वविद्यालय हरिद्वार आचार्य बालकृष्ण तथा केंद्रीय संस्कृत नाटक अकादमी नई दिल्ली की अध्यक्ष डॉ संध्या पुरेचा कार्यक्रम में शामिल हुए।

उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि आज जिन विद्यार्थियों को उपाधि प्राप्त हो रही है वे सभी हमारी भारतीय ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें तथा भारतीय संस्कृति और मान्यताओं को पूरे विश्व के पटल पर लेकर आने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

आचार्य बालकृष्ण ने इस अवसर पर कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति को कुलगुरु नाम से संबोधित करने वाला मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य है। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह जीवन में बहुत बड़ा और अमूल्य क्षण होता है। यह सभी विद्यार्थियों के कठोर परिश्रम का परिणाम है। विद्यार्थी कभी भी विद्या अर्जन के कार्य से मुक्त ना हों क्योंकि विद्या ही हमें मुक्ति का मार्ग दिखाती है। श्रीमती संध्या पुरेचा ने इस अवसर पर कहा कि उन्हें आज अत्यंत हर्ष का अनुभव हो रहा है। संस्कृत भाषा और संस्कृति एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। संस्कृत मात्र एक भाषा नहीं बल्कि इसमें हमारी भारतीय संस्कृति का मूल तत्व निहित है। संस्कृत भाषा हमारी संस्कृति की आत्मा है ।यह एक सोच है, विचार है, भाव है । हमेशा इस पर गर्व करें ।समारोह में सर्वप्रथम राष्ट्रगान तत्पश्चात विश्वविद्यालय का कुलगान गाया गया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। विश्वविद्यालय के कुलगुरु आचार्य विजय कुमार सीजी और कुल सचिव दिलीप सोनी के द्वारा राज्यपाल एवं अन्य अतिथियों का सम्मान पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया।

# स्कूली बच्चों के साथ हिन्दू नव वर्ष गुडी पड़वा पर्व मनाया

विनय उजाला

**नागदा जं. निप्र।** सर्व प्रयास सामाजिक संस्था द्वारा हिन्दू नववर्ष गुढ़ीपड़वा पर्व के उपलक्ष में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें आठवीं से लेकर 12वीं तक के बच्चों को कैरियर गाइडेंस की जानकारी दी गई। जिससे बच्चे भविष्य में सही दिशा में अपना कैरियर चुन सके।

संस्था अधिकारी द्वारा बताया गया संस्था द्वारा 31 पितृ विहीन बालिकाएं गोद लेकर उनके पालन पोषण की जिम्मेदारी ले रखी है और संस्था आसपास के क्षेत्र में जरूरतमंदों बच्चों की मदद करती है। जिसमें उनको स्कूल का कोर्स दिलवाना, स्कूल की ड्रेस, स्कूल के जूते, अन्य स्टेशनरी सामान, शासकीय स्कूलों की बोर्ड फीस, शासकीय कॉलेज की फीस भी जमा करती है। इसी कारण लगातार आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में उनका



जाना लगा रहता है। इस दौरान जब वह बच्चों से पूछती है कि आगे क्या करेंगे तो उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं होती है कि उन्हें आगे दसवीं कक्षा या 12वीं कक्षा के बाद क्या करना है और कौन सा विषय लेना है। इसीलिए संस्था ने कार्यक्रम आयोजित कर प्रयास कर रही है कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को भी पूरी जानकारी प्राप्त हो। जिससे उनका भविष्य उज्वल बन सके। संस्था ने लगातार चौथे वर्ष नव वर्ष के उपलक्ष में सरस्वती शिशु मंदिर श्री राम कॉलोनी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें आठवीं से 12वीं तक के 130 बच्चों को करियर गाइडेंस की जानकारी दी गई। जिसमें मुख्य अतिथि सिविल अस्पताल में पदस्थ डॉ मोनिका गुर्जर, कोचिंग संचालक गोवर्धन सिंह शेखावत, नेहरू युवा केंद्र में पदस्थ लोकेंद्र सिंह तंवर, आदित्य बिरला स्कूल की काउंसलर रक्षा शर्मा, महिदपुर रोड शासकीय विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल सेठिया एवं बाबूलाल चंद्रवंशी द्वारा बच्चों को जानकारियां दी गई। साथ ही संस्था द्वारा सवाल जवाब प्रतियोगिता भी रखी गई जिसमें विजेता बच्चों को ट्रॉफी एवं नगद राशि से सम्मानित किया गया। प्रथम प्रतिज्ञा जैन, द्वितीय वंशिका कुमावत, तृतीय हितेषी कुमावत रही। सभी 130 बच्चों को गिफ्ट प्रदान किए गए जिसमें एग्जाम बोर्ड, कॉपी, कंपास एवं पेन का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन दीपाली शर्मा द्वारा किया गया। अध्यक्षता ज्योति शर्मा बृजवासी ने की। आभार महासचिव कुमुद पायल ओझा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विशेष सहयोग सचिव सीमा ओझा अनुराधा गुर्जर, कोषाध्यक्ष अनीता पांडेय, उपाध्यक्ष संगीता भारद्वाज, विद्या तिवारी, मीडिया प्रभारी काजल तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य किरण शर्मा, सरोज पोरवाल, प्रमिला रघुवंशी, प्रतिभा भावे, साधना जैन, मधु पाल, मंजू पांचाल का रहा ।

इस अवसर पर किरण दुबे, नीतू बाला जैन, सुमन पोरवाल, नीलम अरोड़ा, यशोदा जोशी, मंजू शर्मा, श्रद्धा भावसार, टीना व्यास, अभिषेक त्रिवेदी आदि उपस्थित रहे।

# नि :शुल्क मोतियाबिंद निवारण एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर



**नागदा जं. निप्र।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा और लायंस क्लब नागदा ग्रेटर के संयुक्त तत्वाधान में चोइथराम नेत्रालय इंदौर द्वारा विशाल नि:शुल्क मोतीयाबिंद निवारण एवं प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन शिवपुरा कॉलोनी रतलाम फाटक, टेलीफोन टावर के आगे दिनांक 30 मार्च 2025 रविवार को हिंदू नव वर्ष के शुभ अवसर पर किया गया। इस अवसर पर इंदौर चोइथराम हॉस्पिटल से पधारे डॉ. करण सिंह बघेल सर्जन द्वारा करीब 48 मरीजो का परीक्षण किया गया और उसमें से चयनित करीब 7 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए इंदौर ले जाया गया। धर्मा क्लीनिक के धर्मेश राठौड़ द्वारा सभी मरीजों के ब्लड प्रेशर व शुगर आदि की नि:शुल्क जांच की गई। कार्यक्रम के शुभारंभ पर वार्ड के प्रमुख मोहनलाल गोयल, मोहनलाल प्रजापत, कमल राठौड़, श्यामलाल चौहान आदि सभी का अ. भा. क्षत्रिय महासभा की अध्यक्ष श्रीमती हेमलता तोमर, लायंस क्लब नागदा ग्रेटर अध्यक्ष ला. अशोक बिसानी आदि।

**मामला बुजूर्ग पर विलसी से हमला करने का**

# अंतिम संस्कार के बाद परिजन सीधे थाने पहुंचे, एएसपी खंडेलवाल से मिले



**नागदा जं, निप्र। डॉ. शर्मा की गली में दशामाता की पुजन के दिन बुजूर्ग महिला पर हमले के बाद बीती रात उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजन मुक्तिधाम से अंतिम संस्कार करने के बाद सीधे पुलिस थाने पहुंचे और एएसपी से मिले। एएसपी ने मालले में अतिशीघ्र खुलासा करने का आश्वासन परिजनों को दिया।**

डॉ. शर्मा की गली में 24 मार्च की रात्रि में बुजूर्ग प्रीति पति स्व. ओमप्रकाश जैन(गुप्ता) के सिर पर विलसी से हमला करने के बाद उज्जैन के लिए के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। पुत्र आशीष जैन ने बताया कि रविवार सोमवार की दरम्यानी रात माता प्रीति का उपचार के दौरान निधन हो गया। पीएम के बाद पुलिस ने शव परिजनों के सुपूर्द किया और सोमवार की दोपहर में अंतिम संस्कार करने के बाद परिजन सीधे पुलिस थाने पहुंचे। इस दौरान एएसपी मयूर खंडेलवाल, टीआई से परिजनों से चर्चा की। आशीष ने पुलिस को बताया कि अभी तक इस तरह की घटनाएं इंदौर जैसे बड़े शहरा में हुआ करती थी, लेकिन नागदा में इस तरह की वारदात होने से दहशत का माहौल निर्मित है। हिन्दू संगठन के मनीष सोनी ने क्षेत्र में कुछ नशेडियों पर शंका जाहिर करते हुए कहा कि जो व्यक्ति वारदात से बाद से गायब है पुलिस को उनकी भी खोजबीन करना चाहिए। एएसपी खंडेलवाल के अनुसार पुलिस तकनीकी संसाधनों के अलावा अन्य बिन्दुओं पर जांच कर रही है।

# अखिल भारतीय टेपा सम्मेलन आज

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** अन्तरराष्ट्रीय मूर्ख दिवस पर 1 अप्रेल को कालिदास अकादमी में 52 वें अखिल भारतीय टेपा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

जिसमें प्रसिद्ध हास्य अभिनेता एहसान कुरैशी (मुंबई) आकर्षण का केन्द्र होंगे एवं देश के प्रसिद्ध हास्य व्यंग्य कवि काँव काँव सम्मेलन में अपनी रचनाओं से धूम मचायेंगे।

अखिल भारतीय टेपा सम्मेलन के सचिव मनीष शर्मा एवं स्वागताध्यक्ष ओम अमरनाथ खत्री ने चर्चा के दौरान बताया कि इस वर्ष 52 वाँ टेपा सम्मेलन ' टेपोत्सव ' के रूप में आयोजित किया जा रहा है।



**उज्जैन, निप्र।** आयुर्वेद शिरोमणि एवं पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार से आचार्य बालकृष्ण महाराज ने श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन किये। पूजन अर्पित पुजारी द्वारा सम्पन्न कराया गया।

# जागृति मंच नागदा द्वारा प्याऊ का शुभारंभ




विनय उजाला

**नागदा जं. निप्र।** जवाहर मार्ग जागृति मंच द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रीनाथ मावा भंडार के सामने, जवाहर मार्ग पर प्याऊ का शुभारंभ 31 मार्च 2025 सोमवार सुबह 10 बजे किया। मंच अध्यक्ष गोपाल मोहता व संयोजक जगदीश मेहता ने बताया कि जवाहर मार्ग जागृति मंच द्वारा विगत कई वर्षो से ग्रीष्मकाल प्रारम्भ होने के साथ ही भीषण गर्मी में आने जाने वाले राहगीरो को ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने हेतु प्याऊ का संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक डॉ. तेजबहादुरसिंह चौहान, अनुविभागीय अधिकारी ब्रजेश सक्सेना, नगर पुलिस अधीक्षक बजेश श्रीवास्तव, थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी, तहसीलदार नागदा, डॉ. एस.आर. चावला, पूर्व विधायक दिलीप शेखावत, पूर्व नपा अध्यक्ष अशोक मालवीय, बद्रीलाल पोरवाल, एस पी जैन, गोपाल मोहता, पंकज मारू, रवि काठेड़, नरेन्द्र राठी, अभय जैन, राजेन्द्र सोलंकी, अशोक यादव, राकेश दीक्षित, राजकुमार मोहता, जितेन्द्र ओझा, महेश व्यास, हरीश अग्रवाल, बसंत मालपानी, सुबोध स्वामी, महेन्द्र बिसानी, प्रदीप राठी, विनय कटियार सहित गणमान्य नागरिक व मंच के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भव्य भजन संध्या का आयोजन

**नागदा जं, निप्र।** श्री सांवलिया सेठ भक्त मंडल के तत्वावधान में 7 अप्रैल को पुराने बस स्टेंड पर गोकुल शर्मा, प्रेमशंकर जाट की भव्य भजन संध्या का आयोजन रात्रि साढ़े सात बजे से होगा। आयोजन को सफल बनाने की अपील शिवराज माली, लक्की परमार, दिनेश सेठिया, सागर भनोपिया, श्याम प्रजापत, गोपाल तिवारी, राजेश सेजवार, मनोहर जायसवाल, राहुल शर्मा, अजय धनेरिया, राहुल शर्मा आदि ने की है।

# लाखों रूपए की लागत से बना बस स्टैंड पड़ा लावारिस

## फीलगुड चौराहे पर खड़े होकर बसों का इंतजार करना यात्रियों की मजबूरी

विनय उजाला

**हरसूद, निप्र।** नगर परिषद छनेरा-नया हरसूद द्वारा लाखों रूपए की लागत से बस स्टैंड का निर्माण किया था। जो वर्तमान में लावारिस हालत में है। बस स्टैंड से यात्री बसों का संचालन नहीं होने के कारण यात्रियों को फीलगुड चौराहे पर खडे होकर यात्री बसों का इंतजार करना पडता है। जिसके चलते यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पडता है।

इस ओर प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।






**फीलगुड चौराहे पर आए दिन बनती है जाम की स्थिति :** फीलगुड चौराहे से बसों का संचालन होने से आए दिन जाम की स्थिति बनती है। फीलगुड चौराहा सबसे व्यस्त चौराहा है जहां चारों ओर से बडी संख्या में वाहनों का आवागमन बना रहता है। बसों के फीलगुड चौराहे पर खडे होने से बार-बार जाम लगता रहता है।

**बस स्टैंड पर सुविधाओं का अभाव :** नगर परिषद छनेरा-नया हरसूद द्वारा बस स्टैंड का करीब आठ साल पहले लाखों रूपए की लागत से निर्माण तो किया गया, लेकिन वहां पर सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। वहां पर पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई है और न ही सुविधा घर है।

**बाजार भाव**

**इंदौर मंडी**

# तुअर दाल में मांग

**इंदौर ( व्यापार प्रतिनिधि )।** चना कांटा 5800 - 5850 विशाल चना 5700 - 5750 डंकी चना 5600 - 5650 मसूर 6100 - 6150 नई 6000 मूंग एवरेज 7200 - 7700 मूंग ( गर्मी का) 8000 - 8200 उड़द ( गर्मी) बेस्ट - 8300 - 8800 एवरेज मीडियम उड़द 6500 - 7800 हल्की उड़द 3000 - 5000 रुपए।

**तिलहन - ( प्रति क्विंटल )-** सोयाबीन 4100 - 4125 सरसों निमाड़ी बारीक 5800 - 5850 एवरेज बारीक 5000 - 5005 रुपए।



**दाल भाव ( प्रति क्विंटल )** - तुअर दाल फूल 11000 - 11200 तुअर दाल सवा नंबर 10800 - 11000 चना दाल 8100 - 8200 एक्स्ट्रा बोल्ड 9100 मसूर दाल 7500 - 7550 मूंग दाल 9200 - 9400 मूंग मोगर 9600 - 9700 उड़द दाल 12500 - 13000 उड़द मोगर 12500 - 13000 रुपए।

**तेल बाजार ( प्रति 10 किलो ) -** मूंगफली तेल इंदौर 1470 - 1480 मुबंई 1520 - 1525 गुजरात 1485 - 1490 सोया रिफाइंड तेल इंदौर 1315 - 1320 सोया सॉल्वेंट 1255 - 1270 इंदौर पाम ऑइल 1425 - 1430 रुपए।

**मावा** - 320 रुपए किलो।

**इंदौर सराफा बाजार -**
सोना 10 ग्राम 89800 रुपए।
चाँदी 100000 रुपए किलो।
चाँदी सिक्का 1100 रुपये प्रति नग।
सोना 3025 डॉलर प्रति औंस
चाँदी 3343 सेंट प्रति औंस

# जिले में प्रारंभ हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान

## तीन माह के अभियान में नए तालाब बनेंगे, पुराने तालाबों, बावड़ियों और कुओं का होगा जीर्णोद्धार

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुसार देवास जिले में आगामी तीन माह तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का रविवार को शुभारंभ हुआ। पहले दिन जल संरक्षण के प्रति जागरूकता के लिए जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के अंतर्गत जहां एक ओर नए तालाब बनाए जाएंगे, वहीं दूसरी ओर पुराने तालाबों, बावड़ियों और कुओं का जीर्णोद्धार कराया जाएगा। साथ ही पौधारोपण भी होगा। नदियों को साफ-स्वच्छ एवं जल एकत्रित करने के लिए भी कार्य किए जाएंगे। इसके लिए जिले में विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। यह अभियान आगामी 30 जून तक सतत चलेगा।

यह अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार प्रारंभ किया गया है। यह अभियान जन-जन के जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने बताया कि इस अभियान को सभी के



सहयोग से जन आंदोलन के रूप में चलाया जाएगा। अभियान में जल संरक्षण के साथ ही पौधारोपण पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। अभियान के तहत शुरूआत में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व वाले तालाबों, जल स्त्रोतों तथा देवालयों में जल संरक्षण के कार्य किए जाएंगे। यह जन प्रतिनिधियों, स्थानीय समुदाय, जनभागीदारी, आमजन और सरकार के संयुक्त प्रयास से संचालित होगा, जिसमें मशीन, सामग्री व श्रम का समुचित नियोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री सिंह ने जिले के नागरिकों से आग्रह किया है कि वे शासन के इस महत्ती अभियान एवं जल संरक्षण के लिए चलाए जा रहे अभियान में एकजूटता के साथ सहभागिता करें तथा अधिक से अधिक पानी बचाने का प्रयास करें।

बागली विकासखंड की ग्राम पंचायत बेहरी में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गुनेरा नदी के गहरीकरण व घाट की साफ सफाई का कार्य किया गया। इस दौरान विधायक बागली मुरली भंवरा, सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति, अनुविभागीय अधिकारी बागली, जनपद सीईओ बागली अन्य जनप्रतिनिधिगण, सहित उपस्थित ग्रामीण जनों द्वारा सामुहिक श्रमदान किया गया।विधायक मुरली भंवरा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जल संवर्धन जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बागली विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ संपूर्ण जिले के पुराने कुएं, तालाब, बावड़ियों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से अनुरोध किया कि जल गंगा संवर्धन कार्य में वे अपनी सहभागिता देकर अपने आस-पास के कुएं, बावड़ी, तालाब आदि को पुन: जीवित करें। साथ ही उन्होंने कहा कि जल को जितना हो सके उतना बचाए।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु प्रजापति ने बताया कि अभियान के पहले दिन आज ग्रामीणों के सहयोग से विभिन्न ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अवसर पर जिला पंचायत के माध्यम से जल संरक्षण संबंधी विभिन्न कार्यों की शुरूआत की गयी। नदी-नालों एवं तालाबों की साफ-सफाई की गई। इसके साथ ही कुएं,बावड़ियों से गाद निकालने का भी कार्य किया गया। अन्य ग्राम पंचायतों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। उन्होंने बताया कि जिले में लगभग 1400 से अधिक जल संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही जनभागीदारी से निजी घरों पर रूफ हॉर्वेस्टिंग सिस्टम लगाए जाएंगे। प्रदेश सहित जिले में 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान सतत चलेगा। उन्होंने इस अभियान में सभी से सहभागिता का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में उपयोगी रहे लेकिन वर्तमान में अनुपयोगी चेकडेम व स्टॉप डेम का सर्वेक्षण किया जाएगा।

सर्वेक्षण के आधार पर जीर्णोद्धार की कार्ययोजना तैयार कर कार्य किये जायेंगे। गाद निकालने में समाज की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक कुँओं की मुण्डेर को सुव्यवस्थित किया जायेगा। जल संरक्षण के महत्व एवं अभियान के उद्देश्यों की जानकारी देने, जनता को जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूक करने, वर्षा जल का अधिकतम संरक्षण करने, भूजल संवर्धन कार्यों के विकल्प तैयार करने, जल संवर्धन से जुड़े हुये कार्यों की रणनीति तैयार कर इन कार्यों को क्रियान्वित करवाने के लिए नागरिकों के जागरूक किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### चैत्र नवरात्र में चांवरिया पर्वत आम गुराड़िया स्थित मां बिजासन के दर्शन से पूरी होती हर मनोकामना



**सोनकच्छ, निप्र।** चैत्र की नवरात्रि में हर कोई मां की आराधना में लीन हैं। इसी कड़ी में हम आज आपको दर्शन कराते हैं, ग्राम आम गुराड़िया स्थित चांवरिया पर्वत पर बिराजमान मां बिजासन के जो सालों पहले पहाड़ का सीना चीर कर प्रकट हुई और आज अपने भक्तों को आशीर्वाद दें रहीं। मां के बारे में जानकारी देते हुए समिति सदस्य और ग्राम पंचायत के सरपंच रहे बलवान सिंह सेंधव ने बताया कि प्रतिवर्ष चैत्र की नवरात्रि में यहां पर भागवत कथा का आयोजन किया जाता है और साथ ही मां के समक्ष शतचंडी महायज्ञ किया जाता है। यहां की महिमा दूर दूर तक फैलीं हुईं हैं जिसके चलते नवरात्रि के अलावा सामान्य दिनों में भी भक्तों की भीड़ रहती है। मां के दर्शन करने के बाद एक सुखद अनुभूति होती है यहा पर आप प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव करेंगे। गांव से दो किलोमीटर उपर पहाड़ी पर बिराजमान मां के दर्शन करने के लिए सड़क मार्ग बना है। मां के मंदिर के पिछे पहाड़ी के चार सौ फ़ीट नीचे एक प्राकृतिक झीरी है जिसके पानी को चमत्कारिक बताया जाता है।

# सुंदरी महायज्ञ में लिया हिस्सा

## आनंद मेले का आनंद ले रहे बच्चे, 100 फीट की गुफा आकर्षण का केन्द्र बनी

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** हिन्दू नववर्ष एवं चैत्रीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर माँ राज राजेश्वरी ललिताम्बा त्रिपुर सुंदरी का नौ दिवसीय महायज्ञ श्री राजराजेश्वरी सिद्धीदात्री मातेश्वरी मंदिर, कामिका महादेव समिति के तत्वावधान में जवाहर नगर स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस ग्राउण्ड पर चल रहा है। आयोजन समिति के संयोजक गुरूप्रीत सिंग ईशर एवं अध्यक्ष ठा. संजय सिंह चौहान ने बताया कि नौ दिवसीय महायज्ञ के प्रथम दिवस कुल 9 जोड़े शामिल हुए। यज्ञाचार्य पं. शिव कुमार शास्त्री माँ कामाख्या पीठ, असम एवं पं. बालकृष्णाचार्य श्री धाम अयोध्या द्वारा विधि-विधान से महायज्ञ में आहुतियां दिलाई गई। 7 अप्रैल तक चलने वाले महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन मण्डल पूजन, ललिताम्बा राज राजेश्वरी श्लोक पाठ प्रात: 8 से 12 बजे तक एवं यज्ञ दोपहर 3 से सायं 7 बजे तक चल रहा है। तत्पश्चात संगीतमय महाआरती हो रही है। नौ दिवसीय महायज्ञ में आकर्षण का केन्द्र 100 फीट की गुफा भी तैयार की गई है, जिसमें प्रवेश



करके भक्त माँ राजराजेश्वरी सिद्धिदात्री के दर्शन कर कार्यक्रम स्थल में प्रवेश कर रहे है। रात्रि 8 बजे बच्चों एवं शहरवासियों के मनोरंजन हेतु आनंद मेला लग रहा है। जिसमें कई झूलों के साथ चाट-चौपाटी का आनंद लोग ले रहे है। महायज्ञ में यजमान बनने हेतु यज्ञस्थल पर जाकर सम्पर्क किया जा सकता है। आयोजन समिति के हेमंत बिसोरे, अंकित सिंह, शंकर भोले, पंकज मतकर, मनीष पांचाल, हेमंत उपाध्याय, भावेश पालीवाल, तुफान सिंह पवार (फौजी), मेहरबान सिंह सोलंकी एवं मनीष कुशवाह आदि ने नगर की धर्मप्रेमी भक्तों से अपील की है कि नौ दिवसीय महायज्ञ, मातारानी के दर्शन एवं आनंद मेले में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सफल बनाए।

# उत्साह से मना ईद का पर्व, ईदगाह सहित मस्जिदों में अदा हुई नमाज

## एक-दूसरे के गले लगकर दी ईद की बधाई

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** ईद का पर्व शहर सहित जिले में उत्साह के साथ मनाया गया। अलग-अलग मस्जिदों सहित ईदगाह में नमाज अदा हुई। ईद के बाद सभी ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की बधाई दी। ईद के मौके पर शाही ईदगाह राधागंज में ईद की नमाज हुई। शहर सीनियर काजी मौलाना इरफ़ान अहमद अशरफी की सरपरस्ती में नायब काजी नोमान अहमद अशरफी ने ईद उल फितर की नमाज अदा कराई। नमाज से पहले हुई तकरीर में उन्होंने कहा कि ईद का मुख्य उद्देश्य है कि गरीब भी अपनी खुशियां मना सके।

उन्होंने कहा कि पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का फरमान है कि बेहतरीन उम्मत वो है जिसके



हाथ से, जिसकी जबान से दूसरे लोग महफूज रहें (सुरक्षित रहें)। वही काजी नोमान अहमद अशरफी ने अपनी तकरीर में कहां कि अल्लाह ने हमें बेहतरीन उम्मत में पैदा किया है । हमारे अमल और किरदार से हम अपनी जिंदगी को बेहतर बना सकते हैं। तकरीर के बाद ईद की नमाज अदा हुई। जिसमें हजारों सर अल्लाह की बारगाह में झुके। नमाज के बाद दुआ हुई, जिसमें देश की सलामती और तरक्की और शांति अमन के लिए दुआ की गई। ईदगाह में सभी ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। शहर में जगह-जगह ईद मिलन समारोह के मंच लगाए गए। जहां एकता और भाईचारे की मिसाल देखने को मिली। काजी हुसैन अहमद अशरफी, सीरत कमेटी के अध्यक्ष शकील पठान, जनरल सेक्रेटरी फहीम अहमद अशरफी ने सभी को ईद की मुबारकबाद दी।

**कांग्रेसजनों ने ईद पर किया काजियों का सम्मान :** गंगा जमुना तहजीब अवधारणा स्वरूप ईद-उल-फितर का त्यौहार मनाया। सीनियर काजी नौमान एहमद अशरफी व जूनियर काजी अबुल कलाम अहमद को पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई दी। इस अवसर पर युवा कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव मनीष चौधरी, पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष जितेन्द्रसिंह मोंटू, भगवानसिंह गौड़ भग्गु दा, विजयसिंह तंवर, अनिलसिंह बैस, नरेन्द्र यादव लल्ला, एजाज शेख नीलम, शाहिद मोदी, जाहिद पठान, रईस कामदार, आरिफ मेव, जितेन्द्र गौड, रविन्द्र चौधरी, एम. जहीर शेख, सुभाष वर्मा, कल्लू राष्ट्रीय, दीपसिंह पंवार, जितेन्द्र पंवार, विजय चौहान मोनू, उबेद शेख, इरशाद कुरेशी, दीपेश हरोड़े, मुबारिक मंसूरी, कुद्दुस राष्ट्रीय, हारिस गजधर, गुड्डु भाई मंसूरी, आदि उपस्थित थे।

# 35वें ग्रीष्मकालीन शिविर का उद्घाटन संपन्न



विनय उजाला

**देवास, निप्र।** प्रगति एथलेटिक्स क्लब एवं देवास जिला सॉफ्टबॉल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले 45 दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन सभापति रवि जैन , शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज राजानी, स्वप्निल जैन, मनीष सोलंकी, प्रेम नाथ तिवारी, खेल विभाग की पप्पी मर्सकोले के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत हेमेंद्र निगम काकू, अनिल श्रीवास्तव, शिवनारायण टांडी, चंद्रपाल सिंह सोलंकी, राजीव श्रीवास्तव, पवन यादव, जितेंद्र गोस्वामी, निरंजन यादव, योगेश द्विवेदी, धर्मेंद्र भदौरिया, मनोज सिंह, श्रीकांत अटवाल, गजानन काले, रागिनी चौहान, रितेश मालवीय आदि ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मनोज राजानी ने अपने उद्बोधन में क्लब की वार्षिक गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह स्टेडियम प्रगति क्लब की ही देन है वर्ष 2001 में इस ग्राउंड को बनाने के लिए खिलाड़ियों ने अथक प्रयास किया एवं यहां पर राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता आयोजित की उसके बाद निरंतर यहां पर क्लब संचालित किए जाने लगा। जैसे ही मुझे अवसर मिला मैंने यह भूमि आईटीआई से खरीद कर विकास प्राधिकरण द्वारा स्टेडियम निर्माण किया जिससे कई खिलाडियों को आगे बढ़ाने में योगदान मिला और राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम गोरांवित कर सके। मैं क्लब की और से यह बताना चाहता हूं कि यहां से दो एकलव्य और एक विक्रम अवार्ड खिलाड़ी सॉफ्टबॉल ने दिए हैं और आगे भी यहां पर ट्रैक बनने के पश्चात कई खिलाड़ी प्रगति क्लब द्वारा प्रशिक्षित किए जाएंगे। जिससे देवास शहर का नाम विश्व पटल पर गौरवान्वित होगा इसी आशा के साथ में क्लब के सभी सदस्यों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं। मुख्य अतिथि रवि जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि अनिल श्रीवास्तव एवं राजीव श्रीवास्तव दोनों ही निरंतर खेलो के विकास के लिए अपने तन मन धन से खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करते आ रहे हैं। मैं जानता हूं इन्हें क्लब चलाने में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि मेरे लायक जो भी क्लब को सहयोग की आवश्यकता होगी मैं हर संभव मदद करने का वादा करता हूं एवं अभी अस्थाई रूप से आईटीआई ग्राउंड पर बनाए गए ग्राउंड के लिए नगर निगम की ओर से साफ सफाई एवं अन्य व्यवस्थाएं करने का आश्वासन भी देता हूं। क्लब ने मुझे यहां पर बुलाकर जो सम्मान दिया उसके लिए मैं आभारी हूं। विशेष अतिथि मनीष सोलंकी ने कहा कि खेल के क्षेत्र में अनिल श्रीवास्तव का योगदान सराहनीय रहा है उन्हें खेलों का भीष्म पितामह कहां जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। उन्होंने इतने खिलाड़ी तैयार किए हैं कि आज हर क्षेत्र में चाहे वह सरकारी पद हो राजनीतिक पद हो या व्यवसाय के क्षेत्र में खिलाड़ी अपनी अलग ही भूमिका निभा रहे है। प्रगति क्लब द्वारा 35 वर्ष तक लगातार ग्रीष्मकालीन शिविर लगाने पर क्लब की हौसला अफजाई की। शिविर में मुख्यत: सॉफ्टबॉल,एथलेटिक्स, क्रिकेट, आर्चरी, मिनी गोल्फ खेलों का संचालन किया जाएगा जिसका समय शाम 5 बजे से 7 बजे तक रहेगा।

### अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंडल का

# सामूहिक सम्मान समारोह संपन्न

विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन मध्य प्रदेश की सोनकच्छ एंवं मां चामुंडा शाखा देवास का सम्मान समारोह, शपथ विधि ,होली मिलन एवं फाग उत्सव का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मध्यांचल प्रमुख सुमन मूंदड़ा देवास, कार्यक्रम की अध्यक्ष पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष इंदु सोमानी ,विशेष अतिथि मां चामुंडा शाखा देवास की संस्थापक एवं आगामी प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती संतोष सोडाणी,सोनकच्छ शाखा की निवृत्तमान अध्यक्ष एवं अंचल प्रमुख मनीषा लाठी , प्रदेश की टेक्निकल हेड राजकुमारी माहेश्वरी,मा चामुंडा शाखा की पूर्व अध्यक्ष उषा जोशी मंच पर विराजमान थीं। सर्वप्रथम दीप प्रज्वल्लन एवं भगवान गणेश की मूर्ति पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई ।मंडल की प्रार्थना योगिता महाजन ,उषा जोशी अरुणा भूतड़ा एकता दरक कृष्णा काबरा ने की एवं ओम का उच्चारण किया गया । बालिका आहना शाह द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया



गया। सोनल बाकलीवाल द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया शब्दों से स्वागत सोनकच्छ अध्यक्ष मीना राठी एवं मां चामुंडा शाखा अध्यक्ष दीपा सोनी ने किया। तत्पश्चात प्रदेश एवं राष्ट्र पदाधिकारियों ने दोनों शाखा के पदाधिकारी एवं सदस्यों को अपने-अपने पद की शपथ दिलाई ।इस अवसर पर निवृत्तमान अध्यक्ष शाखा सोनकच्छ एवं अंचल प्रमुख मनीषा लाठी, निवृत्तमान अध्यक्ष मां चामुंडा शाखा देवास उषा जोशी , डॉक्टर प्रीति और डॉक्टर जयति का सम्मान शॉल एवं श्रीफल से किया गया ।सोनकच्छ शाखा अध्यक्ष मीना राठी एवं देवास शाखा अध्यक्ष दीपा सोनी ने शब्दों से स्वागत किया। सोनकच्छ सचिव रमा जाजू एवं देवास शाखा सचिव आभा सोनी ने रिपोर्ट का वाचन किया।

# सेवा पांडाल का विधायक गायत्री राजे पवार ने किया शुभारम्भ

## प्रतिदिन कन्या भोज के साथ यज्ञ, हवन व भक्तों को फरियाली छाछ का किया जाएगा वितरण

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** चामुंडा सेवा समिति द्वारा चौत्र नवरात्रि महापर्व पर संत महात्माओं के सानिध्य में विधायक गायत्री राजे पंवार, महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, बैंक नोट प्रेस के मुख्य महाप्रबंधक केदारनाथ महापात्रा, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल कमांडेंट शिवरतन मीणा द्वारा मां तुलजा भवानी, मां चामुंडा की पूजा अर्चना कर उदासीन अखाड़ा सीढ़ी मार्ग पर रविवार को कन्या भोज, यज्ञ हवन व फरियाली छाछ सेवा पांडाल का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। समिति संयोजक समाजसेवी रामेश्वर जलोदिया ने बताया शासकीय देवस्थान प्रबंध समिति अध्यक्ष एवं कलेक्टर ऋतु



राज, एसपी पुनीत गहलोत, निगमायुक्त रजनीश कसेरा ने टेकरी पर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर मां चामुंडा व मां तुलजा भवानी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। प्रतिदिन विद्वान यज्ञाचार्य देवी शंकर तिवारी द्वारा यज्ञ हवन संपन्न होगा।

प्रतिदिन कन्याभोज,यज्ञ हवन व टेकरी पर दर्शनार्थ आने वाले भक्तों को फरियाली छाछ का वितरण किया जाएगा। इस पुण्यमय कार्य में मां चामुंडा सेवा समिति के समाजसेवी,राजेश गोस्वामी, नरेंद्र मिश्रा, नारायण व्यास, उम्मेद सिंह राठौड़, दिनेश सांवलिया, ओम प्रकाश पटेल, अभिषेक अवस्थी, शिवनारायण पाठक, प्रदीप लाठी, मुरलीधर पांचाल, बंशीलाल व्यास, कैलाश परमार, प्रेम पावर, ह्रदयेश गहलोत, सुशील शिंदे, समिति की मातृशक्ति दुर्गा व्यास सुधा सोलंकी सहित सभी समाजसेवियों का अनुकरण योगदान रहा।

### देवास जिले के खिवनी अभ्यारण्य से आई अच्छी खबर...

# बाघों की संख्या बढ़कर दस हुई, जल्द तैयार होगी बाघों की प्रोफाइल

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** देवास जिले के खिवनी अभ्यारण में बाघों का कुनबा बड रहा हैं। अभ्यारण में दस बाघ हो गए हैं। जिनमें पांच वयस्क मादा व तीन वयस्क नर बाघ के साथ दो अवयस्क शावक भी शामिल हैं। इन बाघों की पहचान प्रोफाइल शीघ्र तैयार की जाएगी. बाघ के अलावा अभ्यारण में तेन्दुए भी रहते हैं। अन्य शिकारी प्राणी जंगली बिल्ली, गीदड़ और धारीदार लकड़बग्घे बंदर भी यहां मिलते हैं। शाकाहारी जातियों में नीलगाय, कृष्णमृग, चिंकारा और चीतल हैं।

रेंजर भीमसिंह सिसोदिया के अनुसार वन्यजीवों की गणना के



लिए कैमरा ट्रेपिंग कार्य किया गया। जब समस्त कैमरा ट्रैप डाटा का विश्लेषण किया तो अभ्यारण्य के अधिकांश बीटों में बाघ तथा तेंदुओं का विचरण पाया गया। बाघ और तेंदुए के अलावा खिवनी अभ्यारणय में पैंगोलिन (चींटीखोर), एशियन पॉम सीवेट (बिज्जू), भालू, एशियन डेजर्ट फ़ॉक्स (लोमड़ी), दूध राज, नौरंगा आदि दुर्लभ वन्यजीव ट्रैप कैमरे में कैद हुए हैं।

### हिन्दू नववर्ष गुड़ी पड़वा पर भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया, गुड़ी की पूजा-अर्चना कर गुड़-धनिए का प्रसाद वितरण किया

# सोनकच्छ सहित संपूर्ण राष्ट्र की सुख-समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की

विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** हिन्दू नववर्ष गुड़ी पड़वा विक्रम संवत 2082 रविवार को क्षेत्रीय विधायक डॉ राजेश सोनकर के मार्गदर्शन में भगवान सूर्य को प्रात: 6-18 मिनट पर अर्ध्य अर्पित कर , सोनकच्छ विधानसभा सहित सम्पूर्ण राष्ट्र की सुख , समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की गई, वहीं विधायक सोनकर द्वारा गुड़ी की पूजा अर्चना कर गुड़ धनिया का प्रसाद वितरित किया।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव,



बहादुर सिंह पीलवानी, बलबाहदुर सिंह सेंधव सोसायटी अध्यक्ष, महेश पाटीदार, तेज़ सिंह बघेल, जिला उपाध्यक्ष निरंजन सिंह सेंगर, जितेन्द्र सिंह रावत,कमल नागर, राजेंद्र सिंह राजपूत, सचिन सिंह बघेल, सत्यनारायण लाठी, हुकमचंद अग्रवाल, जगजीत सिंह सलूजा, दिनेश कारपेंटर भी उपस्थित थे। उन्होंने भारत माता ओर गुड़ी की की पूजाकर सभी को हिन्दू नव वर्ष की शुभ कामना दी।



इस अवसर पर विधायक सोनकर ने कहा कि यह उत्सव सूर्य देव को समर्पित है और इसमें उगते सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा है. यह एक प्राचीन हिंदू परंपरा है, जिसमें सूर्य देव को जल चढ़ाया जाता है, जिसे अर्घ्य कहा जाता है.यह उत्सव सूर्य देव को धन्यवाद देने और उनसे सुख, समृद्धि और स्वास्थ्य की प्रार्थना करने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर विधायक सोनकर द्वारा मां लक्ष्मी के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की वहीं उपस्थित नगरवासियों के साथ हिंन्दु नववर्ष पर भजनों पर नृत्य किया।

उपस्थित अतिथियों ने तांबे के लोटे में जल भरकर सूर्य देव को अर्घ्य दिया.अर्घ्य देते समय, लोगो ने सूर्य देव के मंत्रों का जाप करते हुए उनकी आरती की।

सूर्य देव को अर्घ्य देने से जीवन में सफलता और समृद्धि आती है.यह उत्सव व्यक्ति को सूर्य देव की कृपा प्राप्त करने में मदद करता है.यह उत्सव व्यक्ति को अपने जीवन में सकारात्मकता और ऊर्जा लाने में मदद करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### माहेश्वरी महिला मंडल के नेतृत्व में गणगौर उत्सव मनाया गया



**बाग, निप्र।** श्री माहेश्वरी महिला मंडल पीथमपुर के नेतृत्व में गणगौर उत्सव मनाया गया। यहां पर गणगौर माता का बाना निकाला गया एवं बिजारो सजाओ व सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता रखी गई। बिजोरा सजाओ में प्रथम श्वेता दरक व द्वितीय वैष्णवी झंवर रही। वही सोलह श्रृंगार में प्रथम मनीषा अगाल व द्वितीय सलोनी झंवर रही। मंडल अध्यक्ष सुनीता झंवर व सचिव रश्मि सिंगी ने बताया कि मंडल की प्रदेश संगठन मंत्री ममता अगाल व मीना भंसाली के नेतृत्व में गणगौर उत्सव के उपलक्ष्य में आयोजन रखा गया था। आयोजन में समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### ब्राह्मण समाज ने महर्षि गौतम की जयंती मनाई



**गंधवानी, निप्र।** नगर के ब्राह्मण समाज ने गुड़ी पड़वा के दिन महर्षि श्री गौतम की जयंती मनाई । सर्वप्रथम समाज जनों के द्वारा महर्षि गौतम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई द्य राठौड़ समाज धर्मशाला में ब्राह्मण समाज के द्वारा सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें समाज की महिलाएं एवं बालिकाओं ने केशरिया परिधान धारण किया जो कि बहुत ही आकर्षक रहा एवं मनोरंजन व बौद्धिक विकास की विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित कि गई द्य गौतम ऋषि का पूजन के पश्चात् श्रीनित्यानंद बापजी व हर शिव ओमकारा की आरती कर भोजन प्रसादी का भोग लगाया द्य महिलाओं का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा पुजन आरती की गई नगर के सभी सामाजिक बंधुओं . उपस्थित रहे। पूजन आरती के पश्चात समाज का सहभोज का आयोजन हुआ। उक्त आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### पशुओं को लू के प्रकोप से बचाव एवं उपाय

**इन्दौर, नप्र।** उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं ने पशुपालको को आवश्यक सलाह दी जा रही है कि गर्मी के दौरान पशुओं को लू लगने के लक्षण एवं लू से बचाव के साथ देखभाल हेतु आवश्यक निर्देशो का पालन करें। इनमें पशुओं में लू लगने के लक्षण जैसे पशुओं के द्वारा आहार खाने में कमी होना, नाक से खून बहना एवं पतले दस्त होना, आँख व नाक लाल होना एवं पशुओं के द्वारा गहरी सांस लेना, पशुओं में बैचेनी दिखाई देना, छाया ढुंढना एवं बार-बार उठना बैठना, दुग्ध उत्पादन में कमी होना, मुंह से अत्यधिक लार बहना इत्यादि देखभाल करना जरूरी है । इसी प्रकार पशुओं को लू से बचाओ/उपाय- जैसे पशुओं को दिन के समय पर्याप्त छाया वाले स्थान पर ही बांधा जाये, धूप से पूरी तरह बचा कर रखें, पशुओं को पर्याप्त मात्रा में हरा चारा खिलायें, भूखा नहीं रखे, पानी की उपलब्धता पर्याप्त रखें, दिन में कम से कम तीन बार पशुओं को पानी पिलायें, पशुओं को बंद कमरे में ना रखे।

### कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई के साथ होगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**इन्दौर, नप्र।** कलेक्टर कार्यालय में आज एक अप्रैल मंगलवार को जन सुनवाई के साथ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी होगा। जनसुनवाई में आने वाले आवेदकों और अन्य नागरिकों का अत्याधुनिक मशीन के माध्यम से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा। उन्हें मौके पर ही स्वास्थ्य परीक्षण के परिणाम से अवगत कराया जायेगा। यह शिविर सुबह साढ़े 10 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर तीन बजे तक चलेगा। यह स्वास्थ्य परीक्षण एक अत्याधुनिक एक टच प्रारंभिक जांच (प्राथमिक जाँच) डिवाइस के माध्यम से होगा। जो नॉन-इनवेसिव तरीके से समग्र कार्डियक और रेस्पिरेटरी स्वास्थ्य का विस्तृत मूल्यांकन करता है। यह डिवाइस, इंदौर में विकसित किया गया है और भारत एवं अमेरिका में पेटेंट प्राप्त है। अत्याधुनिक सेंसर और तकनीक के माध्यम से केवल एक टच में हार्ट रेट, पल्स, बॉडी टेम्परेचर, बीपी, ऑक्सीजन लेवल सहित 700 से अधिक हेल्थ पैरामीटर्स का त्वरित और सटीक विश्लेषण करता है। इस नवाचार को एआईएम नीति आयोग द्वारा चुनी गई शीर्ष 50 हेल्थकेयर इनोवेशन में स्थान दिया गया है, जो इसके विश्वसनीयता और तकनीकी उन्नति को दर्शाता है।

## ग्राम डोल में कुनबी पटेल समाज की ग्राम इकाई का हुआ गठन



विनय उजाला

**धामनोद, निप्र।** कल शाम 31 मार्च ग्राम ढोल में समाज के जिला अध्यक्ष रामलाल जी पटेल रुक्कड़ा की अध्यक्षता में ग्राम इकाई का गठन हुआ एवं समाज के पर्यवेक्षक बंधु भी ढोल समाज के बीच आए और समाज की गतिविधियों पर प्रकाश डाला ग्राम इकाई के गठन में एक ग्राम का वरिष्ठ अध्यक्ष होगा दूसरा ग्राम का युवा अध्यक्ष एवं तीसरी ग्राम इकाई में महिला अध्यक्ष भी होगी और दो महिलाएं जिले का प्रतिनिधित्व करेगी इसी तरह जिले में समाज के दो बंधु जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे वह तहसील में भी दो प्रतिनिधि तहसील का प्रदेश में करेंगे समाज उद्यान के लिए इस पर प्रकाश डाला गया कुनबी पटेल समाज के जिले के अध्यक्ष रामलाल जी पटेल ने बताया कि जब तक समाज का निर्माण नहीं होता तब तक राष्ट्र का निर्माण नहीं होता सभी पदाधिकारी सर्व समिति से चुने गए सबसे पहले भैरव बाबा का पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। ग्राम इकाई वरिष्ठों के अध्यक्ष राजेंद्र पटेल को बनाया गया एवं युवा मंडल अध्यक्ष शुभम पटेल महिला मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी पती शंकर जी को बनाया गया कार्यक्रम का संचालन महेश पटेल सरपंच डोल ने किया एवं आभार लक्ष्मी नारायण जी पटेल ने माना उपरोक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ऋषि पटेल द्वारा दी गयी।

# 1 अप्रैल, 2025 से सूरत स्टेशन पर अधिकांश ट्रेनों के ठहराव बहाल किए जाएंगे

### सूरत स्टेशन के पुनर्विकास के संबंध में प्लेटफॉर्म संख्या 2 और 3 पर चल रहा एयर कॉनकोर्स का कार्य पूरा हुआ

विनय उजाला

**मुंबई।** अस्थायी रूप से वैकल्पिक स्टेशनों पर स्थानांतरित की गई अधिकांश ट्रेनों का 1 अप्रैल, 2025 से सूरत स्टेशन से परिचालन फिर से शुरू होगा।

सूरत स्टेशन का पूर्ण रूप से कायाकल्प हो रहा है और इसे विश्वस्तरीय स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। सूरत स्टेशन पुनर्विकास के तहत प्लेटफॉर्म संख्या 2 और 3 (फेज-II) पर कॉनकोर्स का काम पूरा हो चुका है। इसे देखते हुए, जिन ट्रेनों को अस्थायी रूप से वैकल्पिक स्टेशनों पर स्थानांतरित किया गया था, उनमें से अधिकांश ट्रेनों का 1 अप्रैल, 2025 से सूरत स्टेशन पर परिचालन फिर से शुरू हो जाएगा।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, प्लेटफॉर्म संख्या 2 और 3 पर चल रहे सूरत स्टेशन पुनर्विकास कार्य का दूसरा चरण पूरा हो गया है। इस कार्य के मद्देनजर किए गए ब्लॉक के कारण जिन ट्रेनों को अस्थायी रूप से वैकल्पिक स्टेशनों पर स्थानांतरित किया गया था, उनमें से अधिकांश 1 अप्रैल, 2025 से परिचालन फिर से शुरू करेंगी। हालांकि यह सूचित किया जाता है कि ताप्ती लाइन की सभी ट्रेनों (नंदुरबार/जलगांव से आने और जाने वाली) उधना स्टेशन पर ठहराव जारी रहेगा।

इन ट्रेनों का विवरण पश्चिम रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट wr.indianrailways.gov.in पर भी अपलोड कर दिया गया है।

#### इन ट्रेनों की बहाली के बारे में विस्तृत जानकारी अनुलग्नक के रूप में संलग्न है

अनुलग्नक I: सार्वजनिक समय सारणी के साथ सूरत स्टेशन पर रुकने वाली अप ट्रेनें

अनुलग्नक II: संशोधित सार्वजनिक समय सारणी के साथ सूरत स्टेशन पर रुकने वाली अप ट्रेनें

अनुलग्नक III: सार्वजनिक समय सारणी के साथ सूरत स्टेशन पर रुकने वाली डाउन ट्रेनें

अनुलग्नक IV: सूरत स्टेशन पर रुकने वाली डाउन ट्रेनें

अनुलग्नक V: सूरत स्टेशन से/पर विस्तारित/स्थानांतरित की गई मेमू/पैसेंजर ट्रेनें

अनुलग्नक VI: उधना स्टेशन से/पर शॉर्ट ओरिजिनेट/टर्मिनेट होने वाली ट्रेनें

अनुलग्नक VII: उधना स्टेशन पर रुकने वाली ट्रेनें

अनुलग्नक VIII: ताप्ती वाउंड अप और डाउन ट्रेनें जिनका उधना स्टेशन पर ठहराव जारी रहेगा

अनुलग्नक IX: मुख्य लाइन की ट्रेनें जो अप दिशा में उधना और सूरत स्टेशनों पर रुकेंगी और डाउन दिशा में उधना में नहीं रुकेंगी।

## अब कटरा से श्रीनगर की यात्रा होगी मात्र 3 घंटे में, वंदे भारत से इस रूट पर अब यात्रा होगी आसान



**मुंबई (विनय उजाला)।** USBRL परियोजना के पश्चात अब कई सालों का इंतजार खत्म हो जाएगा। जम्मू से श्रीनगर के बीच वंदे भारत चलने से कई घंटों की समय बचत होगी। कटरा से श्रीनगर कि यात्रा अब केवल 3 घण्टे में होगी। अभी सड़क से यात्रा में 6 से 7 घंटे लगते है। फिलहाल वंदेभारत को कटरा से श्रीनगर के बीच चलाने की योजना बनायी गयी है। अभी वैली में श्रीनगर से लेकर संगलदान तक ट्रेनों का आवागमन होता है। अब , संगलदान से कटरा तक रेललाइन चालू होने के बाद इन ट्रेनों को कटरा तक चलाया जा सकता है। USBRL परियोजना : वर्ष 2009 में काजीगुंड-बारामूला सेक्शन शुरू हो गया था। वर्ष 2013 में 18 किलोमीटर बनिहाल-काजीगुंड सेक्शन, वर्ष 2014 में 25 किलोमीटर ऊधमपुर-कटरा, वर्ष 2023 में बनिहाल से संगलदान और अब संगलदान से कटरा के बीच शुरू होने वाली है। दुनिया का सबसे ऊंचा रेल आर्च ब्रिज- चिनाब ब्रिज इस परियोजना का हिस्सा है। टनल, पुल और वैली से अब रेल सफर और आनंदमय होगा।

### आबकारी विभाग की कार्रवाई

## घर में मिली 10 पेटी शराब, आरोपी अरेस्ट



विनय उजाला

**धार, निप्र।** शहर मे आबकारी विभाग द्वारा रिसाला कालोनी से अवैध मदिरा जप्त कर प्रकरण कायम किया. कलेक्टर प्रियंक मिश्र के आदेशानुसार एवं सहायक आबकारी आयुक्त जिला धार राजनारायण सोनी के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान में बंजारा बस्ती, रिसाला कॉलोनी, धार में मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर मिट्ठूलाल पिता बिहारीलाल दायमा के रहवासी मकान की तलाशी लेने पर उसके रहवासी मकान से 10 पेटी बोल्ट केन बियर की जप्त कर मौके से मिट्ठूलाल को गिरफ्तार कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क),34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया।

जप्त मदिरा की कुल मात्रा 120 लीटर तथा अनुमानित मूल्य रुपये 31200/- है। उपरोक्त कार्यवाही सहायक जिला आबकारी अधिकारी नानूराम अलावा, आनन्द डंडीर, आबकारी उपनिरीक्षक राज कुमार शुक्ला एवं आबकारी वृत्त धार के आरक्षक राजेन्द्र पवार, शकुंतला खराड़ी तथा आशीष माली की टीम द्वारा की गई ।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद का त्यौहार

## नमाज अदा कर अमन-चैन की दुआ मांगी पुलिस ने संभाला सुरक्षा व्यवस्था का मोर्चा



विनय उजाला

**निसरपुर, निप्र।** नगर में ईद उल फितर का त्यौहार मुस्लिम समाजजनों ने गुरुवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। मस्जिद में पहुंचकर नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ मांगी। एक दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी।

बाद में घर जाकर मीठी सेवइयां खाई ,ईद को लेकर समाज में सुबह से ही खुशनुमा माहौल था। सभी मुस्लिम समाजजन एवं युवा त्योहार मनाने में लगे थे। 30 दिन के रमजान के रोजे के बाद ईद मनाई गई।

इधर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे पुलिस बल पूरे कार्यक्रम में साथ चला चौकी प्रभारी रवि वास्के अपने दलबल के साथ हर जगह नजर रखे थे। सदर सिराज मंसूरी, कादू चाचा, जैनुलआब्दीन चाचा, अल्लू अगवान, डॉ सलीम पठान ,हाजी रियाज पठान, जावेद मंसूरी,शरीफ मंसूरी आबिद मंसूरी आदि मुस्लिम समाज जनों ने सभी को ईद की मुबारकबाद दी।

## परीक्षा दी, छात्रा को मार्कशीट में बता दिया अनुपस्थित

### 8वीं बोर्ड परीक्षा की गलती सामने आने पर मचा हड़कंप, डीपीसी ने कहा कार्रवाई होगी

विनय उजाला




**मांडू, निप्र।** मांडू के शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय का एक हैरान करने वाला मामला, सामने आया है, जहां शिक्षा विभाग की लापरवाही, के चलते कक्षा आठवीं की परीक्षा देने वाली छात्रा साक्षी यादव पिता रंजीत यादव ने कक्षा आठवीं के गणित का पर्चा देने के बाद भी उसे अनुपस्थित बता दिया गया, रिजल्ट आने के बाद, छात्र सदमे में है, सहित 18 बालिकाओ को हिंदी विषय अनुपस्थित दिखाकर फेल होने का रिजल्ट आ गया। जबकि छात्राओं का कहना है कि उन्होंने परीक्षाएं सभी विषयों की दी है। रिजल्ट में फेल दिखने से छात्रा ने अपने स्कूल में संपर्क किया तो पूरे शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। संबंधित छात्रा के हर उत्तर पुस्तिका में सिग्नेचर भी हैं, इधर बच्ची अपने परीक्षा परिणाम से, संतुष्ट नहीं होकर वह संबंधित विभाग से गुहार लगा रही है उसके साथ हुए अन्याय की। छात्रा का आरोप है कि उनको एक विषय में अनुपस्थित दिखागया है। जबकि उनके पेपर अच्छे गए थे और बाकी विषयों में भी उन्हें अच्छे अंक मिले है। छात्रा की इस मांग को लेकर स्कूल प्रबंधन भी इस संबंध में अधिकारियों से पत्राचार कर चुका है लेकिन कोई ध्यान नही दिया गया वही अभिभावक शिकायत दर्ज करने की बात कह रहे हैं, शिक्षा विभाग की लापरवाही के मानसिक प्रताड़ना को झेल रही साक्षी नाम की छात्रा, का रो रो कर बुरा हाल है वह सदमे में आ गई है, परिवार के लोग उसका दुख नहीं देख पा रहे हैं, और न्याय की गुहार लगा रहे हैं शिक्षा विभाग से, जिसका परीक्षा में यह रोल नंबर 258250904183 था, छात्र ने पूरे 6 विषय की परीक्षा दी जब उसका परिणाम अभी आया तो उसने ऑनलाइन खुशी खुशी अपना परीक्षा परिणाम निकलाया तो वह हैरान रह गई जब उसने देखा कि उसे गणित विषय में अनुपस्थित बताया, परीक्षा परिणाम देखते ही संबंधित छात्र का रो-रो कर बुरा हाल है उसने अपने विद्यालय जाकर और वरिष्ठ अधिकारियों से भी गुहार लगाई है उसके साथ हुए अन्य को लेकर, छात्र का कहना है कि मैंने कड़ी मेहनत कर परीक्षा दी थी मुझे सब विषय में अच्छे नंबर आए हैं । और गणित विषय की परीक्षा देने के बाद भी मुझे अनुपस्थित क्यों बताया है, प्राप्त जानकारी अनुसार इस बार कक्षा आठवीं की कॉपी सरदारपुर गई थी, वहां बच्चों का मूल्यांकन किया गया है जहां इस बच्ची की कॉपी नहीं मिली, और अनुपस्थित रहते बच्ची का परीक्षा परिणाम में भी उसे अनुपस्थित बताया गया एक विषय में, जब धार जिले के संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी डीपीसी प्रदीप खरे को यह मामला बताया तो उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि पूरे मामले की जांच कराई जाएगी और कार्रवाई की जाएगी।

## मोहम्मदी मस्जिद में ईद की नमाज अदा की



विनय उजाला

**मांडू, निप्र।** आज मुस्लिम समाज द्वारा मोहम्मदी मस्जिद मांडव में ईद की नमाज अदा की गई और देश में खुशहाल, अमन चैन की दुआ मांगी गई। सभी मुस्लिम भाइयों ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की बधाई और शुभकामनाएं दी साथ ही मांडव के हिंदू समाज के लोगों द्वारा भी इस पर्व में शिरकत कर मुस्लिम भाइयों से गले मिलकर ईद की बधाई दी गई और सभी ने बड़ी सादगी और उल्लास के साथ ईद के पर्व को मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के सदर , हबीब खान, अफसर खान ,आमिन खान शेख मोहसिन साकिर खान ,अयान खान, शेख रिहान, शेख अन्नु, फारूक शाह, रिजवान खान,सामी शेख आदि मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे।

### शीर-खुरमे एवं सेवय्या की मिठास में ईद की खुशियां बिखरी

# देश में अमन-चैन की दुआ की, प्रशासनिक अमले का माना आभार

विनय उजाला

**बाग, निप्र।** रमजान पाक के मुबारक महिने के 30 रोजे के बाद रविवार शाम को ईद के चांद का दीदार कर मुस्लिम समाज ने सोमवार को हर्षोल्लास के साथ ईद मनाई । सुबह 8 बजकर 30 मीनट पर नगर के बहार बाघनी नदी के समीप ईदगाह पर बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज ने ईद की नमाज अदा की यह नमाज जामा मस्जिद के आलिम मोलाना हैदर बैग सहाब ने ईद की नमाज अदा कराई एवं मोलाना शाहिद बैग सहाब ने देश में अमन व चैन के लिए दुआएं की । नमाज के पश्चात सभी ने एक दुसरे को गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी और एक दुसरै के





घर जाकर सेवय्या एवं सीर खूरमे की मिठास में ईद की खुशियां बाटी नगर में ईदगाह सहित आयशा मस्जिद गवलीपूरा,मदीना मस्जिद लोहार फलिया,एवं बायपास गोसिया मस्जिद में भी ईद कि नमाज़ अदा की गई। वहीं ईदगाह में बडो के साथ बच्चे भी सज-धज के पहुंचे थे । ओर वहां लगी खाने पिने की दुकानो पर खाने का आनंद उत्साह के साथ लिया । इस दौरान समाज के वरिष्ठों द्वारा माकूल व्यवस्था के चलते ग्राम पंचायत पुलिस प्रशासन एवं राजस्व अमला बाग का आभार माना।

हाजी मोलाना हैदर बेग सहाब ने सभी देश वासियों को ईद की मुबारकबाद देते हुए कहा की हमारे भारत देश जेबा कोई देश नहीं है । जहां कहीं धर्मों के लोग रहते हैं ओर अपने अपने त्योहार सभी मील कर बड़े उत्साह ओर उमंग से मनाते हैं । सभी में बड़ा भाईचारा है ओर हमारी हमेशा यही दुआ रहती हे कि देश में हमेशा अमनों चैन बना रहे और हमारे देश की खूब तरक्की हो

# दो विस क्षेत्रों को जोड़ने वाली सड़क खस्ताहाल

## धरातल पर तो केवल रोज तकलीफ उठाती जनता है और सरकार को कोसती

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** खरगोन मुख्यालय से करीब 10 किलोमीटर दूर यह मात्र 700 मीटर की सड़क है। ओह...! माफ कीजिए इसे सड़क कहने से सड़क की मानहानि होगी। यह 700 मीटर लंबा रास्ता है। यह रास्ता भी क्या किस्मत लेकर पैदा हुआ है कि वर्षों से कई नेताओं और अफसरों के पैरों तले रौंदा जा रहा है लेकिन बनने का नाम नहीं लेता। इस रास्ते की बदनसीबी यह भी है कि यह मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के खरगोन और कसरावद दो प्रमुख विधानसभा क्षेत्रों को जोड़ता तो है लेकिन यह रास्ता वोट नहीं दे सकता। यह नेताओं को उनकी मंजिल तक तो पहुंचा सकता है लेकिन चुनाव में उनके लिए नारे नहीं लगा सकता। रास्ते में बड़े-बड़े गड्ढे, चट्टानें और कीचड़ है। वाहन चलते नहीं बल्कि हिचकोले खाते हुए रेंगते हैं और गिरते-पड़ते पार हो जाते हैं। बैलों की भी जान पर बन आती है। पास में ही सरकारी स्कूल भी है और कई निजी स्कूलों की बसें भी इसी उपेक्षित मार्ग से गुजरती हैं। बच्चों के लिए साइकिल से चलना तो क्या पैदल चलना भी दुष्कर है। इस 700 मीटर के महाडबड़-खाबड़ मार्ग के दोनों तरफ पक्की सड़क है। यह रास्ता है तो मध्यप्रदेश के खरगोन विधानसभा क्षेत्र में लेकिन कुंदा नदी का पुल पार करते ही दूसरी तरफ कसरावद विधानसभा क्षेत्र शुरू हो जाता है। दक्षिण में खेड़ी खुर्द व बीड़ बुजुर्ग गांव की ओर खरगोन और उत्तर में अवरकच्छ गांव की ओर कसरावद विधानसभा क्षेत्र है। कुल मिलाकर यह रास्ता दो विधानसभा क्षेत्रों की सीमा को जोड़ता है। साथ ही यह रास्ता खरगोन संसदीय क्षेत्र में भी आता है। दो विधानसभा क्षेत्रों की सीमा पर होने के कारण ही यह दोनों ओर के नेताओं के लिए सौतेला है। एक नेताजी को नदी पार करके इधर वोट लेने आना नहीं है और दूसरे को उस पार वोट लेने जाना नहीं है। लिहाजा रास्ता दोनों के लिए किसी काम का नहीं है। काम का है तो सिर्फ उस जनता के लिए जो दोनों विधानसभा क्षेत्र की है, जिसके सेवक हमारे नेताजी लोग कहलाते हैं।

खरगोन विधानसभा क्षेत्र के विधायक भाजपा के वरिष्ठ नेता बालकृष्ण पाटीदार हैं तो कसरावद क्षेत्र के विधायक कांग्रेस नेता सचिन यादव हैं। जबकि सांसद हैं भाजपा के आदिवासी नेता गजेंद्र सिंह पटेल। अब जनता आप तीनों माननीयों से पूछती है कि वर्षों से तकलीफ उठा रही क्षेत्र की जनता के धैर्य की परीक्षा आप और कितने सालों तक लेंगे? स्पष्ट करना चाहूंगा कि यहां से जिला मुख्यालय मात्र दस किलोमीटर है, इसलिए खरगोन से आने वाले लोग भी इस रास्ते का भरपूर उपयोग करते हैं और कसरावद क्षेत्र से होते हुए इंदौर और राजधानी भोपाल भी पहुंचते हैं। लोक निर्माण विभाग और पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग की भी यह जिम्मेदारी नहीं बनती कि वे इस छोटे से हिस्से की सुध लें? पर इन अफसरों से तो उम्मीद ही नहीं की जा सकती कि वे इसकी सुध लेंगे, वर्ना क्या कारण है कि खरगोन से लेकर कसरावद, महेश्वर, इंदौर के लिए समानांतर सड़क के रूप में उपयोग होने वाले इस मार्ग के निर्माण लिए अब तक कोई प्लान या डीपीआर नहीं बन पाई है। बनी भी होगी तो सब कागज पर है। धरातल पर तो केवल रोज तकलीफ उठाती जनता है और सरकार जनप्रतिनिधियों को कोसती उनकी गालियां। मुख्यमंत्री जी! आपसे ही क्षेत्र की जनता अनुरोध कर रही है कि अपने सोए अफसरों और जनप्रतिनिधियों को जगाएं। निर्देश दें कि इस उपेक्षित मार्ग का निर्माण जल्द से जल्द किया जाए।





## संक्षिप्त समाचार

### ऐतिहासिक जेल में ईद पर हुई नमाज



**मंडलेश्वर, निप्र।** जितेन्द्र वासुरे। ईद उल फितर की खुशियां जेल में बंद बंदियों को भी मिली। शासन के निर्देश पर नगर की सब जेल में बंद कैदियों के लिए नमाज की व्यवस्था की गई। ईमाम अकबर अली साहब ने जेल में बंद 7 बंदियों को जेल के खुले परिसर में ईद उल फितर की नमाज अदा करवाई। उनके साथ पत्रकार हाजी जोहर अली रमजान खान महर मंसूरी ने भी जेल में नमाज अदा कर अपने कैदी भाइयों को ईद की मुबारक बाद दी यहां बंदियों ने अल्लाह से अपने गुनाह के लिए माफी मांगी और आगे नेक रास्ते पर चलने की प्रार्थना की साथ ही देश के लिए अमन चैन की दुआ भी की। इस अवसर पर सहायक जेल अधीक्षक श्वेता मीणा ने मुस्लिम बंदियों को ईद की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि शासन के निर्देशानुसार ईद की नमाज करवाई गई बंदियों द्वारा रोजे भी रखे गए ईद पर उनके लिए विशेष भोजन दिया गया।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**कसरावद, निप्र।** शनिवार रात करीब 8 से 9 बजे के बीच ढाबा निवासी दिनेश (35 वर्ष) की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। दिनेश अपनी बुआ के घर खामखेड़ा से अपने घर लौट रहा था, तभी रास्ते में उसकी गाड़ी अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में दिनेश की मौके पर ही मौत हो गई। रविवार सुबह राहगीरों ने शव को सड़क किनारे पड़ा देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और कसरावद सामुदायिक अस्पताल भेजा, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बदमाशों ने फिर की बाइक चोरी की कोशिश असफल रहने पर की तोड़फोड़

**कसरावद, निप्र।** नगर के नया बस स्टैंड के पास वार्ड नंबर 4 में आलू-प्याज व्यापारी वाहिद बैग की बाइक चोरी करने का प्रयास किया गया। रात के अंधेरे में अज्ञात बदमाशों ने घर के आंगन में खड़ी बाइक का लॉक खोलने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए। इसके बाद बदमाश करीब 200 मीटर तक बाइक को घसीटकर ले जाकर उसकी वायरिंग काटने और स्टार्ट करने की कोशिश की। चोरी में असफल रहने पर बदमाशों ने बाइक के हेडलाइट और मास्क को तोड़ दिया। सुबह जब वाहिद बैग ने बाइक को घर के बाहर नहीं देखा, तो आसपास तलाश करने पर टूटी-फूटी अवस्था में मिली। वाहिद बैग ने बताया कि यह दूसरी बार हुआ है जब उनकी बाइक चोरी करने की कोशिश की गई। पहले भी उनकी बाइक चोरी हो चुकी है। आमजनों ने कहा कि बाईक चोरी की घटना को लेकर पुलिस को सक्रिय रूप से कार्रवाई करने की मांग की गई

### भारत स्काउट एवं गाइड मध्य प्रदेश राज्य मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में

# राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र पचमढ़ी के थर्मल पार्क में आयोजित किया गया स्टेट एडवेंचर कैंप

विनय उजाला



**बड़वानी, निप्र।** भारत स्काउट एवं गाइड मध्य प्रदेश राज्य मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में स्टेट एडवेंचर कैंप 25 से 29 मार्च को राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र पचमढ़ी के थर्मल पार्क में आयोजित किया गया जिसमें शिवर संचालक श्री राजेश मेवाड़े सहायक संचालक श्री गणेश श्रीवास्तव श्री रमेश बारिया श्री नरेंद्र कुमार शर्मा के द्वारा 12 जिलों से पधारे 115 प्रतिभागियों को एडवेंचर गतिविधियों एवं समस्त आयोजन संपन्न कराए गए आयोजन में राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र पचमढ़ी एवं राष्ट्रीय एडवेंचर सेंटर पचमढ़ी का अभूतपूर्व सहयोग रहा आयोजन के दौरान एडवेंचर स्पेशलिस्ट श्री ध्रुव कुमार बागोरिया का भी विशेष सहयोग रहा प्रतिभागियों को विभिन्न तरह के ऑप्टिकल रॉक क्लाइंबिंग बैलेंसिंग ऑन द रोप राइफल शूटिंग आर्चरी आदि गतिविधियों का आनंद दिलाया गया साथ ही श्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया आयोजन में मुख्य रूप से जबलपुर संभाग से जिला जबलपुर के 26 प्रतिभागी कटनी के 17 प्रतिभागी बड़वानी के 18 प्रतिभागी सीहोर के चार प्रतिभागी रायसेन की 12 प्रतिभागी उज्जैन के 11 प्रतिभागी शाजपुर के 8 प्रतिभागी ग्वालियर के 7 प्रतिभागी शिवपुरी के 5 प्रतिभागी सम्मिलित रहे राज मुख्यालय भारत स्काउट गाइड मध्य प्रदेश एवं शिविर की ओर से सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह के रूप में एडवेंचर कैंप का स्कार्फ प्रदान किया गया शिविर का समापन समारोह श्री स्मृति सौरभ राय राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र प्रमुख के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ प्रतिभागियों द्वारा आयोजन में अब उत्साहपूर्वक सहयोग प्रदान किया गया जिससे आयोजन निर्विघ्न शाकुशल संपन्न हुआ आयोजन में संख्यात्मक रूप से जबलपुर जिले के 26 प्रतिभागियों को विशेष रूप से स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया सफल आयोजन के लिए राज मुख्यालय के समस्त पदाधिकारी का अभूतपूर्व योगदान रहा जिला बड़वानी को स्वच्छता कार्यक्रम के लिए कनक एवं भगवती को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए वही श्रेष्ठ नियमों के पालन करने के लिए यति बघेल को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया जाए।

### आज से निमाड़ में पारंपरिक गणगौर महापर्व की शुरुआत



विनय उजाला

**कसरावद, निप्र।** माता को श्रद्धालु घर लाएंगे। निमाड़ क्षेत्र में आज से गणगौर महापर्व की शुरुआत होगी। ब्रह्म मुहूर्त में ब्राह्मण परिवारों के यहां माता की बाड़ी के पट खुलेंगे। श्रद्धालु दर्शन पूजन के साथ ही उत्साह एवं उमंग पूर्वक ढोल ताशो व बैंड-बाजो के साथ माता जी के रथ घर लाएंगे। नगर में करीब 400 कि संख्या में माता के रथ श्रद्धालु घर लाएंगे। नगर के पाँच स्थानों पर माता की बाड़ी के पट खुलेंगे। ब्राह्मण मोहल्ला, कुशवाह, मोहल्ला वार्ड नंबर 15, आदर्श नगर सहित अरिहंत नगर में माता की बाड़ी (पवित्र) जवारे बाये गए हैं।

बता दे की एक सप्ताह पहले माता की बाड़ी ब्राह्मण परिवारों के यहां बोई गई थी, उसके बाद से ब्राह्मण परिवारों के द्वारा माता की सेवा की जाती रही है। पारंपरिक रूप एवं विशेष रुप से श्रृंगारित गणगौर माता के रथ आकषर्क रूप से विभिन्न परिधानों में सजे रथ घर लाये जाएंगे। तीन दिवसीय धार्मिक पारंपरिक पर्व को लेकर उत्साह बना हुआ है। बाजार में भी पर्व को लेकर अच्छी खासी चहल कदमी बनी हुई है। नगर सहित क्षेत्र में गणगौर महापर्व की शुरुआत आरंभ हो चुकी है।

### निमाड़ लाइब्रेरी को पुस्तकें की भेंट



विनय उजाला

**कसरावद, निप्र।** नगर के पुराने तहसील कार्यालय में संचालित निमाड़ लाइब्रेरी को जिला पंचायत में कार्यरत अधिकारी नीरज अमझरे ने लगभग 200 पुस्तकें भेंट की। इसके पूर्व भी वे लायब्रेरी को पुस्तके भेट कर चुके है। लाइब्रेरी सदस्यों ने उनका आभार माना एवं अन्य नागरिकों से भी पटनीय साहित्य दान करने की अपील की लायब्रेरी सदस्य सुधीर सराफ ने बताया कि निमाड़ लाइब्रेरी एवं पार्क का निर्माण तत्कालीन एसडीएम आईएएस अधिकारी संघ प्रिय ने कराया था। उन्होंने जन सहयोग से लायब्रेरी में फर्नीचर, पुस्तके, बगीचे में बच्चों के झूले एवं अन्य व्यवस्थाएं जुटाई। पुराने तहसील कार्यालय में निर्मित बगीचे एवं लायब्रेरी में प्रतिदिन विधार्थी एवं पुस्तक प्रेमी आते है। लायब्रेरी सदस्य संजय शर्मा ने बताया कि एसडीएम संघ प्रिय के प्रयासों से बनी लायब्रेरी में धार्मिक पुस्तकों के साथ ही विद्यार्थियों के लिए प्रतिभागी परीक्षाओं में उपयोगी पुस्तके भी है। जिनका अध्ययन कई बच्चे अपना कैरियर बनाने में कर रहे है। लायब्रेरी सदस्यों ने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए वर्तमान में निमाड़ लाइब्रेरी द्वारा पक्षियों के दाना पानी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आम जन अपने अपने घरों पर पक्षियों के लिए सकोरे में दाना एवं पानी रखे। उन्होंने कहा कि अगर किसी के पास धार्मिक ऐतिहासिक, देशभक्ति खेल साहित्य, प्रतिभागी परीक्षाओं सम्बन्धी पुस्तके हो तो वे भी लायब्रेरी में भेंट कर सकते है।

### क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय में सेवानिवृत प्रो. अखिलेश कुमार पांडे ने संभाला लोकपाल का पदभार



**खरगोन, निप्र।** क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय में लोकपाल के पद पर विक्रम विश्व-विद्यालय उज्जैन के पूर्व कुलगुरु, निजी विश्वविद्यालय विनियमन आयोग भोपाल के पूर्व अध्यक्ष एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के वनस्पति शास्त्र के सेवानिवृत्त आचार्य प्रो. अखिलेश कुमार पांडे की नियुक्ति की गई है। उन्होंने 26 मार्च को विधिवत रूप से अपना पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मोहन लाल कोरी ने उनका स्वागत किया। प्रो. पांडे ने इस अवसर पर कहा कि वे निष्पक्षता और नीतिगत सिद्धांतों के आधार पर अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि छात्रहित और शैक्षणिक गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। लोकपाल, कथित रुप से किये गए भेदभाव की शिकायतों की सुनवाई करेंगे।

# मुस्लिम समाज ने ईद के पर्व पर विशेष नमाज अदा की

### मुस्लिम समाज ने मांगी देश में अमन-चैन की दुआ



विनय उजाला

**कसरावद, निप्र।** कसरावद मे ईद-उल-फितर का त्योहार सोमवार को शहर में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान शहर व गांवों में स्थित मस्जिद व ईदगाह में ईद की विशेष नमाज पढ़ी गई, और देश व दुनिया में अमन शांति के लिए दुआ मांगी गई। रोजेदारों ने अल्लाह की रजा के लिए महीने भर रोजे रखे और दिनभर भूखे रहकर अल्लाह की इबादत में मशगूल रहे।

रमजान महीने के पूरे रोजे होने के साथ ही सोमवार को शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में ईदगाह एवं मस्जिदों में ईद की नमाज पढ़ी गई। नमाज पढ़ने के बाद देश में अमन चैन और भाईचारे की दुआ मांगी गई। ईद की नमाज मुफ्ती असीम सब जमा मस्जिद द्वारा पढ़ाई गई। नमाज के बाद एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद की नमाज के दौरान पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा।

# दशोरा समाज महिला मंडल पलसूद द्वारा हर्षोल्लास से मनाया गया गणगौर पर्व

### नगर में निकला भव्य फूलपाती बाना



विनय उजाला

**पलसूद, निप्र।** दशोरा समाज महिला मंडल पलसूद द्वारा निमाड़ के प्रसिद्ध पर्व गणगौर के उपलक्ष्य में फूलपाति बाना का भव्य आयोजन किया गया। दशोरा समाज महिला मंडल की "जिला अध्यक्ष श्रीमती चेतना जयेश गुप्ता" ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन विगत 7 वर्षों से निरंतर किया जा रहा है, जिससे समाज की संस्कृति एवं परंपराओं को संरक्षण और बढ़ावा मिल रहा है। इस अवसर पर बालिका केशवी गुप्ता, लक्षिता एवं बालक निखिल को पारंपरिक दूल्हा-दुल्हन का स्वरूप देकर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

फूलपाति बाना नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए श्री राम मंदिर पहुंचा, जहां श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों ने स्वागत स्वरूप ठंडाई, स्वल्पाहार एवं पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत किया। शोभायात्रा के दौरान नगर के प्रमुख मार्गों पर कई स्थानों पर समाजजनों एवं नगरवासियों ने पुष्पवर्षा एवं प्रसाद वितरण कर स्वागत किया।मुख्य चौक पर हेमंत जी गुप्ता, अनिल जी गुप्ता, चेतन जी गुप्ता, जगदीशचंद्र शाह द्वारा ठंडाई एवं प्रसाद वितरण किया गया, राम मंदिर प्रवेश द्वार पर अमित दशोरे, प्रतीक गुप्ता, दीपक गुप्ता ने फूलपाति बाने का भव्य स्वागत किया तथा नगर परिषद पलसूद कार्यालय के समीप नगर परिषद पलसूद की पार्षद ललिता महाकाल एवं समाजजनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में **दशोरा समाज पलसूद की समस्त मातृशक्ति एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### प्रेम प्रसंग में हत्या करने वाले आरोपियों को अर्थदण्ड के साथ आजीवन कारावास

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** प्रेम प्रसंग में 01-01-2024 को प्रमोद पिता रमेश बारेला उम्र 22 वर्ष निवासी डोबला मऊ खिराला जिला खण्डवा की हत्या करने वाले आरोपियों संजय पिता रामलाल सोलंकी जाति बारेला उम्र 23 साल निवासी पीपरीखेड़ा थाना चैनपुर हाल मुकाम खिरकडी थाना निम्बोला जिला जलगॉव महाराष्ट्र और महेश पिता रामसिंह अवासे जाति बारेला उम्र 20 साल निवासी भोपाडा थाना भीकनगॉव हाल मुकाम खिरकडी थाना निम्बोला जिला जलगॉव महाराष्ट्र को चतुर्थ अपर सत्र न्यायालय खरगोन द्वारा 5000-5000/- रुपये के अर्थदण्ड के साथ आजीवन कारावास की सजा दी गई, जबकि बाल अपचारी के विरूद्ध प्रकरण बाल न्यायालय खरगोन में अभी विचाराधीन है। आरोपियों को सजा दिलाने में महेन्द्र भानुप्रिय डीपीओ, श्रीमती सरिता चौहान एडीपीओ खरगोन, तत्कालीन थाना प्रभारी गोगॉवा निरीक्षक करण सिंह परमार, थाना स्तर पर प्रथम पैरवीकर्ता अधिकारी सहायक उपनिरीक्षक चम्पालाल सोलंकी, द्वितीय पैरवीकर्ता अधिकारी सहायक उपनिरीक्षक निसार खान और पुलिस थाना गोगॉवा के स्टाफ का विशेष योगदान रहा है।

**घटना :** 01 जनवरी 2024 को प्रमोद पिता रमेश बारेला (22) निवासी डोबला मऊ खिराला जिला खण्डवा की लाश बिसनपुरा गांव में मिली। प्रमोद की पत्नी रुनाबाई का आरोपी संजय सोलंकी से करीब तीन वर्ष पूर्व से प्रेम प्रसंग था।

31- दिसंबर 23 को प्रमोद अपनी पत्नी के साथ बिसनपुरा गांव में शादी में आया था, वहीं पर आरोपी संजय सोलंकी, उसका साथी महेश अवासे और रुनाबाई के काका का नाबालिग बालक भी थे। नाबालिग बालक प्रमोद को शौच जाने का बहाना बनाकर नत्थु के खेत पर ले गया और पीछे से संजय और महेश दोनों भी पहुंचे और वहां तीनों ही आरोपियों ने प्रमोद गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। जिनके विरुद्ध मर्ग जांच से आरोपीगण के विरुद्ध गोगांवा थाने में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में था।

### शांति सौहार्द से मनाई ईद-उल-फितर

# इमाम ने मुल्क की खुशहाली एवं तरक्की के लिए मांगी दुआ

विनय उजाला





**मंडलेश्वर, निप्र।** जितेन्द्र वासुरे। नगर में ईद का त्योहार परम्परागत उत्साह और सांप्रदायिक सौहार्द के साथ मनाया गया। सुबह नगर और आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों के तमाम मुस्लिम समाज के लोग जामा मस्जिद में इकट्ठा हुए और ईद की नमाज के लिए जुलूस के रूप में बड़वाह रोड स्थित ईदगाह मैदान पर पहुंचे जहां जामा मस्जिद के ईमाम मोहम्मद नईम अख्तर ने ईद की नमाज अदा करवाई। नमाजियों में मुस्लिम जमात के शहर सदर कलीम शेख पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष हाजी अब्दुल खालिक कुरैशी पार्षद इमरान खान पार्षद मुजीब कुरैशी पत्रकार साहिल कुरैशी पत्रकार दानिश जोए अमजद खान रहीश खान नावेद अली सकलेन खान जुनेद अली साजिद कुरैशी सहित बड़ी संख्या में समाजजन शामिल थे सभी नमाजियों ने मुल्क के अमन चैन और तरक्की के लिए दुआ की।

ईदगाह परिसर में नगर परिषद द्वारा नमाजियों के लिए स्वागत का कार्यक्रम रखकर सभी मुस्लिम भाइयों को ईद की मुबारकबाद दी गई नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे रत्नदीप मोयदे पार्षद अनिल वर्मा सफाई के ब्रांड एम्बेसेडर यशवंत सिंह तवर मुकेश श्रीवास कैलाश वर्मा शैलेन्द्र भार्गव अभिजीत वर्मा सहित नगर परिषद स्टाफ ने नमाजियों को पुष्पहार पहनाकर मुंह मीठा करवाकर ईद की शुभकामनाएं दी। रविवार को बोहरा समाज द्वारा भी ईद मनाई गई थी नगर की बोहरा मस्जिद में नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे एवं स्टॉफ द्वारा पार्षद प्रतिनिधि तैय्यब अली बवाहिर और बोहरा समाज के बंधुओं को पुष्पहार पहनाकर ईद की मुबारक बाद दी गई।

# ईद पर ममता के बयान से बवाल बोलीं-राम-बाम गंदा धर्म

**नई दिल्ली (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कोलकाता के रेड रोड पर ईद-उल-फितर की नमाज में भाग लिया और इस दौरान कहा कि पश्चिम बंगाल में विपक्षी दल, राम और बाम (भाजपा और वामपंथी दल) दंगे भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। बनर्जी ने कहा, राम बाम एक साथ आ गए हैं। लाल और भगवा अब एक हो गए हैं और राज्य में दंगा फैलाने की फिराक में हैं। उन्होंने कहा,वे विभाजन करने की कोशिश करेंगे। दंगा कराने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन आपलोग रिएक्शन मत करना। उनकी जाल में मत फंसना

बनर्जी ने भाजपा पर राज्य में 'विभाजन की राजनीति के जरिए सांप्रदायिक दंगे' भड़काने की कोशिश का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा का 'गंदा धर्म' हिंदुत्व के सच्चे सिद्धांतों के खिलाफ है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे ऐसे उकसावे में न आएं जिससे सांप्रदायिक दंगे भड़क सकते हैं। बनर्जी ने इस बात पर जोर दिया कि उनकी सरकार राज्य के लोगों के साथ खड़ी रहेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि राज्य में कोई भी तनाव पैदा न कर सके।



### लाल और भगवा एक हो गए हैं : ममता

तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सभी हिंदू लोग मुसलमानों के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि कुछ राजनेता ऐसे हैं जो धर्म के नाम पर 'सौदागरी' करते हैं। मुख्यमंत्री ने वामपंथियों पर निशाना साधते हुए कहा, ''लाल और भगवा एक हो गए हैं। लेकिन निश्चिंत रहें, मैं आपको कोई नुकसान होने नहीं दूंगी।'' उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में विपक्षी दल 'राम और वाम' (भाजपा और वामपंथी दल) दंगे भड़काने की कोशिश कर रहे हैं।


# बिहार चुनाव से पहले कार्यकर्ताओं को सहेजने में जुटे अमित शाह

**पटना (हि.स.)।** भाजपा की नजर इस समय पूरी तरह बिहार पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों या गृह मंत्री अमित शाह, बजट के जरिए निर्मला सीतारमण हों, भाजपा के सभी बड़े नेता लगातार बिहार को लेकर अपनी प्राथमिकता जाहिर कर रहे हैं। राजधानी दिल्ली में भी इस बार जिस तरह भव्य तरीके से बिहार दिवस मनाया गया, उससे भी लगा कि भाजपा प्रवासी बिहारी मतदाताओं पर भी पूरा फोकस करके चल रही है। इसका उद्देश्य बिहार में पूर्ण बहुमत के दम पर सरकार बनाना है। अमित शाह जिस तरह अपने बिहार प्रवास में राज्य के अलग-अलग क्षेत्र के लोगों को साधने का काम कर रहे हैं, इससे भी पार्टी को लाभ मिलने की संभावना है।







गत 75 दिवस का एक अहसास,
माननीय श्री कृष्ण कुमार अष्ठाना जी को समर्पित!
मेरा जीवन तेरी शरण,
सारे राग विराग हुए अब,
मोह सारे त्याग दिए अब,
मेरा जीवन तेरी शरण !!
मिला था जो साथ, जब हमको तुम्हारा,
उसी दिन से है ,दिल पे कब्जा तुम्हारा।
गलत लोगों का झूठ, हमको बताकर,
लगा ठीक सच ,बात कहना तुम्हारा।
सुनाते कभी वो ,नहीं क्यों किसी को,
दुखों से भरा था , जो किस्सा तुम्हारा।
लगाकर जो, रखते मुखौटा हमेशा,
उसे हम समझते थे,चेहरा तुम्हारा।
सहन दर्द कर के, खिले फूल से तो,
किसी ने नहीं देखा, जख्म तुम्हारा।
मुसीबत में जब, दूर अपने हुए सब।
मिला था हमें तब,सहारा तुम्हारा।
दिया था जो आपने ,भरोसे में रख कर,
उसे हम पूरा करेंगे ,मान विश्वास तुम्हारा।
डॉ. जी.डी.अग्रवाल



स्व. श्री कृष्ण कुमार जी अष्ठाना
जन्म - 15 मई 1940 अवसान - 14 जनवरी 2025







## संक्षिप्त समाचार

## कोनर्स-फेडरर के क्लब में जगह बनाने से चूके जोकोविच



**नई दिल्ली।** चेक रिपब्लिक के उभरते सितारे जाकुब मेन्सिक ने सर्बिया के महान टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को हराकर मियामी ओपन का खिताब जीत लिया है। मियामी के हार्ड रॉक स्टेडियम में खेले पुरुष एकल के फाइनल में मेन्सिक ने 7-6, 7-6 से जीत दर्ज की। वहीं, महिला एकल के फाइनल में बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने जेसिका पेगुला को हरा दिया और अपना 19वां टूर खिताब जीता। 19 साल के मेन्सिक और विश्व रैंकिंग में 54वें स्थान पर काबिज मेन्सिक ने जोकोविच को हराकर उन्हें 100वें पेशेवर खिताब से दूर कर दिया। 24 ग्रैंड स्लैम जीत चुके जोकोविच ने इस मैच में अहम मौकों पर कई गलतियां कीं। वहीं, मेन्सिक ने 14 एस के साथ जोकोविच पर ताबड़तोड़ हमले किए। 37 साल के जोकोविच अगर यह फाइनल जीतते तो वह जिमी कोनर्स और रोजर फेडरर के क्लब में शामिल हो जाते, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। कोनर्स ने अपने करियर में 109 पेशेवर खिताब और फेडरर ने 103 पेशेवर खिताब जीते थे। यह दोनों ओपन एरा में 100 या इससे ज्यादा करियर टाइटल्स जीतने वाले खिलाड़ी हैं।

**महिलाओं में सबालेंका बनीं चैंपियन...** वहीं, महिला एकल में बेलारूस की शीर्ष वरीय सबालेंका ने अमेरिका की चौथी वरीय पेगुला को 7-5, 6-2 से हराकर पहली बार मियामी ओपन का खिताब जीता जो उनके करियर का 19वां टूर खिताब है। सबालेंका ने 24 विनर्स लगाए और 11 लाख डॉलर की इनामी राशि अपने नाम की। तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन सबालेंका ने अमेरिकी ओपन 2024 के फाइनल में भी पेगुला को सीधे सेट में 7-5, 7-5 से हराया था। मार्सेलो अरेवालो और मेट पाविच की शीर्ष वरीय जोड़ी ने जूलियम कैश और लॉयड ग्लासपूल की छठी वरीय जोड़ी को 7-6, 6-3 से हराकर पुरुष युगल खिताब जीता।

## राजगीर करेगा हीरो एशिया कप की मेजबानी

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** बिहार का ऐतिहासिक शहर राजगीर अगले हीरो एशिया कप की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस बारे में सोमवार को हॉकी इंडिया और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह टूर्नामेंट 29 अगस्त से 7 सितंबर तक हाल ही में विकसित राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा। यह आयोजन भारत के खेल बुनियादी ढांचे के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा और बिहार को एक उभरते हुए वैश्विक खेल केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। यह राजगीर में आयोजित होने वाला दूसरा अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन होगा। इससे पहले नवंबर 2024में महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का सफल आयोजन हुआ था, जिसमें भारत ने विजेता बनने का गौरव प्रात किया था।

## अश्विनी कुमार ने डेब्यू मैच में रचा इतिहास

# डेब्यू मैच में 4 विकेट लिए

### मुंबई इंडियंस की कोलकाता नाइट राइडर्स पर बड़ी जीत



मुंबई

**इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के मैच नंबर-12 में मुंबई इंडियंस का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से हुआ। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने 8 विकेट से जीत हासिल की।**

मुंबई इंडियंस को जीत के लिए 117 रनों का टारगेट मिला था, जिसे उसे 12.5 ओवरों में ही हासिल कर दिया। मुंबई इंडियंस की जीत के हीरो तेज गेंदबाज अश्विनी कुमार रहे, जिन्होंने आईपीएल डेब्यू पर चार विकेट लिए। मुंबई के लिए रयान रिकेल्टन ने भी नाबाद अर्धशतकीय पारी (62*) खेली।

### मुंबई इंडियंस की पहली जीत

पांच बार की चैम्पियन मुंबई इंडियंस की मौजूदा सीजन में ये पहली जीत रही. बता दें कि मुंबई इंडियंस को चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटन्स के खिलाफ हार झेलनी पड़ी थी। उधर मौजूदा चैम्पियन केकेआर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हार झेलने के बाद सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ एकतरफा जीत हासिल की थी। अब उसे मौजूदा सीजन में दूसरी हार झेलनी पड़ी है।

टारगेट का पीछा करते हुए रोहित शर्मा और रयान रिकेल्टन ने मुंबई को अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों ने मिलकर पहले विकेट लिए 5.2 ओवरों में 46 रनों की पार्टनरशिप की। रोहित लय में दिख रहे थे, लेकिन वो अपनी स्टार्ट को बड़े स्कोर में तब्दील नहीं कर सके। रोहित को आंद्रे रसेल ने हर्षित राणा के हाथों कैच आउट कराया।

रोहित ने 1 छक्के की मदद से 12 बॉल पर 13 रन बनाए। यहां से रियान रिकेल्टन ने कोलकाता को कोई मौका नहीं दिया और तूफानी फिफ्टी जड़ी। साउथ अफ्रीकी ओपनर रिकेल्टन ने पांच चौके और चार छक्के की मदद से 41 बॉल पर नाबाद 62 रन कूटे। सूर्यकुमार यादव भी 27 रन पर नाबाद लौटे. केकेआर की ओर से दोनों विकेट आंद्रे रसेल ने लिए।

### कप्तान को निराश नहीं किया अश्विनी ने

*मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच आईपीएल 2025 का 12वां मुकाबला वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में एमआई के कप्तान हार्दिक पांड्या ने 23 साल के अश्विनी कुमार को डेब्यू करने का मौका दिया और इस युवा खिलाड़ी ने कप्तान को निराश नहीं किया। केकेआर के खिलाफ अश्विनी ने 3 ओवर में 24 रन खर्च कर 4 विकेट चटकाए, अगर हार्दिक उन्हें एक और ओवर दे देते तो शायद वह पंचा भी खोल देते। हालांकि इन चार विकेट के साथ भी अश्विनी कुमार ने इतिहास रच दिया है। वह आईपीएल में डेब्यू मैच में 4 विकेट हॉल लेने वाले पहले भारतीय बन गए हैं।*

*इससे पहले डेब्यू मैच में कोई भारतीय ऐसा नहीं कर पाया है। वहीं उनका 24/4 का यह फिगर डेब्यू मैच में टूर्नामेंट का चौथा बेस्ट प्रदर्शन है। इस लिस्ट में उनके आगे शोएब अख्तर, एंड्रयू टाई और अल्जारी जोसेफ हैं। वेस्टइंडीज के अल्जारी जोसेफ के नाम आईपीएल डेब्यू में सर्वाधिक 6 विकेट लेने का रिकॉर्ड है।*

## एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में दीपक, उदित ने जीता रजत, दिनेश को कांस्य



अम्मान, (हि.स.)

**भारतीय पहलवान दीपक पुनिया ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में अपना तीसरा रजत पदक और कुल मिलाकर पांचवां पदक जीता, जबकि उदित को भी लगातार दूसरी बार उपविजेता रहकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। प्रतियोगिता के अंतिम दिन भारतीय पहलवानों ने दमदार प्रदर्शन किया, लेकिन स्वर्ण पदक जीतने से चूक गए।**

25 वर्षीय दीपक पुनिया पेरिस ओलंपिक्स के लिए क्वालीफाई नहीं कर सके थे, लेकिन उन्होंने 92 किग्रा वर्ग में दमदार वापसी की। क्वार्टरफाइनल मुकाबले में उन्होंने किर्गिस्तान के बेकजात रखीमोव को कड़ी टक्कर देते हुए 12-7 से हराया। यह मुकाबला हाई-स्कोरिंग रहा,जिसमें दीपक ने शानदार दांव-पेंच दिखाए।

सेमीफाइनल में दीपक ने जापान के ताकाशी इशिगुरो को 8-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। स्वर्ण पदक मुकाबले में उन्हें ईरान के विश्व नंबर-1 अमीरोसैन बी. फिरोजपूरबंदपेई के खिलाफ करारी शिकस्त झेलनी पड़ी। मैच में दीपक शुरू से ही रक्षात्मक मुद्रा में दिखे। उन्होंने शुरुआती दो मिनट में कोई आक्रामक दांव नहीं लगाया और आउट ऑफ बाउंड होने के कारण पहला अंक गंवा दिया। इसके बाद ईरानी पहलवान ने कई टेकडाउन किए और तकनीकी श्रेष्ठता (टेक्निकल सुपीरियोरिटी) के आधार पर मुकाबला जीत लिया। दीपक इससे पहले 2021 (अल्माटी) और 2022 (उलानबातार) में भी रजत पदक जीत चुके थे, जबकि 2019 और 2020 में कांस्य पदक अपने नाम किया था।

उदित ने 61 किग्रा वर्ग में भी शानदार खेल दिखाया। उन्होंने चीन के वनहाओ ज़ू को 2-0 से हराया, जबकि क्वार्टरफाइनल में किर्गिस्तान के बेकबोलोत मिर्ज़ानज़र उलु को 9-6 से मात दी। स्वर्ण पदक मुकाबले में उनका सामना विश्व नंबर-1 तकारा सूदा (जापान) से हुआ। मैच की शुरुआत में सूदा ने तेजी से सिंगल लेग अटैक करते हुए उदित को मैट से बाहर धकेलकर अंक जुटाए। फिर उन्होंने उदित की दाहिनी टांग पर हमला कर दो अंकों का टेकडाउन किया। उदित ने भी लेग अटैक करने की कोशिश की, लेकिन सूदा ने हेडलॉक में फंसाकर उनकी चाल विफल कर दी। दूसरे राउंड में उदित ने आक्रामक रणनीति अपनाई और दो बार सूदा के पैरों को पकड़ने में कामयाब रहे, लेकिन जापानी पहलवान ने जबरदस्त डिफेंस दिखाया और अंक नहीं गंवाए।

## व्यापार

### रेसिप्रोकल टैरिफ की चिंता

# अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना पहली बार 3,100 डॉलर के पार गया

नई दिल्ली (हि.स.)

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ऐलान के मुताबिक रेसिप्रोकल टैरिफ लागू होने के पहले ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना मजबूती के नए शिखर पर पहुंच गया है। आज पहली बार सोने की कीमत 3,100 डॉलर प्रति औंस के स्तर को पार करके 3,107.26 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर पहुंच गई। मार्च के महीने में अभी तक सोने की कीमत में करीब 8 प्रतिशत की तेजी आ चुकी है। इसी तरह 2025 में अभी तक सोना 18 प्रतिशत चढ़ चुका है।**

मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि अमेरिका के रेसिप्रोकल टैरिफ लागू करने का ऐलान करने की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार के हर सेगमेंट में चिंता बढ़ गई है। इसीलिए बड़े निवेशक सेफ इन्वेस्टमेंट के रूप में सोने में निवेश करना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इसी वजह से इस चमकीली धातु की कीमत में लगातार तेजी बनी हुई है।



जानकारों का कहना है कि रेसिप्रोकल टैरिफ की शुरुआत होने के पहले ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच चुका है। ऐसी स्थिति में रेसिप्रोकल टैरिफ लागू होने से दुनिया में ट्रेड वॉर बढ़ने की आशंका बन जाएगी, जिसका प्रत्यक्ष असर सोने की कीमत में तेजी के रूप में देखा जा सकता है। अगर अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत में इसी तरह तेजी जारी रही, तो इसका असर भारत के सर्राफा बाजार पर भी पड़ेगा, क्योंकि भारत अपनी जरूरत का 99 प्रतिशत से भी अधिक सोना अंतरराष्ट्रीय बाजार से खरीदना है।

### ट्रंप प्रशासन पर टिकी नजर

कैपेक्स गोल्ड एंड इन्वेस्टमेंट्स के सीईओ राजीव दत्ता का कहना है कि इस सप्ताह ट्रंप प्रशासन टैरिफ को लेकर क्या रुख अपनाता है, उस पर ग्लोबल मार्केट की नजर टिकी रहने वाली है। अगर रिसिप्रोकल टैरिफ को लेकर कड़ाई की गई, तो सोना 3,200 डॉलर प्रति औंस के स्तर तक भी पहुंच सकता है। यदि 2 अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रिसिप्रोकल टैरिफ को लेकर नरमी दिखाई, तो इंटरनेशनल मार्केट में सोने में हाई लेवल पर प्रॉफिट बुकिंग की स्थिति भी बन सकती है।

## अमेजन-नोकिया के बीच पेटेंट विवाद सुलझा, केस वापस लिए

**नई दिल्ली।** फिनलैंड की टेक कंपनी नोकिया ने अमेजन के साथ वीडियो टेक्नोलॉजी से जुड़ा पेटेंट विवाद सुलझा लिया है। सोमवार को नोकिया ने बताया कि दोनों कंपनियों के बीच एक पेटेंट समझौता हुआ है। इसके तहत अमेजन अब स्ट्रीमिंग सर्विसेज और डिवाइसों में नोकिया के वीडियो पेटेंट्स का इस्तेमाल कर पाएगा। इस समझौते के बाद दोनों कंपनियों ने एक दूसरे के खिलाफ दायर मुकदमे वापस ले लिए हैं। हालांकि कंपनियों ने समझौते की शर्तें गुप्त रखी हैं। विवाद की शुरुआत अक्टूबर 2023 में हुई थी। तब नोकिया ने अमेजन पर यूके, जर्मनी, भारत, अमेरिका और यूरोप के पेटेंट कोर्ट में केस दायर किया था। अमेजन पर प्राइम वीडियो और डिवाइसों में नोकिया के वीडियो कंप्रेशन, कंटेंट डिलीवरी, रिकमेंडेशन और हार्डवेयर से जुड़े पेटेंट्स का बिना अनुमति इस्तेमाल का आरोप था। इससे पहले नोकिया ने टेक कंपनी एचपी (ह्यूलेट-पैकार्ड) पर भी अमेरिकी कोर्ट में केस किया था। ये केस भी वीडियो टेक्नोलॉजी के बिना अनुमति इस्तेमाल से जुड़ा था। हालांकि नोकिया ने अक्टूबर 2024 में एचपी के साथ समझौता कर लिया था। नोकिया के पास वीडियो टेक्नोलॉजी से जुड़े 20,000+ पेटेंट्स हैं, जिन्हें दुनिया भर की कंपनियां लाइसेंस पर इस्तेमाल करती हैं।

## पीएफ निकासी के ऑटो सेटलमेंट की सीमा में होगा बदलाव

नई दिल्ली

**कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अपने 7.5 करोड़ सदस्यों के लिए पीएफ निकासी को और आसान बना दिया है। अब ऑटो-क्लेम सेटलमेंट (एएसएसी) की सीमा 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये करने की तैयारी की जा रही है।**

अब पीएफ के एडवांस क्लेम (एएसएसी) की सीमा 5 लाख रुपये तक होगी, इसके साथ ये क्लेम सेटलमेंट अब 3-4 दिन में होगा, पहले इसमें 10 दिन या उससे अधिक दिन (साप्ताहिक छुट्टी और त्योहारी छुट्टियों के कारण) लगते थे। वहीं अब शादी, शिक्षा और घर खरीदने के लिए भी ऑटो-क्लेम सुविधा मिलेगी। जबकि, पहले केवल बीमारी और अस्पताल के खर्च के लिए ही ऑटो-क्लेम मिलता था।

ईपीएफओ के अनुसार, 95 फीसदी क्लेम अब ऑटो-प्रोसेस होंगे, जिससे करोड़ों कर्मचारियों को तुरंत पैसा मिलेगा। इसके लिए कागजी कार्यवाही कम कर दी गई है, पहले 27 चरण थे, अब सिर्फ 18 और जल्द ही मात्र छह चरण रह जाएंगे। अब पीएफ निकासी में यूपीआई और एटीएम की सुविधा भी जल्द शुरू होगी। ईपीएफओ के मुताबिक, मई-जून तक यह सुविधा लागू हो सकती है।




### कब से मिलेगा यह लाभ?

*कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज (सीबीटी) से मंजूरी मिलते ही यह सुविधा शुरू हो जाएगी। जिसके बाद कर्मचारी आसानी से अपना पीएफ निकाल सकेंगे और समय पर जरूरतों को पूरा कर सकेंगे। पिछले हफ्ते श्रम एवं रोजगार सचिव सुमिता डावरा ने कहा कि मंत्रालय ने एनपीसीआई की सिफारिश को मंजूरी दे दी है और सदस्य इस साल मई या जून के अंत तक यूपीआई और एटीएम के माध्यम से पीएफ निकाल सकते हैं। यह सरकारी कर्मचारियों के सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) या बैंकों के सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) जैसी अन्य योजनाओं के सदस्यों के लिए भी एक अच्छी शुरुआत हो सकती है।*

## कर्ज में डूबी बायजूस को फिर से लॉन्च करेंगे रवींद्रन

नई दिल्ली



कर्ज में डूबी एडटेक कंपनी बायजूस के फाउंडर बायजू रवींद्रन ने कहा है कि वे जल्द ही कंपनी को रिलॉन्च करेंगे। रवींद्रन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में अपनी पुरानी तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, टूटे थे, टूटे नहीं हैं। हम फिर से उठेंगे। मुझे अपने छात्रों की आंखों की चमक याद है। एक समय बायजूस देश का सबसे बड़ा एडटेक स्टार्टअप था। 2022 तक इसकी वैल्यू 22 बिलियन डॉलर यानी, करीब 1.88 लाख करोड़ रुपए थी, लेकिन फाइनेंशियल मिस मैनेजमेंट और अन्य समस्याओं के कारण 2024 में कंपनी की नेटवर्थ जीरो हो गई। एक बार फिर जब हम अपनी कंपनी को रिलॉन्च करेंगे, जो मुझे लगता है कि उम्मीद से पहले ही हो जाएगा - तो विशेष रूप से हम अपने पुराने लोगों को हायर करेंगे। मेरा अति-आशावादी होना कुछ लोगों को पागलपन लग सकता है, लेकिन यह मत भूलिए कि नंबर एक बनने के लिए आपको अलग और अजीब होना पड़ता है।

### तेल व गैस नियामक पीएनजीआरबी ने नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव

# सीएनजी और पाइप्ड गैस की कीमतों में नरमी की उम्मीद

नई दिल्ली

**तेल व गैस नियामक पीएनजीआरबी ने नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए उपभोक्ताओं तक गैस पहुंचाने वाली पाइपलाइनों के लिए शुल्क निर्धारण की नई नीति का प्रस्ताव रखा है। अगर यह प्रस्ताव अमल में आता है तो इससे सीएनजी और पीएनजी की कीमतों में नरमी दिख सकती है। नियामक ने घरों में सीएनजी और पाइप के जरिए रसोई गैस बेचने वाली शहरी गैस इकाइयों से न्यूनतम दर पर शुल्क वसूलने का प्रस्ताव दिया है।**

पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने प्राकृतिक गैस को इसके उत्पादन वाले क्षेत्रों से या आयात बंदरगाहों से ले जाने वाली पाइपलाइनों पर लगाए गए क्षेत्रीय शुल्कों में परिवर्तन के लिए एक सार्वजनिक परामर्श दस्तावेज जारी किया है। यह बदलाव उन संयंत्रों के लिए किया गया है जो इससे बिजली बनाते हैं। इसके अलावे इसका असर उन उर्वरक इकाइयों पर पड़ेगा जो इससे यूरिया बनाती हैं। इसके अलावे इससे वे शहरी गैस इकाइयां भी इससे प्रभावित होंगे जो इसे ऑटोमोबाइल को बेचने के लिए सीएनजी में बदल देती हैं और खाना पकाने के लिए इसे घरेलू रसोई तक पहुंचाती हैं।



नियामक ने कहा कि, निवेश लाने और देश में विशेष रूप से सीएनजी और घरेलू पाइप्ड प्राकृतिक गैस (खाना पकाने के लिए घरेलू रसोई में इस्तेमाल होने वाली) में गैस की खपत बढ़ाने के लिए एक और दूरगामी सुधार में, पीएनजीआरबी घरेलू उपभोक्ताओं और परिवहन में इस्तेमाल होने वाली पाइप्ड प्राकृतिक गैस की कीमत कम करने का प्रस्ताव लेकर आया है। टैरिफ विनियमन के विभिन्न पहलुओं पर हितधारकों से टिप्पणियां प्राप्त करने के लिए एक सार्वजनिक परामर्श दस्तावेज (पीसीडी) वेबहोस्ट किया गया है। इसके तहत एकीकृत टैरिफ जोन को तीन से घटाकर दो करने का प्रस्ताव रखा गया है।

पीएनजीआरबी प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों के लिए ट्रांसमिशन शुल्कों को नियंत्रित करता है। इन्हें नियोजित पूंजी पर 12 प्रतिशत मानक रिटर्न प्रदान करने के लिए तय किया जाता है। ये शुल्क, पारंपरिक रूप से, पाइपलाइन की लंबाई के साथ विभाजित किए जाते थे और गैस स्रोत से दूर जाने पर बढ़ाए जाते थे। इसके परिणामस्वरूप स्रोत से अधिक दूरी पर स्थित उपभोक्ताओं को अधिक शुल्क चुकाना पड़ता था। प्राकृतिक गैस के मूल्य निर्धारण में दूरी से संबंधित अव्यवस्था को हल करने के लिए, प्राकृतिक गैस ग्रिड से जुड़े सभी उपभोक्ताओं के लिए एक एकीकृत टैरिफ नवंबर 2020 में प्रस्तावित किया गया था और 1 अप्रैल, 2023 से लागू किया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### इटारसी के पास अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस के पार्सल और जनरेटर कोच में लगी आग



**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम जिले में इटारसी रेलवे स्टेशन के पास सोमवार शाम को अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस की मालवाहक बोगी और जनरेटर यान में अचानक आग लग गई, जिससे यात्रियों में हड़कम्प मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे का तकनीकी अमला मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाने में जुट गया। यात्रियों की सुरक्षा के हिसाब से इस डिब्बे को ट्रेन से काटकर रेल कर्मचारियों ने अलग कर दिया है। ट्रेन में मौजूद फायर सेफ्टी उपकरणों से आग बुझाने के प्रयास किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, अहमदाबाद से चलकर बरौनी जाने वाली गाड़ी संख्या 19483 अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस सोमवार को शाम करीब चार बजे सिवनी बनापुरा और इटारसी स्टेशन के बीच पहुंची थी, तभी पीछे की ओर अंतिम में लगे जनरेटर कोच और मालवाहक बोगी में अचानक आग लग गई। जब ट्रेन धरमकुंडी रेलवे स्टेशन के खंबा नंबर 724/12 के पास पहुंची तो ट्रेन के गार्ड ने धुआं निकलते देखा और लोको पायलट को जानकारी दी। जानकारी मिलते ही लोको पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए ट्रेन को वहीं रोक दिया और रेलवे को इसकी जानकारी दी। ट्रेन के रुकने और आग की सूचना से यात्रियों में हड़कंप मच गया। ट्रेन के रुकते ही यात्री नीचे उतर गए। ट्रेन के सबसे आखिरी में जनरेटर और पार्सल बोगी में आग लगी। यह बोगी स्टील के बर्तन के कार्टूनों से भरी थी। इस कारण आग के साथ काफी धुआं उठने लगा। जिसके बाद जनरेटर कोच में काम करने वाले कर्मचारी भी तुरंत बाहर निकले। सूचना के बाद दमकल को बुलाया गया। डोलरिया थाना पुलिस और आरपीएफ इटारसी से बल मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गया। यात्रियों की सुरक्षा के हिसाब से इस डिब्बे को ट्रेन से काटकर रेल कर्मचारियों ने अलग कर दिया है। ट्रेन में मौजूद फायर सेफ्टी उपकरणों से आग बुझाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दी गणगौर पर्व की बधाई

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अखंड सौभाग्य, सुख, समृद्धि के पावन पर्व गणगौर की सभी को बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने संदेश में बाबा महादेव एवं मां पार्वती से प्रार्थना की है कि गणगौर सबके जीवन में संपन्नता, शुभत्व और मंगल की उत्तरोत्तर वृद्धि लेकर आए। उन्होंने गणगौर पर कामना की है कि माता-बहनों और सभी की मनोकामनाएं पूर्ण हों।

### प्रदेश में संपदा-1.0 पोर्टल 1 अप्रैल से पूरी तरह होगा बंद, संपदा-2.0 पर ही होगी संपत्तियों की रजिस्ट्री

**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश में ई-पंजीयन प्रणाली में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। एक अप्रैल 2025 से संपदा-1 पोर्टल पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा और केवल संपदा-2 के माध्यम से ही रजिस्ट्री एवं स्टॉम्पिंग की प्रक्रिया होगी। महानिरीक्षक पंजीयन कार्यालय की तरफ से कहा गया कि संपदा-2.0 अधिक सुरक्षित और आधुनिक प्रणाली है। अब तक पायलट प्रोजेक्ट वाले चार जिलों गुना, रतलाम, हरदा और डिंडोरी में ही पूरी तरह से संपदा-2.0 पर काम हो रहा था, बाकी जिलों में संपदा-2.0 के साथ संपदा-1.0 में भी समानांतर रूप से पंजीयन कार्यालयों में पंजीयन का काम किया जा रहा था। 1 अप्रैल से कोई भी रजिस्ट्री संपदा-1.0 के माध्यम से नहीं हो सकेगी। प्रदेश में रजिस्ट्री और स्टॉम्पिंग की प्रक्रिया 1 अप्रैल से पूरी तरह डिजिटल और नई प्रणाली संपदा-2 पर आधारित होगी। स्टाम्प वेंडरों के लिए यह बदलाव शुरुआत में चुनौतीपूर्ण हो सकता है, लेकिन प्रशासन ने इसे लागू करने का निर्णय ले लिया है।

# नर्मदा मैया ने किया है दोनों राज्यों को समृद्ध : मुख्यमंत्री

## सदाकाल गुजरात-भोपाल कार्यक्रम में पधारे गुजरात के मुख्यमंत्री पटेल का किया स्वागत

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार की शाम स्टेट हैंगर भोपाल पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और गुजरात के गृहमंत्री हर्ष संघवी के आगमन पर उनका पुष्प-गुच्छ और अंगवस्त्र से स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुजरात के मुख्यमंत्री पटेल और गृह मंत्री संघवी को राजा भोज की प्रतिमा भेंट की।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नर्मदा मैया ने मध्यप्रदेश और गुजरात को समद्ध बनाने का कार्य किया है। मध्यप्रदेश में अनेक नगरों में बड़ी संख्या में गुजराती बंधु निवास करते हैं। गुजरात के साथ ही मध्यप्रदेश से भी अन्य देशों तक जाकर गुजराती समाज के उद्यमियों और प्रोफेशनल्स ने परिश्रम से स्थान बनाया है। गुजरात के मुख्यमंत्री पटेल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के स्वागत से भाव-विभोर होकर कहा कि उन्हें यहां आकर आत्मीयता का अहसास हुआ है। गुजरात और मध्यप्रदेश के बीच परस्पर सहयोग की सुदृढ़ परम्परा है। सदाकाल गुजरात-भोपाल के माध्यम से इन संबंधों में नया आयाम जुड़ रहा है।

गुजरात के मुख्यमंत्री पटेल सदाकाल गुजरात-भोपाल कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए भोपाल पधारे हैं। गुजरात और मध्यप्रदेश के संबंधों में एक नया आयाम सदाकाल गुजरात कार्यक्रम के माध्यम से जुड़ रहा है। गुजरात से बाहर बसने वाले गुजरातियों के योगदान को सम्मानित करने के लिए सदाकाल गुजरात-भोपाल का कार्यक्रम किया गया। इसमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ ही गुजराती व्यंजनों का उत्सव भी आयोजित किया गया है। इस अवसर पर गुजरात के अनेक मंदिरों के वर्चुअल दर्शन की व्यवस्था भी रविंद्र भवन भोपाल में की गई। गुजरात सरकार ने गुजरात स्टेट नॉन रेजिडेंट गुजराती फाउंडेशन के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित किया है।

### स्टेट हैंगर परिसर में किया पौधरोपण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव और गुजरात के मुख्यमंत्री पटेल ने स्टेट हैंगर परिसर में संयुक्त रूप से आम का पौधा लगाया। इस अवसर पर गुजराती समाज भोपाल के संजय पटेल, हर्षद, प्रिया पाटीदार, चेतन पटेल, रेनका मेहता और अन्य पदाधिकारियों ने गुजरात के मुख्यमंत्री पटेल से सौजन्य भेंट की। गुजरात के मुख्यमंत्री से राहुल कोठारी एवं अन्य जन-प्रतिनिधियों ने भी भेंट कर उनका स्वागत किया।



# गुजराती संस्कृति में समरसता का अद्भुत भाव : राज्यपाल

## राज्यपाल, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र भाई पटेल 'सदाकाल गुजरात' कार्यक्रम में हुए शामिल

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने गुजराती में कहा कि गुजराती संस्कृति में समरसता का अद्भुत भाव है। गुजरातियों में मेलजोल और आपसी भाईचारे का व्यवहार होता है।**




राज्यपाल पटेल रवीन्द्र भवन में अखिल भारतीय गुजराती समाज के कार्यक्रम 'सदाकाल गुजरात' को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र भाई पटेल और गृह राज्य मंत्री श्री हर्ष संघवी भी मौजूद थे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि जहां बसे गुजराती, वहां बसे सदाकाल गुजरात कहावत को गुजरातियों ने हमेशा चरितार्थ किया है। मध्यप्रदेश की संस्कृति में भी गुजराती समाज रच, बस गया है। गुजराती समाज का मध्यप्रदेश के विकास में विशेष योगदान है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत को बनाने में मध्यप्रदेश की जनता के साथ गुजराती समाज लगातार सहयोग और सहभागिता कर रहा है। राज्यपाल श्री पटेल ने केंद्र और राज्य सरकार के सामाजिक सहभागिता पर आधारित कार्यक्रमों को सफल बनाने में अखिल भारतीय गुजराती समाज संस्था के सहयोग और सक्रियता की सराहना की।

### गुजरात देश का ग्रोथ इंजन : मुख्यमंत्री भूपेन्द्र भाई पटेल

गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र भाई पटेल ने गुजराती में कहा कि गुजराती संस्कृति गर्व का प्रतीक है। आजादी के आन्दोलन में देश को गुजरात ने ही महात्मा गांधी और सरदार वल्लभ भाई पटेल के रूप में मजबूत नेतृत्व दिया है। अब प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित और विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने गुजरात राज्य की भौगोलिक चुनौतियों को अवसरों में बदल कर गुजरात को देश का ग्रोथ इंजन बनाने वाले प्रधानमंत्री श्री मोदी की कार्यकुशलता, नेतृत्व, दृढ़ संकल्प और इच्छाशक्ति की सराहना की। मुख्यमंत्री श्री पटेल ने मध्यप्रदेश के गुजराती समाज को प्रदेश के विकास में हमेशा योगदान देने और 卐एक भारत-श्रेष्ठ भारत卐 निर्माण में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आव्हान किया।

# समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूँ का सुरक्षित भण्डारण सुनिश्चित करें : गोविंद सिंह राजपूत

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मौसम विभाग द्वारा प्रदेश में आगामी दिनों असामयिक वर्षा होने का पूर्वानुमान जारी किया गया है।**



अत: रबी विपणन वर्ष 2025-26 में अभी तक उपार्जित गेहूँ का परिवहन एवं भण्डारण सुनिश्चित करें। इस तरह के प्रयास करें कि किसी भी उपार्जन केन्द्र पर असामयिक वर्षा से गेहूँ भीगना नहीं चाहिए। मंत्री श्री राजपूत ने कहा है कि अभी तक 7 लाख 98 हजार 461 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है। इसमें से 6 लाख 96 हजार 625 मीट्रिक टन उपार्जित गेहूँ का परिवहन एवं भण्डारण किया जा चुका है। शेष मात्रा 1 लाख 1 हजार 836 मीट्रिक टन गेहूँ का परिवहन एवं भण्डारण अति शीघ्र करवायें।

कलेक्टर्स को निर्देशित किया गया है कि उपार्जन केन्द्रों पर उपलब्ध गेहूँ का परिवहन कर गोदामों में सुरक्षित भण्डारण के लिये जरूरी हो तो अन्य परिवहनकर्ताओं के ट्रकों को इस कार्य में लगाएं। गोदाम स्तरीय उपार्जन केन्द्रों पर खुले में भण्डारित गेहूँ को समितियों के माध्यम से गोदामों में भण्डारण सुनिश्चित करें। उपार्जन केन्द्रों पर गेहूँ की स्टेक लगाकर पक्के प्लेटफार्म पर भण्डारित करायें और उसे तिरपाल से कवर करवायें। नियुक्त नोडल अधिकारी अपने-अपने केन्द्र पर उपस्थित रहकर सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

# बैतूल में एम.पी. ट्रांस्को के कार्मिकों ने सीखीं जीवन रक्षक तकनीक



**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) स्थानीय जिला चिकित्सालयों और मेडिकल कॉलेजों के सहयोग से मध्यप्रदेश में एम.पी. ट्रांसको के कर्मियों के लिए ''सी.पी.आर. एवं अन्य ऐसे ही जीवन रक्षक तकनीकों'' पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में एक प्रशिक्षण कार्यशाला बैतूल में आयोजित की गई।

प्रशिक्षण कार्यशाला में कंपनी के बैतूल स्थित सबस्टेशन एवं अति उच्चदाब संधारण बैतूल के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियो को मेडिकल आफिसर डॉ. रानू वर्मा द्वारा व्यवहारिक और उपयोगी प्रशिक्षण दिया गया। कंपनी के कार्मिकों एवं समाज के लिए बहुउपयोगी एवं जीवनरक्षक इस कार्यशाला के सफल आयोजन में एम.पी. ट्रांसको के करीब 30 मेंटनेन्स, ऑपरेटिंग एवं सुरक्षा कर्मियों ने हिस्सा लिया। सी.पी.आर. प्रशिक्षण के लिए उपयोग किये जाने वाले मानव पुतले एवं कुछ वीडियों की सहायता से सी.पी.आर. तकनीक का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

# केंद्रीय मंत्री चौहान ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्मार्ट पार्क में पक्षियों के पानी पीने के लिए रखा सकोरा

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। विगत अनेक वर्षों की तरह इस वर्ष भी केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को राजधानी भोपाल के स्मार्ट पार्क में गर्मी के मौसम में पक्षियों के पानी पीने के लिए सकोरा रखा।**



इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि गर्मियां प्रारंभ हो गई है और जलवायु परिवर्तन के कारण लगातार तापमान बढ़ता जा रहा है। भीषण गर्मी में पक्षियों को पीने के पानी का संकट खड़ा हो जाता है। ऐसे में पक्षियों को आसानी से पीने का पानी मिल सकें, क्योंकि जल ही जीवन है। उन्होंने कहा कि जीवतासा संगठन के मित्रों ने पेड़ों पर सकोरे लगाने का अभियान प्रारंभ किया है, जीवतासा फाउंडेशन ये काम बरसों से कर रहा है। इन सकोरों में पानी भरा जाएगा ताकि आने वाली भीषण गर्मी में पक्षी इन सकोरों से पानी पीकर अपना जीवन बचा सकें। मैं सभी भाई-बहनों से अपील करता हूं कि, जीवतासा संगठन को तो धन्यवाद लेकिन ये अकेले एक फाउंडेशन का काम नहीं है, हम सबका काम है। हम पशु-पक्षीयों, कीट-पतंगों से भी प्रेम करें, क्योंकि उनको भी जीने का हक है। इसलिए गर्मी के दिनों में यथासंभव, जहां भी हो सके पक्षीयों के लिए अपने घर में, आंगन में, छत पर एक सकोरा पानी भरकर जरूर रखें, ये धरती उनके लिए भी है। क्या आप आगे आएंगे।

# पशुपालन राज्य मंत्री पटेल द्वारा बुल मदर फार्म का निरीक्षण



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल द्वारा सोमवार को बुल मदर फार्म एवं भ्रूण प्रत्यारोपण प्रयोगशाला, भोपाल का निरीक्षण किया गया।**

उन्होंने विभिन्न नस्लों गिर, थारपारकर एवं राठी नस्ल की गायों को देखा और फार्म पर किये जा रहे विभिन्न कार्यों के बारे में डॉ. राजू रावत, प्रबंध संचालक, मध्य प्रदेश राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम एवं डॉ. अमिताब बैनर्जी, प्रबंधक, बुल मदर फार्म से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान राज्य मंत्री श्री पटेल ने मदर फार्म एवं भ्रूण प्रत्यारोपण प्रयोगशाला के शेड की छतों पर सोलर पैनल लगवाने के निर्देश दिए, जिससे बिजली उत्पादन कर आय बढ़ाई जा सके। साथ ही आईवीएफ के आवर्ती व्यय के लिए राशि उपलब्ध कराने हेतु परियोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। प्रबंध संचालक डॉ. राजू ने बताया कि विभागीय मंत्री द्वारा पूर्व में भ्रमण के दौरान बुल मदर फॉर्म के सुदृढ़ीकरण एवं नए पशु लाने के निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देशों के अनुपालन में प्रोजेक्ट तैयार कर लिया गया है, जिसे भारत सरकार को भेजे जाने हेतु बैठक में रखा जायेगा। इसी प्रकार अधिक दुग्ध उत्पादन हेतु पशुओं को साइलेज खिलाने के निर्देश भी दिए गए थे। इस संबंध में पशुपालन विभाग द्वारा निविदा की कार्यवाही कर साइलेज के दाम प्राप्त किए गए हैं। उन्हीं दामों पर पशुओं के लिए साइलेज क्रय करने की कार्यवाही की जा रही है।

# भोपाल की छोला स्थित उड़िया बस्ती में लगी भीषण आग

## दो घंटे देर से पहुंची दमकल की गाड़ियां, मंत्री सारंग ने नगर निगम कमिश्नर को लगाई फटकार

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। राजधानी भोपाल की छोला स्थित उड़िया बस्ती में सोमवार दोपहर भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।**





घटना की सूचना मिलते ही सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। मौके पर मौजूद रहवासियों ने मंत्री सारंग को बताया कि आग लगने के बाद वे लगातार नगर निगम अधिकारियों और दमकल विभाग से संपर्क करने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन कोई त्वरित सहायता नहीं मिली। रहवासियों के मुताबिक, आग लगने के तुरंत बाद उन्होंने फायर ब्रिगेड को सूचना दी, लेकिन दमकल की गाड़ियां दो घंटे की देरी से मौके पर पहुंचीं। इस दौरान स्थानीय लोगों ने स्वयं आग बुझाने का प्रयास किया।

### मंत्री के फोन के बाद पहुंची दमकल

रहवासियों के अनुसार, घटना की सूचना देने के बावजूद जब दो घंटे तक दमकल नहीं पहुंची, तो उन्होंने मंत्री सारंग को इसकी जानकारी दी। मंत्री सारंग द्वारा फटकार लगाए जाने के बाद ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। घटना में किसी भी प्रकार की जनहानी नहीं हुई।

### नगर निगम कमिश्नर को फटकार

रहवासियों की शिकायत पर मंत्री सारंग ने कड़ी नाराजगी जताई और मौके पर ही नगर निगम कमिश्नर को फोन कर फटकार लगाई। उन्होंने सख्त लहजे में कहा, जिम्मेदार पद पर होकर आप फोन क्यों नहीं उठाते हो..? मंत्री सारंग ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे आपातकालीन हालात में तुरंत कार्रवाई की जाए और फायर ब्रिगेड की सेवाओं को और दुरुस्त किया जाए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता दी जाएगी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा उषा प्रिंटर्स, तिलक मार्ग, अमला लाइन, अलीराजपुर से मुद्रित एवं 13/2, ब्लॉक सी, केशव नगर, अलीराजपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, स्थानीय संपादक - श्रीमती दिव्या गुप्ता*, फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, मो. 9425910888, 8889766697, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। RNI. Reg. MPHIN/2019/78560